CMYK

आपकी मनोवृति ही आपकी महानता को निर्धारित करती है।

# दैनिक जलते दीप

संस्थापकः स्व. श्री माणक मेहता | जोधपुर एवं जयपुर से एक साथ प्रकाशित | वर्ष 51 अंक 91 | जोधपुर, शुक्रवार 3 जनवरी 2020 | मूल्यः ₹ 3.00 | पृष्ठः 12 | ईमेलः jaltedeep@gmail.com

## सरसरी नजर

### सीडीएस बिपिन रावत ने तीनों सेना प्रमुखों के साथ दूसरी बार बैठक की

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने गुरुवार को तीनों सेनाओं (थल सेना, वायुसेना और नौसेना) के प्रमुखों के साथ बैठक की। बिपिन रावत



के सीडीएस बनने के बाद यह दूसरी बार है जब उन्होंने तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक की। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने दी है।वायु रक्षा कमान के गठन के लिए 30 जून तक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश बैठक के दौरान सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने निर्देश जारी किए हैं कि एयर डिफेंस कमांड बनाने का प्रस्ताव 30 जून, 2020 तक तैयार किया जाए। उन्होंने उन्होंने 31 दिसंबर तक तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के क्रियान्वयन के लिए प्राथमिकताएं भी तय कीं। वायु रक्षा कमान के गठन का मकसद देश के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा अभेद्य बनाना है।

### जयपुर-दिल्ली हाईवे पर कोहरे के कारण एक दर्जन वाहन भिड़े

**जलतेदीप नसं, अलवर।** अलवर के धारूहेड़ा में गुरुवार सुबह कोहरे का कहर देखने को मिला। कोहरे के कारण बहरोड़ थाना क्षेत्र स्थित दहमी गांव के समीप दिल्ली-जयपुर हाईवे पर करीब दो दर्जन वाहन आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में कई लोग घायल हो गए। हासे के बाद हाईवे पर जाम लग गया जिससे वाहनों की लंबी लाइन लग गई।
मौके पर पहुंची बहरोड़ और नीमराना पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### 166 पंचायतों की चुनाव तारीख बदली

**जलतेदीप कासं जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी किए पंचायतों के चुनाव कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। 12 जिलों की 19 पंचायत समितियों की 166 ग्राम पंचायतों के चुनाव में यह बदलाव किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से पंचायतों के चुनाव के लिए 26 दिसंबर को चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया था। पंचायत चुनाव 3 चरणों में होने हैं।

### नए साल के पहले दिन भारत में सबसे ज्यादा बच्चों का जन्म

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन भारत में सबसे ज्यादा बच्चों का जन्म हुआ है। इस मामले में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया हैं। एक अनुमान के अनुसार 2027 तक भारत आबादी के मामले में चीन को पीछे कर देगा यूनिसेफ के अनुसार, नववर्ष 2020 के पहले दिन दुनिया में करीब 3,92,078 बच्चों ने जन्म लिया। 2020 में सबसे पहले फिजी में बच्चे का जन्म हुआ, जबकि सबसे आखिरी नंबर अमेरिका का रहा। संयुक्त राष्ट्र नववर्ष के पहले दिन दुनिया में सबसे ज्यादा बच्चे भारत में पैदा हुए। विश्व में करीब 4,00,000 बच्चों ने जन्म लिया और सबसे अधिक 67,385 बच्चे भारत में जन्मे हैं।

## फटकारो...




# राज्य में स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा मिलेगा : गहलोत



### स्टेट गेम्स-2020 का मुख्यमंत्री ने मशाल प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया

जलतेदीप कासं, जयपुर



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरूवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में आयोजित समारोह के दौरान 'स्टेट गेम्स-2020' के शुभारम्भ का ऐलान किया और मशाल प्रज्ज्वलित कर इन खेलों की शुरूआत की। उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद प्रदेश में पहली बार राज्य खेलों का आयोजन किया जा रहा है। छह जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में राज्य के कोने-कोने से आए करीब 8 हजार खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं।

गहलोत ने उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के सभी जिलों से आए खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों का आधारभूत ढांचा तैयार करने और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने में कोई कमी नहीं रखेगी। राज्य में स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्होंने औद्योगिक घरानों का आह्वान किया कि वे आगे बढ़कर किसी एक खेल को गोद लें और प्रदेश में उसके लिए सुविधाएं विकसित करने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने में सहयोग करें। गहलोत ने पहली बार प्रदेश में राज्य खेलों के आयोजन के लिए युवा एवं खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना एवं अन्य आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से प्रदेश में खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी तैयार हो सकेगी और युवाओं को विभिन्न खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। स्टेट गेम्स-2020 एक तरह से प्रदेश में टैलेन्ट सर्च प्लेटफॉर्म की भूमिका अदा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं का आह्वान किया कि वे प्रदेश के गांव-गांव, घर-घर तक 'निरोगी राजस्थान' अभियान को पहुंचाएं ताकि प्रदेशवासी स्वस्थ एवं निरोगी रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने उम्मीद जताई कि स्टेट गेम्स-2020 के माध्यम से प्रदेश में नई प्रतिभाओं को अवसर मिलेंगे और ये खिलाड़ी आगे जाकर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे। खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना ने समारोह की शुरूआत में अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि राज्य सरकार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।राज्य खेलों के शुभारम्भ समारोह के दौरान अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित एवं देश-विदेश में नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इसके अलावा द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित खेल प्रशिक्षकों का भी सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में अर्जुन अवार्डी एथलीट रामसिंह शेखावत, दीनाराम, गोपाल सैनी, कृष्णा पूनिया, जगसीर सिंह, सुन्दर सिंह गुर्जर, तीरंदाज रजत चौहान, निशानेबाज शगुन चौधरी एवं अपूर्वी चंदेला, कबड्डी खिलाड़ी प्रदीप नरवाल, प्रदेश के मशहूर क्रिकेटर सलीम दुर्रानी जैसे नाम शामिल थे। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन समारोह में मौजूद मशहूर टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को शॉल ओढाकर सम्मानित किया।

उद्घाटन कार्यक्रम में 61 कैवलरी के घुड़सवारों ने स्किल राइडिंग का प्रदर्शन किया। राजस्थान पुलिस बैन्ड की धुन के साथ विभिन्न जिलों की टीमों ने मार्च पास्ट किया। जयपुर के गायक रविन्द्र उपाध्याय ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं में जोश का संचार किया। मशहूर नगाड़ावाधक नाथूलाल सोलंकी एवं उनकी टीम ने नगाड़ा वादन कर उद्घोष किया। बाड़मेर के लोक कलाकार उगाराम एवं उनकी टीम ने लाल आंगी गैर नृत्य की प्रस्तुति दी।

## केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज जोधपुर में

जोधपुर (कासं)। केन्द्रीय गृहमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह शुक्रवार को जोधपुर आएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाह सुबह 10.55 पर दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना होकर 12 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वे सडक मार्ग से सीधे बीएसएफ ऑफिसर्स मैस में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। तत्पश्चात शाह दोपहर 1.40 बजे प्रताप नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर केशव नगर में नागरिकता संशोधन कानून के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करने के बाद एयरपोर्ट पर पूर्व में तय मिटिंग में भाग लेने के बाद दोपहर 3.20 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।



**पुलिस ने कारकेड निकाल किया पूर्वाभ्यास-** शाह की यात्रा के मद्धेनजर पुलिस ने आज सुबह कारकेड निकालकर पूर्वाभ्यास किया। एयरफोर्स से लेकर बीएसएफ और फिर बीएसएफ से लेकर कमला नेहरू नगर सभा स्थल तक पुलिस का कारकेड निकाला गया। शाह शुक्रवार को जोधपुर प्रवास के समय कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे कमला नेहरू नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में जनसभा को संबोधित करेंगे। पाक विस्थापितों को नागरिकता संशोधन कानून केंद्र द्वारा लागू किए जाने के बाद वे जोधपुर आ रहे है। राजस्थान में सबसे ज्यादा पाक विस्थापित परिवार जोधपुर में ही रहते है। यहां करीबन पांच हजार पाक विस्थापित परिवार है। ऐसे में शाह की यह यात्रा और जनसभा अतिमहत्वपूर्ण मानी जा रही है। इनकी यात्रा और प्रवास को देखते हुए पुलिस की तरफ से चाकचौबंद व्यवस्था की गई है। शुक्रवार को उनके आने से पहले ही आज सुबह पुलिस की तरफ से पूर्वाभ्यास किया गया।

शाह की जनजागरण सभा
पेज अंतिम पर »

### पीएम मोदी ने दी नए साल में किसानों को बड़ी सौगात

# मोदी ने विपक्ष से कहा, नारे लगाने हैं तो पाक के खिलाफ लगाओ

एजेंसी, बेंगलूरू



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उन्हें नारे लगाने हैं तो पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ लगाएं। तुमकूरु के सिद्धगंगा मठ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जो लोग आज भारत की संसद के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं, मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की हरकतों को बेनकाब करने की जरुरत है। अगर आपको आंदोलन करना ही है तो पाकिस्तान के पिछले 70 साल के कारनामों के खिलाफ आंदोलन करना चाहिए, आवाज उठानी चाहिए। अगर आपको नारे लगाने ही हैं तो पाकिस्तान में जिस तरह अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है, उसके खिलाफ नारे लगाइए। अगर आपको जुलूस निकालना ही है तो पाकिस्तान से आए दलित-पीड़ित-शोषितों के समर्थन में जुलूस निकालिए।

### सीएए पर संसद के खिलाफ खड़ी है कांग्रेस

**मोदी ने सीएए के विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि आज हर देशवासी के मन में सवाल है कि जो लोग पाकिस्तान से अपनी जान बचाने के लिए, अपनी बेटियों की जिंदगी बचाने के लिए यहां आए हैं, उनके खिलाफ तो जुलूस निकाले जा रहे हैं लेकिन जिस पाकिस्तान ने उनपर ये जुल्म किया, उसके खिलाफ इन लोगों के मुंह पर ताले क्यों लगे हुए हैं।**

**मोदी ने कहा कि कुछ सप्ताह पहले ही संसद ने सीएएस बनाने का ऐतिहासिक काम भी किया है। लेकिन कांग्रेस के लोग और उनके साथी दल और उनका बनाया इकोसिस्टम भारत की संसद के खिलाफ ही उठ खड़ा हुआ है। मोदी ने कहा कि जैसी नफरत वो हमसे करते हैं, ऐसा ही स्वर अब देश की संसद के खिलाफ दिख रहा है। मोदी ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की रीति और नीति में बदलाव का संकल्प भी पूरा हो रहा है, जम्मू कश्मीर से 370 को हटाकर वहां से आतंक और अनिश्चितता को दूर करने का, वहां विकास के नए युग का संकल्प भी पूरा हो रहा है।**

## बटन दबाते ही 6 करोड़ किसानों के खाते में आए 12 हजार करोड़

तुमकुर में मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की तीसरी किस्त जारी की। मंच पर से ही उन्होंने टैबलेट पर बटन दबाकर ये राशि जारी की। इस दौरान पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत आठ करोड़वें किसान के खाते में पैसा जमा किया गया। साथ ही आज इस कार्यक्रम में एक साथ देश के छह करोड़ किसान परिवारों के खाते में 12 हजार करोड़ रुपये जमा किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कई राज्यों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-केएसएएन) को राजनीति की वजह से लागू नहीं किया है। ऐसी राजनीतिक मानसिकता ने किसानों को लंबे समय तक चोट पहुंचाई है। पीएम मोदी ने कहा, हर ब्लॉक और जिले से विशिष्ट उत्पादों की पहचान करने और इसके मूल्य को जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों की अलग पहचान उनके निर्यात मूल्य में वृद्धि सुनिश्चित करेगी। मुझे उम्मीद है कि नए साल में, उन सभी राज्यों ने जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लागू नहीं किया है। वे अपने राज्यों में किसानों की मदद करने के लिए राजनीति से ऊपर उठकर इसे लागू करेंगे। इस तरह की राजनीतिक मानसिकता ने किसानों के लाभ को लंबे समय तक चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा, देश में एक समय था जब सरकार द्वारा गरीब लोगों के लिए भेजे गए धन का एक बड़ा हिस्सा बिचौलियों द्वारा खा लिया जाता था। गरीब के लिए एक रुपये भेजा जाता था तो सिर्फ 15 पैसे ही उसतक पहुंचते थे। बाकी के 85 पैसे बिचौलिए मार जाते थे। आज सारा धन सीधे गरीबों और किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की तीसरी किश्त जारी की। उन्होंने किसानों को कृषि सम्मान पुरस्कार भी बांटे। पहली दो किश्त में देशभर के एक करोड़ से अधिक किसानों के लिए करीब दो हजार करोड़ रुपये जारी किए गए थे। इस योजना में हर चार माह में प्रत्येक लाभार्थी को

## मुख्यमंत्री गहलोत दो दिवसीय प्रवास पर आज जोधपुर आएंगे

जोधपुर(कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तीन जनवरी को जोधपुर आएंगे। वो यहां दो दिन तक कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तीन जनवरी को सुबह नौ बजे जयपुर से प्रस्थान कर दस बजे वायुमार्ग से जोधपुर पहुंचेंगे। दोपहर बारह बजे वे कमला नेहरू महिला महाविद्यालय छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। दोपहर एक बजे पावटा बी रोड स्थित मारवाड़ राजपूत सभा भवन में नववर्ष स्नेह मिलन समारोह, दोपहर तीन बजे महावीर कॉप्लेक्स में श्री ओसवाल महिला छात्रावास का शिलान्यास व सरदार स्पोर्ट्स एकेडमी का शुभारंभ, शाम पांच बजे रावण का चबूतरा मैदान में हस्तशिल्प उत्सव का उद्घाटन और साढ़े छह बजे रातानाडा में म्यूजिकल फाउंटेन व अन्य सौंदर्यकरण विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। चार जनवरी को सुबह ग्यारह बजे मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में नेशनल टैक्स कॉन्फ्रेंस 2020, दोपहर साढ़े बारह बजे उम्मेद राजकीय स्टेडियम में विशेष योग्यजन उपकरण वितरण शिविर, दोपहर ढाई बजे चौखा में नेत्रहीन विकास संस्थान के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन समारोह, दोपहर साढ़े तीन बजे चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित नवज्योति मनोविकास केंद्र में विशेष योग्यजन स्कूल के नवनिर्मित द्वितीय फ्लोर का उद्घाटन करेंगे। शाम साढ़े चार बजे वे राजकीय विमान से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## प्रदेश भाजपा की नई टीम का गठन जल्द

जलतेदीप कासं, जोधपुर

भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया जल्द ही अगले तीन साल के लिए अपनी नई टीम का गठन करने जा रहे हैं। पार्टी के संगठनात्मक चुनावों के तहत बूथ समितियों से लेकर प्रदेशाध्यक्ष तक के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नई कार्यकारणी में पार्टी के विभिन्न विभागों, प्रकल्पों और मोर्चों तक में बदलाव की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। नई कार्यकारिणी में ऊर्जावान और अनुशासित कार्यकर्ताओं को तरजीह मिलने वाली है। वर्तमान में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी के समय की टीम ही अधिकतर पदों पर काम कर रही है।

### युवाओं को मिलेगा महत्व

#### संगठन के अंदरुनी हालात से पूरी तरह से वाकिफ हैं पूनिया

**पूनिया ने कहा कि टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. आलाकमान से रायशुमारी कर जल्दी ही टीम की घोषणा की जाएगी. इसके साथ ही पूनिया ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि उनकी टीम के गठन में ऊर्जावान, युवा वर्ग और सोशल इंजीनियरिंग का खास ध्यान रखा जाएगा. युवाओं को उनकी टीम में जगह मिलने की ज्यादा संभावनाएं हैं. पूनिया ने कहा कि सामान्यतया पहले साठ साल से ऊपर के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष और अन्य पदों पर आते थे, लेकिन उनकी कोशिश रहेगी कि युवाओं को तरजीह मिले. पूनिया वर्ष 2004 से 2014 तक लगातार 4 बार बीजेपी संगठन में प्रदेश महामंत्री रहे हैं. लिहाजा वे संगठन के अंदरुनी हालात से पूरी तरह से वाकिफ हैं।**

# राम मंदिर के लिए विशेष डेस्क का गठन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार ने अयोध्या से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के फैसले के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए एक समर्पित डेस्क का गठन कर दिया है। अतिरिक्त सचिव जिनेश कुमार के नेतृत्व वाली टीम शीर्ष अदालत के फैसले से जुड़े सभी मामलों को देखेगी। एक आधिकारिक आदेश में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि अयोध्या मामले और उससे संबंधित कोर्ट के फैसले पर अमल का काम तीन अधिकारी देखेंगे। एक आधिकारिक आदेश में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि तीन अधिकारी अयोध्या और इससे जुड़े अदालती फैसलों के संबंध में मामलों पर गौर करेंगे। अतिरिक्त सचिव ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में ये अधिकारी काम करेंगे। उच्चतम न्यायालय के नौ नवंबर के फैसले के मद्देनजर यह कदम महत्वपूर्ण है। न्यायालय के आदेश के बाद अयोध्या में विवादित जमीन पर राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ था। शीर्ष न्यायालय ने उत्तरप्रदेश सुन्नी वक्फ बोर्ड को पांच एकड़ जमीन प्रदान करने और राम मंदिर निर्माण के लिए एक ट्रस्ट बनाने का भी आदेश दिया था। कुमार के नेतृत्व में अब गृह मंत्रालय का यह नया विभाग अयोध्या संबंधी सभी मामलों को देखेगा । ऐसी खबरें हैं कि उत्तरप्रदेश सरकार ने गृह मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजकर अयोध्या में ऐसे तीन भूखंडों का सुझाव दिया है, जिसमें से एक भूखंड को उत्तरप्रदेश सुन्नी वक्फ बोर्ड को सौंपा जा सकता है ।
एक अधिकारी ने कहा, 'ऐसे सभी मामलों पर अब गृह मंत्रालय की नयी डेस्क पर गौर किया जाएगा।'

श्री ओसवाल सिंह सभा, जोधपुर
शिक्षण समिति (श्री सिंह सभा) श्री ओसवाल जनहितकारी ट्रस्ट
सरदार स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन एवं
श्री ओसवाल महिला छात्रावास
का भूमि पूजन समारोह



उद्घाटनकर्त्ता एवं शिलान्यासकर्त्ता
माननीय श्री अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री राजस्थान
दिनांक 03 जनवरी 2020 सायं 3 बजे
स्थान : महावीर कॉम्पलेक्स, सरदारपुरा, जोधपुर

के.एन.भण्डारी – अध्यक्ष | गौतमचन्द सांड – उपाध्यक्ष | सुरेन्द्रराज गेलड़ा – महासचिव | प्रकाश लुणिया – सचिव-शिक्षण समिति | चम्पालाल धारीवाल – सचिव-जनहितकारी ट्रस्ट

रमेशकुमार धारीवाल-सहसचिव, विरेन्द्र भंसाली-कोषाध्यक्ष, महावीर कास्टिया-सचिव उच्च शिक्षण समिति, प्रदीप गांग-सचिव छात्रावास
महावीर खिंवसरा-सचिव न्याति नोहरा, अशोक बागरेचा-सचिव धर्मपुरा, दिनेश पटवा-सचिव मण्डोर दादावाड़ी, शीतलराज भंसाली-सचिव कैलाश समिति
कार्यकारिणी सदस्य- घेवरचंद कानूंगो, शान्तिमल मेहता, अनिल मेहता एवं श्री ओसवाल सिंह सभा जोधपुर के समस्त सदस्यगण ।

CMYK

## कम नहीं हो रहा कोहरे का असर, सर्दी के तेवर तीखे

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। मारवाड़ में हाड़कंपाने वाली सर्दी के तेवर बरकरार हैं। यहां गुरुवार को दिन में भी सर्दी के कारण गलन और ठिठुरन महसूस हुई। वहीं दूसरी तरफ मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में रात के तापमान में दो तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने पर सर्दी से आंशिक राहत मिलने की उम्मीद जताई है। हालांकि सप्ताह के अंत तक प्रदेश के पूर्वोत्तर इलाकों में बादलों की आवाजाही बढ़ने और कुछ इलाकों में मावठ होने का पूर्वानुमान मौसम केंद्र ने जारी किया है। शहर आज सुबह हाड़कंपाती सर्दी धूजणी छुड़ाती रही। सर्दी के तीखे तेवरों के चलते सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम रही। कोहरे का असर दोपहर बारह बजे तक देखा गया। सुबह सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम होने के कारण सन्नाटा पसरा वहीं दोपहर में हवा में नमी कम होने पर शहरवासियों को सर्दी के तीखे तेवरों से थोड़ी राहत मिली। ग्रामीण क्षेत्रों में आज सुबह घना कोहरा छाने से जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले दो तीन दिन में प्रदेश के पूर्वोत्तर इलाकों में बादल छाए रहने और कुछ भागों में तेज रफ्तार से हवा के साथ मावठ होने की संभावना है।

## गुरु सप्तमी पर किया प्रभु का गुणगान

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। जैन गौरव समिति एवं चिंतामणि पार्श्व मंडल के संयुक्त तत्वावधान में जैनाचार्य राजेंद्रसूरी महाराज के जन्म व पुण्य तिथि गुरु सप्तमी पर राजेंद्र सूरी महिमा गुणगान किया गया।

कार्यक्रम में समिति के प्रदेशाध्यक्ष लालचंद लुक्कड़ ने कहा कि राजेंद्र सूरी धर्म के सच्चे मार्गदर्शक थे। श्रीमहावीर शासन स्थापना महोत्सव समिति के राष्ट्रीय महामंत्री धनराज विनायकिया ने कहा कि राजेंद्रसूरी विश्व की महान अजोड़ विभूति व महान योगी व अभिधान राजेंद्र कोष के रचयिता थे। तपागच्छ संघ सचिव उम्मेदराज रांका, अनिल मेहता, जवरीचंद भंडारी व आलोक पारख ने भी विचार रखे।

## काजी शरिआ सोसायटी के अध्यक्ष

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। कमला नेहरू नगर स्थित मारवाड़ शरिआ कॉ-आपरेटिव क्रेडिट एण्ड सेविंग्स सोसायटी लिमिटेड बोर्ड के चुनाव विधिवत् रूप से सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी मोहम्मद अतीक सिद्दीकी ने बताया कि बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के 10 डायरेक्टर 1 जनवरी को निर्वाचित हुए 2 जनवरी को बोर्ड के संचालकों की आम सहमति से फिरोज अहमद काजी चेयरमेन व अब्दुल्लाह खालिद कुरैशी वाइस चेयरमैन निर्वाचित घोषित किये गये। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के रूप में शौकत अली अंसारी, मोहम्मद अली, मोहम्मद इस्हाक, निसार अहमद खिलजी, हिफजुर्रहमान, मोहम्मद साबिर, ताइरा खानखत्री व हफ्सा ताहिर शरिआ समिति के संचालक निर्वाचित हुए।

## दीवान सजाया, लंगर बरता

ब्यावर, 2 जनवरी (निसं)। गुरुवार को रेलवे स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारे में श्री गुरु नानक सत्संग सभा के तत्वावधान में सिख पंथ के



दसवें और अंतिम धर्मगुरु श्री गुरू गोविंद सिंह महाराज का 353 वां प्रकाश पर्व धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया।गुरुद्वारे में ग्रंथ साहिब का दीवान सजाया गया। निशान साहिब की सेवा की गई। पंजाब के बाबा बकाला से सरदार गुरकीरत सिंह के नेतृत्व में आए रागी जत्थे ने साध संगत को शबद कीर्तन से निहाल किया।सवेरे10बजे अखंड पाठ साहिब की पूर्णाहुति हुई। गुरुद्वारा व गुरु गोविंद सिंह सर्किल पर विशेष सजावट की गई। विशेष अरदास के बाद गुरुद्वारा गार्डन में श्रद्धालुओं को अटूट लंगर वितरित किया गया। इस मौके सभा के प्रधान जसबीर सिंह हुड्डा, उप प्रधान मनोहर सिंह अब्बोवेजा ,सचिव मन मोहन सिंह ग्रंथी बलविंदर सिंह, गोविन्द सिंह मुच्छल, प्रीतम सिंह दुआ,प्रीतम सिंह छाबड़ा, सतनाम सिंह छाबड़ा, हरजीत सिंह अब्बोवेजा, राम भाई पंजाबी, रवि लांबा,सतवीर सिंह %संतू%, पार्षद मंगत सिंह मोनू, जसपाल सिंह हुड्डा, मनजीत सिंह हुड्डा,डॉ. रवीन्द्र सिंह छाबडा, गुरूबच्चन सिंह छाबड़ा, मनविंदर सिंह सेहमी, महेंद्र सिंह हुड्डा,डॉ.नरेंद्र सिंह आनंद व गुरमीत सिंह इत्यादि मौजूद थे।

## उमराह के लिये 50 जायरीन का दल रवाना

उदयपुर, 2 जनवरी (निसं)। मुस्लिम समाज के 50 लोगों का दल मक्का और मदीना की यात्रा पर खांजीपीर चौक से रवाना हुआ। जायरीन को मुस्लिम समाज के लोगों ने फूल-मालाएं पहना रूखसत किया। सैय्यद फैजान अली ने बताया कि गारे हीरा, गारे सोर, फत्तेह मक्का, मस्जिदे बुखारी, मस्जिदे किब्लतेन, जैसी जियारत कर यह दल 15 दिन बाद लौटेगा। इस अवसर पर सैय्यद जीशान अली, राशिद खान , सदर कलीम खान, मौलाना आफ्ताब आलम व मोहम्मद उमर आदि उपस्थित थे।

## रैन बसेरे में रजाइयां और बिस्तर भेंट

बीकानेर, 2 जनवरी (निसं)। आज नगर निगम बीकानेर मारवाड़ जन सेवा समिति की ओर से चल रहे रैन बसेरे में पुरूषोतम बिस्सा चेरिटेबल टस्ट द्वारा बलदेव चावला, सुनिल सोनी, बछु भाई एवं बजरंग सोनी द्वारा पी.बी.एम. अस्पताल के आगे जनाना के सामने वाले रैन बसेरे में 30 रजाई 30 बिस्तर भेंट किए गए।

इस अवसर पर समाज सेवी गुमान सिंह राजपुरोहित व डां. बी.एल. खजोटिया, डॉ. एल के कपील, डॉ. अजय पाल समिति अध्यक्ष रमेश व्यास, हरिकिशन राजपूरोहित व भीयाराम साहू आदि उपस्थित थे।

## किसानों को 8 प्रतिशत नमी की छूट के चलते हो रही भारी परेशानी

बाप, 2 जनवरी (निसं)। क्षेत्र के किसानो द्वारा ईन दिनों मुंगफ़ली व मुंग फसल का बेचान जारी है। दूर दराज से अपनी फसलो के साथ आये किसानों को नमीं की मार झेलनी पड़ रही है। समिति कर्मचारियों द्वारा फसलो में 8 प्रतिशत से अधिक नमी मिलने पर फसल टोकन लेने में आनाकानी की जाती है। उनका कहना है कि सरकार के आदेशानुसार फसलो में 8 प्रतिशत नमी की छूट है ।लेकिन मौसम के ठंडक के कारण इन दिनों फसलो में 12 से 13 प्रतिशत नमी है। इस छूट के चलते किसानों को समस्या से जुंझना पड़ रहा है। घंटियाली, चिमाणा, ख़िदरत, सहित दूर दराज से लोगो का यहा आना होता है। जिन्हें फसल नही तुलने से मजबूरन सर्दी का शिकार होना पड़ता है। टोकन स्थल पर किसानों के लिए किसी प्रकार की सुविधा नही होने पर किसानों को रात्रि में अपनी फसलो के पास ही सोना पड़ता है। भोजन व बिस्तर भी इधर उधर से अपने स्तर पर करते है।

## भाजपा मंडल की बैठक आयोजित

बाप, 2 जनवरी (निसं)। कस्बे के आदर्श बिद्या मंदिर स्कूल में भाजपा मंडल की बैठक की गई। बैठक में सीएए को लेकर कहा गया कि कांग्रेस लोगो को भ्रमित कर रही है। थानवी ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता घर घर तक जाऐ व लोगो को सिएए के बारे मे विस्तार से बताऐ वही जोधपुर में अमितशाह रेली मे ज्यादा लोग पहुचने की अपील की। आगामी पंचायतीराज चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर हरि माडपुरा, बाप पूर्व भजपा मंडल अध्यक्ष किशनलाल पालीवाल, रेवन्तीप्रसाद पालीवाल, महेश पालीवाल, मदनसिह भाटी, मदनगोपाल शर्मा, पुरूषोतम राजपुरोहित, विजय कुमावत, मदन मेघाणी, श्याम काछबाणी, रवि पालीवाल,ओम राठी, अमृतलाल पालीवाल, भागीरथ पन्नानगर, मोहन भैया, आईदान मेघवाल, मुरली तवंर समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# व्याख्याता भर्ती परीक्षा आज से

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। व्याख्याता भर्ती परीक्षा को चल रहे आंदोलन के बीच आरपीएससी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह परीक्षा करीब एक साल बाद हो रही है। परीक्षा 3 से 13 जनवरी तक होगी। करीब 6 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है। पहली बार इस परीक्षा के केन्द्र दूसरे संभाग में आए हैं। करीब 300 से 400 किलोमीटर दूर परीक्षा केन्द्र आने से परीक्षार्थी परेशान हैं। कई विद्यार्थी तो ऐसे हैं, जिनकी परीक्षा में एक से दो दिन का गैप है।

आयोग ने सभी संभागों के कलक्ट्रेट कार्यालयों में कंट्रोल रूम शुरू कर दिए हैं। ग्रुप ए की परीक्षा में करीब 2 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए सात संभाग जिला मुख्यालयों पर 580 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सर्वाधिक परीक्षा केन्द्र 222 जयपुर में बनाए गए हैं। अजमेर में 53, भरतपुर में 52, बीकानेर में 64, जोधपुर में 64, कोटा में 59 और उदयपुर में 66 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। ग्रुप बी की परीक्षा में 1 लाख 90 हजार 400 अभ्यर्थी और ग्रुप सी की परीक्षा में 2 लाख 12 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

परीक्षा तीन ग्रुप में होगी। ग्रुप ए की परीक्षा 3 और 4 जनवरी को होगी। तीन जनवरी को सुबह 9 से 10.30 बजे तक सामान्य ज्ञान का पेपर होगा और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक हिंदी का पेपर होगा। चार जनवरी को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक संस्कृत विषय का और दूसरी पारी में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक राजस्थानी का पेपर होगा।

ग्रुप बी की परीक्षा 6 से 8 जनवरी तक होगी। पहले दिन 6 जनवरी को सुबह 9 से 10.30 बजे तक सामान्य ज्ञान का पेपर होगा। इसी दिन दोपहर दूसरी पारी में राजनीति विज्ञान का पेपर होगा। सात जनवरी को पहली पारी में भूगोल और म्यूजिक का पेपर होगा, दूसरी पारी में बायोलॉजी का पेपर होगा। आठ जनवरी को पहली पारी में अर्थशास्त्र का तथा दूसरी पारी में लोक प्रशासन और फिजिक्स का पेपर होगा।

ग्रुप सी की परीक्षा 9 से 13 जनवरी तक होगी। नौ जनवरी को पहली पारी में जीके का पेपर और दूसरी पारी में इतिहास का पेपर होगा। 10 जनवरी को पहली पारी में अंग्रेजी का पेपर होगा, दूसरी पारी में कॉमर्स और एग्रीकल्चर के पेपर होंगे। 11 जनवरी को सुबह केमिस्ट्री का पेपर होगा और दूसरी पारी में सोशियोलॉजी का पेपर होगा। 12 जनवरी को पहली पारी में गणित और दूसरी में होम साइंस का पेपर होगा। 13 जनवरी को पहली पारी में पंजाबी और दूसरी पारी में ड्राइंग का पेपर होगा।

# राजस्थानी भाषा मान्यता संकल्प यात्रा रामेश्वरम पहुंची

बीकानेर, 2 जनवरी (निसं)। रामेश्वरम् मुक्ति संस्था बीकानेर के तत्वावधान में संचालित राजस्थानी भाषा मान्यता संकल्प यात्रा गुरुवार को तमिलनाडु के रामनगर जिले की तालुका रामेश्वरम् स्थित भारत सेवा आश्रम संघ पहुँची, संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि वैशय समाज इंदौर ईकाई के तहसील अध्यक्ष विजय कुमार मोदी थे राजस्थानी भाषा मान्यता संकल्प यात्रा की अध्यक्षता भगवती ओम पुरोहित कागद ने की तथा विशिष्ट अतिथि कोलकाता निवासी शिवकुमार पुरोहित थे।

प्रारम्भ में स्वागत भाषण करते हुए राजस्थानी भाषा मान्यता संकल्प यात्रा के संयोजक कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि वर्तमान समय में देश की एकता-अखंडता के लिए भारतीय भाषाओं को सम्मान मिलना ही चाहिए, जोशी ने कहा कि पूरे विश्व में दस करोड़ से अधिक राजस्थानी भाषा बोलने और लिखने वाले लोग हैं उन्होंने कहा कि व्यवसायिक प्रगति और समृद्ध संस्कृति में राजस्थानी भाषा और संस्कृति का उल्लेखनीय योगदान होने के बावजूद संविधान की आठवीं अनुसूची में राजस्थानी भाषा शामिल नहीं है । जोशी ने तमिलनाडु सहित देश के अलग-अलग प्रदेशों के सैकड़ों लोगों को प्रेरित करते हुए राजस्थानी भाषा मान्यता के लिए सहयोग का आह्वान किया ।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता आर भास्करन ने कहा कि भारत जैसे विविधता वाले देश की विभिन्न भाषाओं और खासकर राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं करना आश्चर्यचकित करता है ।

तमिलनाडु युवा शिक्षाविद् राधाकृष्णन, मुक्ति संस्था के अध्यक्ष हीरालाल हर्ष, मुख्य अतिथि विजय मोदी, भगवती ओम पुरोहित कागद, राजस्थानी भाषा मान्यता संकल्प यात्रा को शिक्षाविद डॉ चेतना आचार्य और समाजशास्त्री आशा जोशी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अमरनाथ व्यास, विजय लक्ष्मी, विजय जोशी, एन डी रंगा , मोहन लाल आचार्य सहित अनेक लोगों ने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर तमिलनाडु निवासियों के अतिरिक्त चैन्नई, केरल , पश्चिम बंगाल, झारखंड एवं मालवा के सैकड़ों लोगों ने राजस्थानी भाषा की मान्यता का संकल्प लिया।

## स्नेह मिलन संपन्न

बीकानेर, 2 जनवरी (निसं)। ग्रामीण डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा स्नेहमिलन समारोह जस्सुसर गेट के बाहर रखा गया। जिसमें संस्थान में नये लोगों को जोड़ने और राज्य सरकार द्वारा फ्लेगशिप योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने के लिए योजना बद्ध तरीके पर कार्य करने की रूप रेखा बनाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्याम कुमार तंवर, देहात कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष श्रवण रामावत, संस्थान सचिव मनोज गहलोत और सरजीत सिंह ने अपने विचार रखे। इस मौके विजय कुमार व्यास, जाकिर पठान, सुरेन्द्र कुमार जनागल,शेख नजाकत अली, हंसराज बिश्नोई, राजेंद्र कुमार भोजक, गोपाल सेवक दुलाराम, जयशंकर मिश्रा, एजाज पठान, संजय ,कृष्ण, भारद्वाज, ब्रह्मदेव व्यास और अन्य सदस्य उपस्थित थे। संचालन नारायण दास बियानी ने किया।

# रंगीला स्मृति शतरंज के विजेता पुरस्कृत, जोशी को दियाा 'रंगीला रत्न अवार्ड'

बीकानेर, 2 जनवरी (निसं)। रंगीला स्मृति शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को गुरुवार को पुरस्कृत किया गया। वहीं राजस्थान उच्च न्यायिक सेवा में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के पद पर चयनित योगेश जोशी को 'रंगीला रत्न अवार्ड' दिया गया। रंगीला फाउण्डेशन द्वारा नालंदा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मीनारायण रंगा थे। उन्होंने कहा कि शतरंज हमें जीवन में आने वाली चुनौतियां का सामना करने का हौसला देती है। यह सिर्फ खेल नहीं बल्कि समूचा जीवन विज्ञान है। बच्चों को इसका नियमित अभ्यास करना चाहिए। उन्होंने बच्चों के चरित्र पर मोबाइल से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह ने कहा कि शतरंज हमारे देश की बौद्धिक सम्पदा है। बच्चों का इस ओर आकर्षण सकारात्मक है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के उपनिदेशक शिवप्रसाद ने एकाग्रता के लिए योग-प्राणायाम के नियमित अभ्यास की बात कही। उन्होंने कहा कि युवा शातिरों को अवसर प्रदान करना रंगीला को सच्ची श्रद्धांजलि हैं। इससे पहले अतिथियों ने झंवर लाल व्यास 'रंगीला' के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। प्रतियोगिता संयोजक जुगल किशोर व्यास ने संस्था का परिचय और प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अध्यक्ष बसंत आचार्य ने आभार जताया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एस. एल. हर्ष और फाउण्डेशन संरक्षक दुर्गाशंकर आचार्य बतौर अतिथि मौजूद रहे। संचालन हरि शंकर आचार्य ने किया।

**जोशी को दिया 'रंगीला रत्न अवार्ड' :** राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा हाल ही में आयोजित राजस्थान उच्च न्यायिक सेवा परीक्षा में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के पद पर चयनित योगेश जोशी को 'रंगीला रत्न अवार्ड' प्रदान किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन मधुसूदन व्यास ने किया। जोशी को अभिनंदन पत्र, स्मृति चिह्न, शॉल, साफा और श्रीफल भेंट किया गया। खेल लेखक मनीष जोशी और रोहित व्यास ने रंगीला के कृतित्व पर विचार व्यक्त किए।

## बीकानेर में रेल्वे के इन्लेंड कंटेनर डिपो बनाने की कवायद शुरू

बीकानेर, 2 जनवरी (निसं)। जिला उद्योग संघ द्वारा जिला कलक्टर बीकानेर कुमार पाल गौतम के निर्देशानुसार बीकानेर में रेल्वे के इन्लेंड कंटेनर डिपो (ड्राईपोर्ट) बनाने हेतु जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक मंजू नैन गोदारा के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव से परिचर्चा का आयोजन किया गया। मंजू ने बताया कि बीकानेर में रेल्वे के इन्लेंड कंटेनर डिपो खुल जाने से व्यापारी वर्ग के साथ साथ किसानों की आय भी दोगुनी होगी और किसान सीधे अपने माल का निर्यात बाहरी क्षेत्रों में कर पाएंगे और उनकी पैदावार का सही दाम मिल पायेगा। बीकानेर जिले में रेल्वे द्वारा इन्लेंड कंटेनर डिपो स्थापित हो जाने से बीकानेर जिला देश के मानचित्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखेगा और बेरोजगारों को रोजगार मुहेया हो सकेगा, निर्यात सुलभ होगा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पादों को मार्केट मिलेगा। बीकानेर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष एवं डीआरयुसीसी सदस्य द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि बीकानेर जिला एशिया की वूलन मंडी के नाम से विख्यात है एवं पापड़, भुजिया, रसगुल्ला के उत्पादन के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीकानेर की एक अनोखी पहचान है। वर्तमान में बीकानेर में कम से कम 9000 से 10000 कंटेनर का आयात निर्यात होता है जिसमे उन, गम पाऊडर/ गम, तिल, मूंगफली, क्ले, कारपेट, भुजिया पापड़ आदि का प्रमुखता से आयात निर्यात होता है। बीकानेर सम्भाग में रा-वूल, दालें, केमिकल्स का आयात किया जाता है और इस सम्भाग से वूलन कारपेट, ग्वार गम, केमिकल्स, जीरा, मैथी, फल व खाद्य उत्पाद, वूडन कलात्मक फर्नीचर उत्पादों का निर्यात किया जाता है। ड्राईपोर्ट बन जाने से आयात होने वाला माल भी ओधोगिक इकाइयों के दरवाजे पर आसानी से पोहोंच जाएगा तथा पूरे सम्भाग श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सरदारशहर, चूरू इत्यादि के भी आयातक / निर्यातक इसका लाभ उठा सकेंगे और किशनगढ़, गुडगाँव, तुगलकाबाद की तरह यहाँ भी ड्राईपोर्ट सफलतापूर्वक चलता रहेगा। परिचर्चा में वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक जितेन्द्र मीणा, जेडआरयुसीसी सदस्य नरेश मित्तल, डीआरयुसीसी सदस्य अनंतवीर जैन आदि शामिल थे।

## क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न

बाप, 2 जनवरी (निसं)। दूसरा दशक के तत्वावधान में एपीपीआई के सहयोग से पांच दिवसीय किशोर क्षमतावर्धन प्रशिक्षण हुआ। इसमें देदासरी,मालियों का बास, रावरा, अखाधना, बडी सिड, मालमसिंह की सिड, मेघवालों की ढाणी जाम्बा, फलोदी के 28 किशोरों ने भाग लिया ।वही प्रशिक्षण में युवा मंच मेरी पहचान,नई पहचान, वित्तिय साक्षरता, स्वास्थ्य और स्वास्थ्य अधिकारों को लेकर समझ बनाई गई।

प्रशिक्षक इक़बाल मेहर ने किशोरवस्था मे होने वाले मानसिक और शारीरिक बदलाव को लेकर किशोर के साथ समझ बनाई गई और साथ ही बॉडी मेपिंग कर शारीरिक बदलाव को समझाया गया।

प्रशिक्षक भंवरलाल ने किशोरो को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया और गांव स्तर पर प्रोजेक्ट कार्य दिया गया। इस दौरान मनीष, प्रेम, अशोक, आदि ने सहयोग किया।

# एनएसएस शिविर संपन्न

बाप, 2 जनवरी (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हो गया। शिविर प्रभारी कन्हैयालाल पालीवाल व व्याख्याता अशोक कुमावत ने बताया कि सात दिनों तक लगातार कस्बे के सार्वजनिक स्थलों पर बालक बालिकाओ द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। शिविर के अंतिम दिन विद्यालय के सभा हॉल में शिविर का समापन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में छात्र रमेश द्वारा एक संगीत पर नृत्य पेश किया गया। पूर्व सरपंच व भाजपा के वरिष्ठ नेता किशनलाल पालीवाल ने स्वच्छ भारत अभियान में जुड़ कर गली, मौहल्ले के साथ कस्बे को पॉलीथिन मुक्त करने को कहा।

इस दौरान मनसुख पालीवाल, राधेश्याम खत्री, ताराचंद पालीवाल, एबीईईओ बुधाराम विश्नोई सहित कई छात्र छात्राएं मोजूद रही।

## राष्ट्रीय सुरक्षा-आंतरिक चुनौतियां विषयक परिसंवाद कल

उदयपुर, 2 जनवरी (निसं)। भारत विकास परिषद प्रताप द्वारा शनिवार सांय 6 बजे नगर निगम स्थित सुखाड़िया रंगमंच पर राष्ट्रीय सुरक्षा-आंतरिक चुनौतिया विषयक परिसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ होंगे मुख्य वक्ता**

प्रताप के अध्यक्ष लोकेश कोठारी ने बताया कि मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ, मुख्य अतिथि राजसमंद विधायक श्रीमती किरण माहेश्वरी,विशिष्ठ अतिथि सांसद अर्जुनलाल मीणा, चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी.जोशी,एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस कम्पनी के चेयरमेन विनोद जैन तथा रॉलजैक एशिया लि. के निदेशक सिद्धार्थ जैन होंगे। सचिव मनोज जैन ने बताया कि मुख्य वक्ता एवं अन्य अतिथि वर्तामन परिप्रेक्ष्य में देश के हालात पर राष्ट्रीय सुरक्षा एवं आंतरिक चुनौतियों पर अपनी बात रखेंगे।

## 2020 में महिला अत्याचारों पर रोकथाम पुलिस की पहली प्राथमिकता : महावर

भीलवाड़ा, 2 जनवरी (निसं)। भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक डॉ. हरेन्द्र कुमार महावर ने वर्ष 2019 की अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए, 2020 में अपनी प्राथमिकताओं से मीड़िया को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस साल सभी चुनौतियों का सामना कर पुलिस जनता को सुरक्षित माहौल देंगी और साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाएं रखने का काम करेंगी। एसपी महावर आज कार्यालय सभागार में पत्रकारवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीते साल में जो कमियां रही उन्हें दुरुस्त किया जायेगा। साथ ही पुलिसकर्मियों की तकनिकी कार्यक्षमता, जिसमें खासतौर से साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर काम किया जायेगा। महावर ने कहा कि वर्ष 2019 में भीलवाड़ा पुलिस ने कई उपलब्धियां हांसिल की है। ब्लाइंड मर्डर और लूट की बड़ी वारदातों को ट्रेस करने में सफलता हांसिल की। साथ ही कानून व्यवस्था बनी रही और जिले में सांप्रदायिक सौहार्द कायम रहा इसे लेकर प्रयास किये जायेंगे। गत वर्ष जिले में कोई ऐसी घटना नहीं हुई, जिससे कि सांप्रदायिक सौहार्द की स्थिति बिगडने का खतरा उत्पन्न हुआ हो। महावर ने कहा कि राज्य सरकार और पीएचक्यू की ओर से निर्धारित प्राथमिकता के अनुसार, इस साल संगठित अपराध, महिला और बाल अपराधों की रोकथाम व प्रभावी कार्रवाई के साथ ही रोड़ एक्सीडेंट में खास तौर से मृतकों की संख्या में कमी लाने के प्रयास किये जायेंगे।



बच्चों के साथ केक काटते संस्थान के पदाधिकारी। जलतेदीप

# पाक विस्थापित परिवारों के साथ जन्मदिन व नववर्ष मनाया

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। कामधेनु जनकल्याण संस्थान नांदड़ी द्वारा आंगणवा स्थित पाक विस्थापित परिवारों को मिठाई खिलाकर तथा वस्त्र वितरण करके सन 2020 को गौ सेवा एवं जनकल्याण वर्ष के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया। प्रवक्ता किशनलाल लखारा ने बताया कि वर्तमान समय में कई परिवार ऐसे भी है। जिनको दो वक्त की रोटी भी नसीब नहीं हो पाती है ऐसे में इन लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा समय समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इस अवसर पर अरूणगिरी गोस्वामी ने बच्चों के साथ केक काटकर व मिठाई बांटकर जन्मदिन मनाया तथा शिक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए शिक्षण सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम में प्रतापसिंह नांदडी, करणसिंह खींची, जगगदीश भाटी, सूरजमल सोनी, छैलसिंह राठौड़, ताराचंउ सोनी, योगेश लखारा, शंभूसिंह तंवर सहित अन्य गौ भक्त उपस्थित थे।

## खेत में संचालित अवैध औद्योगिक इकाई सीज

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, नई दिल्ली के पारित आदेश की पालना के क्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (यातायात) के आदेशानुसार गठित एसटीएफ टीम द्वारा तेना गांव के नाहरसिह नगर में कपडे धुलाई की अवैध औद्योगिक इकाई को सील किया। एसटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील के. पंवार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पदमसिंह (35) पुत्र रेवंतसिंह निवासी नाहरसिह नगर, गांव तेना के खातेदारी के खेत में रंगाई- छपाई के अवैध कपड़ो के धुलाई व सुखाई बिना किसी परमीट या अनुज्ञापत्र से की जा रही थी। जिससे फैक्ट्री संचालन कर खुले खेत में गंदा केमिकल एवं रसायन युक्त सीलिकेट कपड़े की धुलाई कर खुले खेत में छोड़कर पर्यावरण व वातावरण को प्रदूषित किया जा रहा था। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत पुलिस थाना शेरगढ़ में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया। कार्यवाही में उप निरीक्षक जयसिंह व बुधसिंह हैड़ कांस्टेबल सहीराम, कांस्टेबल किशोर कुमार, मुकेश कुमार, नरोतम और श्रवणसिंह में शामिल थे।

## वाणिज्यिक नवीनीकृत न्यायालय भवन का उद्घाटन

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। जिला एवं सेशन न्यायाधीश जोधपुर महानगर नरसिंह दास व्यास ने गुरूवार को वाणिज्यिक नवीनीकृत न्यायालय भवन का उद्घाटन किया। जोधपुर महानगर न्याय क्षेत्र स्थित वाणिज्यिक न्यायालय का संचालन दो जनवरी से कोषालय ग्रामीण जोधपुर के भवन के प्रथम तल पर स्थित पुराने ओ टी एस भवन में होगा। इस मौके न्यायाधीश अनवर अहमद चौहान, न्यायालय प्रबंधक श्रीमती रीना जोशी एवं अधिवक्ता उपस्थित थे।

## अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। शहर में नववर्ष लगने के साथ बाइक चोरी के प्रकरण भी दर्ज होने शुरू हो गए है। गत चौबीस घंटों में हुई आधा दर्जन गाड़ियां चोरी के केस पुलिस ने दर्ज किए है।

सरदारपुरा पुलिस के अनुसार पलासनी खारीकलां निवासी दिनेश पुत्र बीरमदेव मेघवाल ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह डी रोड सरदारपुरा क्षेत्र में आया हुआ था जहां पर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। इसी तरह चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में दी रिपोर्ट में विष्णु की ढाणी लूणावास खारा निवासी सुरेश डूडी पुत्र अनोपाराम विश्नोई की बाइक अशोक उद्यान के बाहर से चोरी हो गई। इधर बोरानाडा पुलिस के अनुसार महावीर नगर सांगरिया निवासी रमेश प्रजापत पुत्र कुम्भाराम प्रजापत ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। वहीं श्रीयादे नगर नांदड़ा कला निवासी भवानी शंकर पुत्र मदनलाल आचार्य ने रातानाडा पुलिस को बताया कि वह भाटी चौराहा स्थित चाय की होटल पर आया था जहां पर खड़ी की उसकी बाइक चोरी हो गई।

## धारदार हथियार के साथ दो गिरफ्तार

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। शहर पुलिस ने नववर्ष की रात को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर दो लोगों को पकड़ा। उनके पास से धारदार हथियार जब्त किए गए और आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। सरदारपुरा थाने के हैडकांस्टेबल महेश कुमार ने गश्त के दौरान ओलिम्पक तिराहा के पास धारदार चाकू लेकर घम रहे ढब्बु बस्ती प्रतापनगर निवासी सुनिल पुत्र मटरूलाल माली को और थाने के हैड कांस्टेबल मुकेश कुमार ने नेहरू पार्क के पास धारदार चाकू लेकर घूम रहे माता का थान निवासी सुभाष पुत्र मांगीलाल विश्नोई को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर धारदार चाकू जब्त किया।

## सात दिवसीय भागवत कथा प्रारम्भ

उदयपुर, 2 जनवरी (निसं)। कथा वाचक कुंज बिहारी दास ने कहा कि भागवत भक्ति महारानी व महर्षि नारद मुनि के बीच हुए संवाद पर कहा कि भागवत भक्ति के बिना मनुष्य का कल्याण संभव नहीं है।

वे आज हिरणमगरी से. 4 स्थित महेश सेवा समिति में माहेश्वरी एन.एण्ड एसोसिएट्स,चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट की ओर से कंकुबाई,प्यारचंद तोतला एवं अर्जुनलाल तोतला की स्मृति में आज से प्रारम्भ हुई 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा 'गगोत्सव' के प्रथम दिन प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति कितने भी साधन, संसाधन एकत्रित कर लें,उससे उसका कल्याण नहीं होगा। कल्याण तो सिर्फ भागवत भक्ति से ही होगा।

सुरेश तोतला ने बताया कि इससे पूर्व आज प्रातः निवास स्थान से महेश सेवा समिति तक भागवत शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों महिलायें सिर पर कलश लिये चल रही थी। नरेश तोतला ने बताया कि शुक्रवार को चौबीस अवतार,कुन्ती स्तुति,भीष्म स्तुति,शुकदेव आगमन पर कथा वाचन होगा। आज के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश भट्ट, कांग्रेस के नेता दिनेश श्रीमाली, हिरण मगरी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष, महिला संगठन की अध्यक्ष मंजू गांधी, श्यामलाल सोमानी व मनीष तोतला थे।

ICICI PRUDENTIAL MUTUAL FUND TARAKKI KAREIN!

**ICICI Prudential Asset Management Company Limited**
**Corporate Identity Number:** U99999DL1993PLC054135

To increase awareness about Mutual Funds, we regularly conduct Investor Awareness Programs (IAP) across the country. Schedule of upcoming IAP is as mentioned below:

| Date | Time | Address |
|---|---|---|
| 3 January, 2020 | 10.00 a.m. | Miraj Group Miraj Campus, Nathdwara, Rajsamand, Rajasthan - 313 301 |
| 3 January, 2020 | 12.15 p.m. | Miraj Group Miraj Campus, Nathdwara, Rajsamand, Rajasthan - 313 302 |
| 3 January, 2020 | 2.30 p.m. | Miraj Group Miraj Campus, Nathdwara, Rajsamand, Rajasthan - 313 303 |
| 3 January, 2020 | 4.15 p.m. | Miraj Group Miraj Campus, Nathdwara, Rajsamand, Rajasthan - 313 304 |

**To know more, call 1800 222 999/1800 200 6666 or visit www.iciciprumf.com**
**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**
*IAP No. 002/01/2020*

# जोधपुर ग्रामीण में वर्ष 2018 में 2850 तो वर्ष 2019 में दर्ज हुए 4109 मुकदमे

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। जिले के ग्रामीण इलाकों में एक साल में ही अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। पुलिस की कड़ी सख्ती और बदमाशों की धरपकड़ अभियान के बावजूद वर्ष 2019 में 4109 मुकदमे दर्ज हुए जिसके चलते दर्ज मुकदमों के लिहाज से ग्रामीण क्षेत्र में 44.14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2018 में यहां 2850 मुकदमे दर्ज हुए थे। हालांकि इसको लेकर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक का कहना है कि अपराध कम करने के लिए लोगों में जागरूकता लाई जाएगी।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. राहुल बारहठ ने बताया कि 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2019 तक में हत्या के 34 मुकदमे, हत्या प्रयास के 83, डकैती के 2, लूट के 25, अपहरण और व्यपहरण के 121, दुष्कर्म के 98, बलवा के 1, नकबजनी के 151, चोरी के 418 और भादसं की अन्य धाराओं में 3176 मुकदमे दर्ज किए गए है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष अफीम तस्करी के 48, डोडा-पोस्त के 41 और स्मैक के 5 मुकदमें दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि 2020 के वर्ष में जघन्य एवं संगठित अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित अनुसंधान व सफल अभियान के लिए प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ महिलाओं बच्चों व कमजोर वर्गों के विरूद्ध त्वरित अनुसंधान करने के निर्देश के साथ सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि पुलिस और पब्लिक के बीच दूरिया कम करने के लिए पुलिस थानो में स्वागत कक्ष एवं अन्य जन सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा और पुलिस कर्मियों को तनावमुक्त रखने के लिए उनके लिए भी जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ पुलिस कर्मियों को तकनीकी कार्य दक्षता में निपुण किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल बारहठ 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक पुलिस को मिली उपलब्धियों के बारे में जिक्र करते हुए बताया कि पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के डीएन परीक्षण से शिनाख्त करके उसके हत्यारों गिरफ्तार किया। इसके साथ नाडसर गांव में बुजुर्ग महिला के ब्लाइंड मर्डर, ओसियां क्षेत्र में 1 अप्रेल को हुए ब्लाइंड मर्डर, बालेसर थाने में दर्ज 5 सितम्बर को ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर आरोपियों को हवालात में बंद किया। गत वर्ष पुलिस ने जाली नोटों से मादक पदार्थो की तस्करी में काम लेने की सूचना पर लोहावट पुलिस ने 2 लाख 66 हजार रुपए के जाली नोट भी बरामद किए। इसके साथ 9 अप्रेल की रात्रि को फलोदी क्षेत्र में हुई कार्गो कंपनी के बाशिंदों के साथ लूट की वारदात को भी खोलने के साथ बालेसर क्षेत्र में एक व्यापारी के साथ हुई लूट की वारदात का खुलासा किया। इसी प्रकार फलोदी पुलिस ने 22 जनवरी को अंग्रेजी शराब से भरे 434 कार्टन शराब और बालेसर पुलिस ने 18 अक्टूबर को 960 कार्टन अवैध शराब के जब्त कर तस्करों को गिरफ्तार किया जबकि पुलिस ने माइक पदाथों के तस्करों की धरपकड़ के मामले में भी सफलता हासिल करते हुए 18649..422 किलोग्राम डोडा पोस्त, 13,843 ग्राम अफीम, 32 ग्राम स्मैक, 1509 अफीम के पौधे एवं ढाई किलो गांजा भी बरामद किया।

उन्होंने बताया कि हालांकि ग्रामीण पुलिस में साधन संसाधनों और मैन पावर की कमी है लेकिन आगामी बजट सत्र में जहां संसाधनों की बढ़ोत्तरी होगी वहीं प्रशासनिक स्तर पर होने रहे प्रमोशन के चलते हैड कांस्टेबल से लेकर सीआई तक के पद भरे जाने से कानून व्यवस्था के सुधार में काफी अच्छी भूमिका रहेगी।



हस्ताक्षर करते शेखावत व अन्यजन। जलतेदीप

# सीएए के समर्थन में व्यापारियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। नागरिक संशोधन कानून 2019 के समर्थन में आज सोजती गेट व्यापारी संस्था के तत्वावधान में जोधपुर के ह्रदय स्थल सोजती गेट गणेश मंदिर के बाहर हस्ताक्षर अभियान का आगाज किया।

सोजती गेट व्यापारी संस्था के अध्यक्ष शिवकुमार सोनी ने बताया कि केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री भारत सरकार गजेन्द्र सिह शेखावत के मुख्य आतिथ्य में हस्ताक्षर अभियान का शुम्भारभ किया। उन्होने बताया कि पाकिस्तान अफगानिस्तान बाग्लादेश में प्रताडित होने वाले हिन्दू सिख व ईसाई को भारतीयता की नागरिकता देने के लिए प्राधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह को मजबूत करने एवं भविष्य में भी राष्ट्र हित में इसी तरह के निर्णय लेने के लिए आज सोजती गेट स्थित गढ़ लम्बोदर गणेश मंदिर परिसर के बाहर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया । इस अभियान में सोजती गेट के व्यापारियों व आमजन ने केन्द्रीय मंत्री का स्वागत कर नागरिकता संशोधन कानून 2019 लागू होने पर आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर सचिव विजय शर्मा, संरक्षक गोविंद खण्डेलवाल, रमेश खण्डेलवाल, विष्णु कुमार अरोड़ा, मूलचंद भाटी, रविशेखर, प्रमोद सेठिया, दीपक सोनी, देवेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र सॉखला, बाबूसिह राजपुरोहित, कल्याणसिंह राजपुरोहित, नरपत गहलोत, नाथुसिह प्रजापत, महेन्द्र पालीवाल, कर्नल गिरधारी नाथ गोस्वामी सहित सैकड़ो लोगों एवं व्यापारियों ने हस्ताक्षर कर नागरिक संशोधन कानून का समर्थन किया।

# सरदार स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन आज

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। श्री ओसवाल सिंह सभा जोधपुर द्वारा संचालित शिक्षण समिति श्री सिंह सभा के अन्तर्गत महावीर कॉम्पलेक्स में सरदार स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा किया जाएगा।

श्री ओसवाल सिंह सभा के अध्यक्ष प्रो. केएन भण्डारी और शिक्षण समिति के सचिव प्रकाश लूणिया ने बताया कि एकेडमी में फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, लॉन टेनिस, स्कवैश, बैंडमिंटन, शूटिंग, जिमनास्टिक, स्केटिंग, वॉलीबॉल, जूडो-कराटे, स्वीमिंग और योग जैसी लगभग 20 खेलकूद गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु कोच नियुक्त किए जाएंगे।

इसके अलावा ओसवाल महिला छात्रावास का भूमि पूजन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। पहले छात्रावास केवल छात्रों के लिए ही था लेकिन महिला सशक्तीकरण के मद्देनजर अब यह छात्रावास छात्राओं के लिए भी उपलब्ध हो सकेगा। इस छात्रावास में 200 कमरें हैं जिनकी संख्या 3 साल बाद लगभग 500 की जाएगी। स्पोर्टस एकेडमी सरदार दून पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों हेतु सुबह के समय और बाहरी व्यक्तियों हेतु सांयकाल में संचालित की जाएगी। रजिस्ट्रेशन 6 जनवरी से स्कूल कैम्पस में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तथा महावीर कॉम्पलेक्स में सांय 4 से 7 बजे तक किया जाएगा।

### नाबालिग से अश्लील हरकतें

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। निकटवर्ती बनाड़ क्षेत्र में एक झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली नाबालिग से अश्लील हरकतें करने का मामला पुलिस ने दर्ज किया। पीड़िता के परिजन की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई। बनाड़ थानाधिकारी अशोक आंजणा ने बताया कि बनाड़ रेलवे स्टेशन के सामने बनी झोपड़ पट्टी में रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि इसी क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने उसकी नाबालिग पुत्री को अकेली देखकर उसके साथ अश्लील हरकतें की। पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया गया है।

# 16वीं व 17वीं शताब्दी के शिलालेख गुमनामी के अंधेरे में

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। जोधपुर से करीब 15 किमी की दूरी पर स्थित लोरड़ी देजगरा गांव से 22 शिलालेख सहित छतरियां विद्यमान है। यहां से प्राप्त शिलालेखों से ज्ञात होता है कि पूर्व में यहां ब्राह्मणों की बस्ती रही थी। इस गांव से प्राप्त शिलालेख छत्तरी नाड़ी (जलाष्य) एवं हूलार जलाश्य से प्राप्त हुए है। यहां पहले दशा गौत्र के पालीवाल रहा करते थे।

राजस्थानी शोध संस्थान चौपासनी के सहायक निदेशक डॉ विक्रमसिंह भाटी ने बताया कि इस गांव से प्राप्त शिलालेखों में वि.सं. 1581 का वसुदे ब्राह्मण, वि.सं. 1698 का देईदास, वि.सं. 1711 का भामा ब्राह्मण, वि.सं. 1722 का मोहण ब्राह्मण, वि.सं. 1761 का ब्राह्मण गांगादे, वि.सं. 1653 ब्राह्मण सारंग का, वि.सं. 1718 का लासूल, वि.सं. 1871 का सामजी, वि.सं. 1807 का राघव का, वि.सं. 1654 का ब्राह्मण देवाजी से सम्बन्धित है। उक्त सभी शिलालेख मारवाड़ के इतिहास लेखन के साथ ही उस समय की सामाजिक व्यवस्था को समझने में भी सहायक हो सकेंगे। शिलाओं पर बनी स्त्री एवं पुरूषों की आकृतियों में उनके पहनावे के साथ ही हाथ में कमण्डल और योग की विभिन्न मुद्राओं में इनको खड़े दर्शाया गया है। अधिकांश शिलाओं में पुरूषों को जनेऊ धारण किये हुए भी दर्शाया गया है। इन शिलाओं पर अबोध बच्चे को हाथों में लिये स्त्रियों का तक्षण भी अतुलनीय है। वहीं शिलाओं पर तक्षित सूर्य एवं चन्द्र की आकृतियां भी उकेरी हुई मिलती है जो इनके अमरता का प्रतीक थी। इस गांव के पास ही 3 किमी की दूरी पर राजवा गांव में 12वीं से 15वीं शताब्दी के शिलालेख भी महत्वपूर्ण है जो हाल ही में खोजे गए है। यहां से प्राप्त शिलालेख मारवाड़ में राठैड़ों के आगमन से पूर्व के है जो राठौड़ पूर्व मारवाड़ के इतिहास को जानने में बहुत महत्वपूर्ण है। इन ऐतिहासिक महत्व के शिलालेखों के उजागर होने के साथ ही समय पर इनकी सुरक्षा भी आवष्यक है।

### भागवत कथा के पत्रक का विमोचन

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। राधा रानी सेवा समिति तथा मोहल्ला विकास समिति प्रतापनगर द्वारा प्रतापनगर के सामने पार्क में आयोजित होने वाले भागवत कथा के पत्रक का विमोचन पंडित दामोदर भारद्वाज के सान्निध्य में किया गया।

मनीष कुमार चितारा ने बताया कि वृंदावन वाले पंडित दामोदर भारद्वाज 7 से 13 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। आयोजन स्थल पर 5 जनवरी को प्रतापनगर स्थित पुलिस चौकी के पीछे जय अंबे मां पार्क में भूमि पूजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन 1.15 बजे से शाम 5.15 बजे तक होगी। पत्रक विमोचन के मौके ताराचन्द पंवार ,अरविंद गहलोत, सुरेश दैया, दौलत राज डाबी, रामेश्वर चौहान, पुखराज चितारा, दीपेश दहिया, डूंगरमल चौहान, महेश गुप्ता, संपत्ति दाधीच, सायरी देवी, राजू देवी, गोपी बाला एवं किरण चितारा सहित अन्य भक्तजन उपस्थित थे।



श्रद्धासुमन अर्पित करते शोध केन्द्र के पदाधिकारी। जलतेदीप

# मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र का स्थापना दिवस मनाया

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। मेहरानगढ़ दुर्ग स्थित महाराजा मानसिंह पुस्तक शोध केन्द्र की स्थापना के 215वें वर्ष के उपलक्ष्य में गुरूवार को केन्द्र में महाराजा मानसिंह को पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात् मण्डोर उद्यान स्थित मानसिंह के थड़े पर भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पण्डित रामनिवास शर्मा, साध्वी हीर कंवर बाईसा एवं पार्टी ने भजनों की सरिता बहाई। गणेश वंदना से प्रारंभ भजन संध्या में मानसिंह द्वारा रचित भजन की प्रस्तुति दी। तबले पर रणजीत ने सहयोग दिया। केन्द्र के उप प्रबन्धक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर ने बताया कि इस अवसर पर श्रीमती लीला, हरीसिंह चांपावत, महेश व्यास, विरेन्द्रसिंह, इन्द्रजीत शर्मा, हुकमसिंह, प्रमोदसिंह भाटी, मनोहरसिंह, मुकेश डागा व हरीसिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

### गुरु गोविंद सिंह जयंती श्रद्धा से मनाई

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। सिख धर्म के दसवें गुरु गुरुगोविंद सिंह की जयंती गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। गुरुद्वारों में विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ शौर्य और साहस के प्रतीक गुरु गोविंद सिंह को नमन किया गया। वहीं गुरुग्रंथ साहिब को पालकी पर विराजमान कर फूलों से विशेष सजावट की गई। गुरु गुरुगोविंद सिंह की जयंती पर आज शहर के सभी गुरुद्वारों में रागी जत्थों ने संगत को निहाल किया। गुरुद्वारों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लग गई। यहां सिख समाज के साथ ही अन्य समाज के लोगों ने भी मत्था टेक कर खुशहाली की कामना की। इस अवसर गुरुग्रंथ साहिब को पालकी पर विराजमान कर फूलों से सजावट की गई। गुरुद्वारों में कीर्तन के दरबार सजाए गए। दिनभर कीर्तन पाठ चलते रहे। रागी जत्थों ने साध-संगत को गुरबाणी एवं गुरमत विचारों से निहाल किया। दोपहर बाद यहां लंगर वरता गया।

### गौरव नौसैनिक कल्याण संस्थान ने मनाया स्नेह मिलन

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। गौरव नौसैनिक कल्याण संस्थान के तत्वावधान में संस्थान का पांचवा वार्षिक स्नेह मिलन शिवम पैलेस में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रिटायर्ड कमांडर लक्ष्मण सिंह करमसोत रहे। वही अध्यक्षता कमांडर पोकरराम जाणी ने की। इस दौरान सचिव बंशीधर विश्नोई व कोषाध्यक्ष शंभूदान चारण ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम में नौसैनिकों की विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। शैतानराम विश्नोई ने बताया कि इस स्नेह मिलन समारोह में प्रदेश भर से गौरव नौसैनिक व उनकेपरिवार के लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन में सचिव विश्नोई ने संस्था के वार्षिक योजना के बारे में लेखा-जोखा प्रस्तुत कर जानकारी दी। वहीं मुख्य अतिथि ने जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अंतर्गत विभिन्न सरकारी सुविधा योजना के बारे में बताते हुए समस्याओं के समाधान करने के बारे में जानकारी दी। अंत में कोषाध्यक्ष शंभू दान चारण ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## केएन कॉलेज छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन आज

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के संघटक कमला नेहरू महिला महाविद्यालय के छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। छात्रसंघ अध्यक्ष प्रियंकासिंह नरूका ने बताया कि इस अवसर पर उच्च शिक्षामंत्री भंवरसिंह भाटी, परिवहन मंत्री परबतसिंह के साथ विधायक मनीषा पंवार, मीना कंवर, महेन्द्र विश्नोई, हीराराम मेघवाल अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# सर्व समाज की बैठक आयोजित

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। सर्व समाज की बैठक आज मारवाड राजपूत सभा भवन में आयोजित हुई। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा ईडब्लूएस आर्थिक आरक्षण सरलीकरण करने पर धन्यवाद सभा एवं नव वर्ष स्नेह मिलन का आयोजन शुक्रवार को दोपहर 11 बजे मारवाड राजपूत सभा भवन में करने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम संयोजक हनुमानसिंह खांगटा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से आर्थिक आरक्षण सरलीकरण करने के एतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की तथा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए शुक्रवार को सुबह 11 बजे पावटा बी रोड स्थित मारवाड राजपूत सभा भवन में सभा का आयोजन रखा गया है।

पूर्व पार्षद कन्हैयालाल पारीक ने बताया कि बैठक में जोधपुर शहर के अलावा ओसियां, भलासरिया, लूणी, मथानिया, मण्डोर, पाल, बावडी, भोपालगढ, पीपाड एवं बिलाडा क्षेत्र के उपस्थित प्रतितिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पूर्व पार्षद भंवरलाल बाहेती ने इस एतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए बताया कि बैठक में गोपालसिंह भलासरिया, रतनसिंह रणसीगांव, भीमसिंह करवड, बीपी सिंह कुड, लादूसिंह बिंजवाडिया, प्रकाश बेनीवाल, कमल जोशी, मोहनसिंह जोधा, मनोहरसिंह टालनपुर, रामनिवास गौड, देवीसिंह नांदिया, श्याम सुंदर गुप्ता, सुरेंद्रसिंह केतु, नंदसिंह सरपंच डेगाणा, विश्नसिंह सोडा पूर्व एसडीएम सहित सर्व जाति बंधु मौजूद थे।



### संगीतप्रेमियों ने पौधे रोपे

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने वाली संगीत किसलय संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों ने आज चौहाबो स्थित सुंदर मां सरस्वती मंदिर परिसर में पौधारोपण कर नववर्ष मनाया।

संस्थान के सचिव निखिल बोहरा ने बताया कि इस अवसर पर पंडित सतीश बोहरा के नेतृत्व में विभिन्न प्रजातियों के 21 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में गोरांशी शर्मा, भूमिका सेवानी, वसुंधरा, गिरीराज व्यास, कार्तिक कुमावत, अनिल राठौड़, हिमालय कुंदनानी, यशवंत, रविन्द्रनाथ, भावना सोलंकी, कोमल जैन, दीपक गोस्वामी, कुंदन राखेचा, प्रियंका सोनी, सुहाना गर्ग, मानसी व्यास, चैत्र और कुलश्रेष्ठ सहित अन्य प्रशिक्षार्थियों ने सहयोग दिया।

# पंचायती चुनाव के लिए प्रशिक्षण कल से

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। पंचायती राज आम चुनाव 2020 के लिए प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण शाखा सोहन लाल शर्मा द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है।

कार्यक्रम के अनुसार 4 जनवरी को प्रथम प्रशिक्षण प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक व 7, 12 जनवरी को दो पारियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक द्वितीय प्रशिक्षण व दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक प्रथम प्रशिक्षण के साथ 19 जनवरी को एक सत्र में प्रातः 10 से एक बजे तक द्वितीय प्रशिक्षण जयनारायण व्यास स्मृति भवन टाऊन हॉल में रिटर्निंग अधिकारियों व मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

प्रभारी प्रशिक्षण शाखा द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार 10, 11 व 13 जनवरी को प्रातः 10 से एक बजे व दोपहर 2 से 5 बजे तक डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी के साथ 14 जनवरी को प्रातः साढे ग्यारह बजे से जयनारायण व्यास स्मृति भवन टाऊन हॉल में सेक्टर अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। 16, 21 व 28 जनवरी को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### उत्तर पश्चिमी रेलवे जोधपुर की अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के जोधपुर मंडल खेलकूद संघ के तत्वावधान में अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार को पुराना रेलवे स्टेडियम पर शुरू हुई। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में यांत्रिक की टीम ने चिकित्सा, परिचालक एवं भंडारण की संयुक्त टीम को 41 रन से एवं वाणिज्य विभाग की टीम ने इंजीनियरिंग विभाग की टीम को बेहद रोमांचक मुकाबले में दो रन से हराकर लीग मैच में जीत दर्ज की। पहले मैच में यांत्रिक विभाग की टीम ने पहले खेलते हुए 144 रन बनाए। जवाब में चिकित्सा, परिचालन एवं भंडारण की संयुक्त टीम 103 रन ही बना पाई। दूसरे मैच में वाणिज्य विभाग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 134 रन बनाए। जवाब में इंजीनियरिंग विभाग की टीम 132 रन ही बना पाई। इससे पहले मंडल रेल प्रबंधक जोधपुर आशुतोष पंत ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में 8 टीमें भाग ले रही है। शुक्रवार को विद्युत व कार्मिक दूरसंचार एवं वित्त की संयुक्त टीमों के मध्य मैच खेला जाएगा।



प्रतियोगिता का शुभारंभ करते। जलतेदीप

### तिंवरी, इंजीनियर्स, पीआरओ व ओपीएच ए अगले दौर में

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। जोधपुर डिस्कॉम की गणतंत्र दिवस खेलकूद प्रतियोगिता में बुधवार को मयूर चौपासनी स्कूल एवं हनुमंत चौपासनी स्कूल के क्रिकेट मैदानों पर चार मैच खेले गए। जिनमें तिंवरी, इंजोनियर्स, पीआरओ, ओपीएच ए की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हनवंत चौपासनी स्कूल के क्रिकेट मैदान पर खेले गए मैच में तिंवरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 128 रन बनाए। जवाब में शेरगढ़ की टीम 113 रन ही बना पाई। दूसरे मैच में इंजीनियर्स ने पहले खेलते हुए 159 रन बनाए। जवाब में एसीडीसी की टीम मात्र 17 रन पर ढेर हो गई। वहीं मयूर चौपासनी स्कूल के मैदान पर खेले गए मैच में पीआरओ की टीम ने पहले खेलते हुए 120 रन बनाए।

### जाजीवाल भाटिया में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। ग्राम जाजीवाल भाटिया में स्वर्गीय गोपाराम सारण, शेराराम राव व ईशाराम राव की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज किया गया। हफ्ते भर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 50 से भी ज्यादा टीम में भाग ले रही है जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को क्रमश 41000 एवं 21000 एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी मंगाराम चौधरी, मंगलाराम सारण, कानाराम मोगा, प्रतापराम कलवानिया, प्रेमाराम देवासी, मनोहरसिंह सोलंकी, धन्नाराम मेघवाल, कोजाराम साखी, दुर्गाराम रिणवां, नारायणराम प्रजापत, डूंगरराम सारण, दुर्गाराम चोयल, प्रतापराम बांगड़दा, प्रकाश मेघवाल एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया।

# झुलसी मां के बाद बेटी ने भी दम तोड़ा

## पेट्रोल छिड़क कर लगाई आग, दलित बेवा से देहशोषण का आरोप

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। कुड़ी भगतासनी सेक्टर 2 में गत 27 दिसम्बर की अलसुबह गैस रिसाव के बाद लगी आग से झुलसे दंपती और बेटी में मां बेटी की मौत हो गई है। मां ने मंगलवार को दम तोड़ा तो अब बेटी ने गुरुवार की तड़के दम तोड़ दिया। दोपहर में पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंपा। इधर हादसे में झुलसने वाले पति हरकाराम को परिजन आज अहमदाबाद लेकर गए है। कुड़ी पुलिस ने बताया कि गत 27 दिसम्बर को सेक्टर दो में रहने वाले हरकाराम जाट के घर में अल सुबह गैस टंकी में रिसाव से लगी आग से हादसा हुआ था। इसमें खुद हरकाराम जाट, उसकी पत्नी सोहनी देवी एवं पुत्री लीला उर्फ ललिता झुलस गए थे। तीनों को महात्मा गांधी अस्पताल की बर्न यूनिट में भर्ती करवाया गया था। मंगलवार को सोहनी देवी की मौत हो गई थी वहीं आज सुबह उसकी बेटी ललिता भी चल बसी। इधर परिजन अब हरकाराम को अहमदाबाद लेकर गए है। इस हादसे में मां बेटी की मौत हो गई है। दोपहर में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को दिया गया।

**पेट्रोल छिड़क लगाई आग, सप्ताह भर बाद हुई मौत :** चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित सेक्टर 17 में मां से खाने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक ने गाड़ी से पेट्रोल निकालकर आत्मदाह का प्रयास किया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया लेकिन बुधवार रात को वह चल बसा। पुलिस ने आज सुबह कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंपा। इस बारे में मर्ग दर्ज किया गया।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि 17 ई 190 निवासी अशोक लालवानी पुत्र किशनचंद लालवानी ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके पुत्र दिलीप लालवानी ने 25 दिसंबर की रात्रि को घर पर खाने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद घर के बाहर खड़ी बाइक से पेट्रोल निकालकर खुद पर उड़ेल कर आत्मदाह का प्रयास किया था। गंभीर रूप से झुलसे दिलीप को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जिसकी मौत हो गई है।

**दलित बेवा से देह शोषण का आरोप :** एक दलित बेवा ने एक व्यक्ति पर हॉस्टल में नौकरी लगवाने के बाद देह शोषण करने का आरोप लगाया है। देहशोषण से परेशान और धमकियों से पीड़ित महिला महामंदिर थाने पहुंची और केस दर्ज करवाया। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म एवं एससी-एसटी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। जांच एससीएसटी सैल के एसीपी की तरफ से की जा रही है। पीड़िता का आज सुबह मेडिकल करवाया गया। अनुसंधान जारी है।

महामंदिर थानाधिकारी सुमेरदान ने बताया कि तीन चार माह पूर्व एक दलित विधवा को एक व्यक्ति ने हॉस्टल में नौकरी लगवाई थी। तब उसे एक दिन अकेली पाकर हॉस्टल के कमरें में दुष्कर्म किया गया। फिर आरोपी बार बार ऐसी हरकत करता रहा। अब पीड़िता को वह धमकियां भी देने लगा। इस पर वह कल रात को थाने पहुंची और मामला दर्ज कराया। इधर पुलिस ने आज सुबह उसका मेडिकल करवाया।

.. **इधर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप :** आसोप थाना क्षेत्र की एक युवती को भगा ले जाने और बंधक बनाकर देहशोषण किए जाने का केस पुलिस ने दर्ज किया। पीड़िता का आज पुलिस ने मेडिकल करवाया। उसके बयान लिए जाने है। पुलिस ने बताया कि एक गांव की रहने वाली युवती ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि आसोप निवासी हेमन्त गत वर्ष 5 नवंबर को उसको शादी करने की नीयत से ले गया और बाद में अपने परिजनों और मित्रों की मदद से उसको बंधक बनाकर उसका देहशोषण किया। पीड़िता ने इस संबंध में जातिसूचक शब्दों से अपमानित किए जाने का आरोप भी लगाया। पुलिस ने प्रकरण में तफ्तीश आरंभ की है।

दैनिक
जलते दीप

जोधपुर, शुक्रवार 3 जनवरी 2020

## नई कमान, नई चुनौती

इसे हम एक नए युग की शुरुआत भी कह सकते हैं। नए साल के पहले ही दिन कम से कम देश के सुरक्षा मामले में एक नया दौर शुरू हो गया है। पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का पद ग्रहण करते ही तीनों सेनाओं की एकीकृत कमान की दशकों पुरानी मांग पूरी हो गई। कहा जाता है कि अगर ऐसी एकीकृत कमान पहले होती, तो 1962 के भारत-चीन युद्ध की तस्वीर कुछ दूसरी होती। हालांकि इसकी जरूरत को आधिकारिक रूप से 1971 के बांग्लादेश युद्ध के बाद स्वीकार किया गया था। दरअसल, उस युद्ध की जीत इतनी बड़ी थी कि उसके उत्सवी उत्साह में ऐसी जरूरतें आसानी से नजरंदाज हो गईं। यह भी कहा जाता है कि उस समय इस जरूरत को लेकर भारतीय सेना के तीनों अंगों में सहमति नहीं बन सकी थी। संयुक्त कमान की सबसे ज्यादा जरूरत दरअसल कारगिल युद्ध के वक्त महसूस की गई। इस युद्ध के बाद बनी कारगिल रिव्यू कमेटी ने भी ऐसा पद सृजित किए जाने की अनुशंसा की थी, और दो साल के भीतर मंत्रिमंडलीय समिति ने इसका प्रस्ताव भी तैयार किया था। बाद में नरेश चंद्रा कार्यदल ने भी ऐसी ही अनुशंसा की और लेफ्टिनेंट जनरल डीबी शेटकर की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने भी। यहां इन चीजों को बताने का मकसद सिर्फ इतना है कि इस पद की जरूरत देश में लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसकी अनुशंसा विभिन्न सरकारों के समय की गई। यह जिक्र इसलिए भी जरूरी है कि अगर दशकों के इंतजार के बाद कोई फैसला जमीन पर उतरता है, तो उस पर बेवजह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। लेकिन दिक्कत यह है कि इस सयानेपन की उम्मीद आप हमेशा राजनीतिकों से नहीं कर सकते। बेशक कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष तिवारी ने इस पर जो सवाल उठाए हैं, वे इस मायने में महत्वपूर्ण हो सकते हैं कि एक नया पद सृजित करने से कमान और अधिकारों को लेकर कम से कम शुरुआत में तो कई उलझनें सामने आएंगी। लेकिन शायद इन्हें समय रहते सुलझा लेना इतना भी कठिन नहीं होगा। देश के विपक्षी नेताओं ने चंद रोज पहले जनरल बिपिन रावत की आलोचना तब की थी, जब उन्होंने अपने एक भाषण में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ हो रहे जन-आंदोलनों के दौरान हिंसा का जिक्र किया था। बेशक, इस भाषण में उन्होंने सीधे पर कोई राजनीतिक बात नहीं कही थी, लेकिन यह एक ऐसा मामला था, जिसका जिक्र करने से वह बच भी सकते थे। ऐसा होता, तो बुधवार को पद ग्रहण करते समय उन्हें सफाई न देनी पड़ती। मगर दूसरी तरफ विपक्ष की ओर से जो टिप्पणियां आ रही हैं, उनकी भी कोई जरूरत नहीं है। यह जिक्र इसलिए भी जरूरी है कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ को लेकर इस समय देश में जो विमर्श होना चाहिए, वह बेमतलब की बातों में भटक गया है। सबसे ज्यादा जरूरी यह चर्चा है कि क्या सेनाओं के आधुनिकीकरण की कुलजमा और बड़ी जरूरत को एक नए पद के सृजन तक सीमित रखा जाएगा या उसके आगे इस प्रक्रिया को कोई निरंतरता दी जाएगी।

## किसान हित में कदम

प्रदेश में टिड्डियों के दल कहर ढ़ाने में लगे है। टिड्डियों के दल जहां से निकल रहे हैं, वहां सैकड़ों हैक्टेयर में फसल चट कर रहे हैं। हाल ही में खानपुर, कोटखास्ता, सेवड़ी, मामानाड़ी, धनवाड़ा, निंबोडा, रोपसी, वरेठा, पांच कुआं, लेदरमेर सहित कई गांव ममें टिड्डियों ने सैकड़ों हैक्टेयर रबी की फसल को पूरी तरह से चट कर दिया। हालांकि प्रशासन की ओर से टिड्डियों को नष्ट करने के प्रयास किए गए लेकिन वे सफल नहीं हुए हैं। बेचारे किसान पूरे दिन खेतों में खड़ी अरंडी, सरसों, जीरा, गेंहू व इसबगोल की फसलों को नष्ट किया। नये साल के पहले दिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल व मंत्रिपरिषद की बैठक हुई जिसमें टिड्डी दल से फसलों को हुए नुकसान पर भी चर्चा की गई। बैठक के बाद चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा ने बताया कि टिड्डी दल से फसलों को नुकसान पर चर्चा की गई। पिछले दिनों मुख्यमंत्री, राजस्व व कृषि मंत्री ने प्रभावित जिलों के दौरे किए थे। टिड्डी दल गुजरात की तरफ मुड़े तो केन्द्र ने अपनी मशीनरी गुजरात भेज दी। ऐसे में राजस्थान में नई मशीनें लगाने की मांग कर रहे है। उधर कृषि विभाग ने टिड्डी प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की सहुलियत के लिए पौध संरक्षण रसायनों पर अनुदान प्रक्रिया ममें बदलाव किया है। अब किसान बिना कोई भुगतान किए सरकारी संस्थाओं से रसायन खरीद सकेगा और अनुदान का भुगतान किसानों की खरीद के अनुसार सीधे कर दिया जाएगा। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने बताया कि टिड्डी प्रभावित क्षेत्रों में किसान को पौध संरक्षण रसायन खरीदने के बाद अनुदान राशि का भुगतान संबंधित कार्यालय की ओर से ऑनलाइन किया जाता है। नये दिशा निर्देशों के अनुसार किसान कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं की सिफारिश के मुताबिक क्रय-विक्रय सहकारी समिति, ग्राम सेवा सहकारी समिति और लेम्पस से पौध संरक्षण रसायन खरीद सकेंगे। विभाग ने जरूरी औपचारिकता पूरी करने के लिए सहकारी संस्था पर कृषि विस्तार कार्यकर्ता नियुक्त कर दिए हैं, ताकि किसानों को बिना किसी दिक्कत के रसायन मिल जाए। उल्लेखनीय यह है कि कृषि विभाग ने किसान हित में गत 27 दिसंबर को संशोधित आदेश जारी कर टिड्डी प्रभावित क्षेत्रों में पौध संरक्षण रसायनों पर अनुदान 50 प्रतिशत या पांच सौ रूपये बढ़ाकर वास्तविक लागत या अधिकतम एक हजार रूपये, जो भी कम हो, प्रति हैक्टेयर किया था। कुल मिलाकर प्रदेश में टिड्डी दलों का खतरा फिलहाल बना हुआ हैं। ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि किसानों के हित में जो भी उचित कदम उठाने पड़ें, वे उठाये जाएं और उन्हें राहत प्रदान की जाए। यह संतोष की बात है कि राज्य सरकार इस मामले में गंभीर है।

## ।। दसवां वेद ।।

-जुगल परिहार

### दूहो दसमों वेद समझै तेनै सालै

### 8755. मैं कस भूलूं कामणी

**कटि केहर मृगलोचनी, तस्कर की-सी तक्क।**
**मैं कस भूलूं कामणी, बहलोचन बड़ सक्स।।**

'है सिंह समान कटि और मृग समान लोचन वाली। मैं भला तुम्हें और उस बड़के नीच हुई बहलोचन की हत्या को कैसे भूल सकता हैं।'

राजा बहलोचन एक बार अपने बहुत सेवकों के साथ शिकार खेलने के लिए वन में गया। शिकार का पीछा करते-करते राजा बहुत दूर निकल गया। उसके संगी-साथी सब पीछे रह गए, सिर्फ राजा का मंत्री उसके साथ रहा। शिकार हाथ से निकल गया और दोनों वन में भटक गए। संध्या हो गई तो दोनों एक बड़ के बड़े वृक्ष के नीचे ठहर गए। राजा ने मंत्री से कहा कि रात भर यहीं विश्राम करके सवेरे यहां से चलेंगे। पहले तुम सो जाओ, मैं पहरा देता हूं। फिर मैं सो जाऊंगा, तुम पहरा देना। मंत्री सो गया और राजा पहरा देने लगा। आधी रात हुई तो राजा ने मंत्री को जगाया और स्वयं सो गया। राजा को गहरी नींद में सोते देख मंत्री ने सोचा कि राजा का कुंअर अभी बहुत छोटा है, यदि राजा को मार डालूं तो राजा के सारे अधिकार मेरे हाथ में आ जाएंगे। फिर मैं जैसा चाहूंगा, वैसा कर सकूंगा। जब राजकुमार बालिग होगा, तब देखा जाएगा। यों सोचकर मंत्री ने सोते हुए राजा का सिर काट डाला और उसके घोडे को भी मार डाला। संयोग की बात कि उस समय एक बनिया छिपा बैठा था। वह दिसावर से अपने घर को लौट रहा था और संध्या हो जाने के कारण इसी वट वृक्ष पर रात काटने के लिए बैठ गया। मंत्री के जघन्य कर्म को देखकर बनिया सिहर उठा। वह और भी सिमट कर बैठ गया। ऐसा करने में वृक्ष के पत्ते हिले तो मंत्री ने ऊपर की ओर देखा। लेकिन जब उसे कुछ दिखलाई नहीं दिया तो उसने सोचा कि कोई लंगूर होगा। यों सोचकर मंत्री ने विशेष ध्यान नहीं दिया। सवेरा होने पर मंत्री अपने घोड़े पर सवार होकर नगर की ओर चल पड़ा। रास्ते में राजा के सेवक उसे मिले तो मंत्री ने बड़ी उदास मुद्रा बनाकर कहा कि महाराज को एक शेर ने मार डाला। मंत्री की बात सुनकर सभी को बड़ा रंज हुआ। नगर भर में शोक छा गया। शिशु राजकुमार राजा बना और मंत्री सारे राज्य-कार्य चलाने लगा। अब मंत्री जो चाहता करता। समय पाकर राजा बालिग हुआ और अब वह स्वयं राज-काज देखने लगा। वह रात्रि को वेष बदलकर नगर में घूमा करता। एक दिन आधी रात को वह एक घर के पास छुपा बैठा था, तो उसे पति-पत्नी का वार्तालाप सुनाई पड़ा। पति कमाने के लिए दिसावर जा रहा था, पत्नी अपने पति से कह रही थी कि तुम जल्दी लौटना, मुझे भूल मत जाना। पत्नी की बात सुनकर पति ने उपर्युक्त दोहा कहा कि जिसका अर्थ था कि तुम्हें और बड़वाली उस घटना को मैं नहीं भूल सकता, जहां राजा बहलोचन की हत्या हुई थी। **(क्रमशः)**


# संकटों में घिरा अफगानिस्तान

अफगानिस्तान में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव के प्राथमिक नतीजे बता रहे हैं कि इस मुल्क में एक बार फिर अशरफ गनी राष्ट्रपति बनेंगे। प्राथमिक चुनाव परिणामों में वे अपने विरोधी उम्मीदवार डा. अब्दुल्ला अब्दुल्ला से आगे हैं। अशरफ गनी को 50.64 फीसद मत मिले हैं, जबकि अब्दुल्ला को 39.52 फीसद मत मिले हैं। हालांकि अब्दुल्ला ने प्राथमिक चुनाव परिणामों को स्वीकार नहीं किया है। उनका आरोप है कि चुनावों में हेराफेरी की गई है। ये हेराफेरी तीन लाख वोटों की है। तीन करोड़ सत्तर लाख की आबादी वाले देश में मतदाताओं की संख्या छियानवे लाख ही है। इसके बावजूद चुनावों के दौरान हेराफेरी के आरोप लगे। चुनावों में सुरक्षा के लिए बहत्तर हजार सुरक्षा कर्मचारी लगे थे और छब्बीस हजार पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। अफगानिस्तान के दुबारा राष्ट्रपति बनने के बाद अशरफ गनी की चुनौतियां कम नहीं होने वाली। उनकी चुनौतियां और बढ़ेंगी, क्योंकि तालिबान के साथ अमेरिका की शांति वार्ता विफल हो गई है। अशरफ गनी शुरू से ही इस शांति वार्ता के खिलाफ थे। इस शांति वार्ता में अफगानिस्तान की सरकार को शामिल नहीं किया गया था। गनी का तर्क था कि शांति वार्ता में अगर अफगान सरकार को शामिल नहीं किया गया है, तो वार्ता का कोई मतलब नहीं है। हालांकि गनी भी उसी पश्तून जनजाति से आते हैं, जिसका वर्चस्व तालिबान पर है। लेकिन तालिबान ने पश्तून अशरफ गनी को हमेशा अमेरिकी एजंट माना और उन्हें स्वीकार नहीं किया। अफगानिस्तान के एक और पश्तून राष्ट्रपति रहे हामिद करजई को भी तालिबान ने स्वीकार नहीं किया था। तालिबान के विरोध के बावजूद हामिद करजई की पकड़ पश्तून बिरादरी में अशरफ गनी से काफी ज्यादा थी। कंधार जैसे इलाके में करजई और उनके परिवार ने पश्तून बिरादरी में अच्छी पकड़ बना रखी थी।

करजई ने अपने कार्यकाल में तालिबान के आतंक पर काफी हद तक लगाम लगाई थी। लेकिन अशरफ गनी के कार्यकाल में तालिबान पूरी ताकत के साथ वापस उभरा और कंधार और हेलमंड जैसे राज्यों में खासा नियंत्रण स्थापित कर लिया और कई पूर्वी राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ा लिया। वर्तमान में अफगानिस्तान के सत्तर फीसद इलाके में तालिबान अपनी मौजूदगी दिखा रहा है। एक तरह से तालिबान का अफगानिस्तान की डेढ़ करोड़ आबादी पर खुला राज है। अफगानिस्तान का लगभग दस फीसद इलाका पूरी तरह से तालिबान के कब्जे में है। साठ फीसद इलाके में तालिबान की पूरी सक्रियता स्पष्ट रूप से दिख रही है। उसने अशरफ गनी की सरकार को काफी हद तक काबुल और उत्तरी अफगानिस्तान तक सीमित कर रखा है और कई इलाकों में अफगान सरकार के आदेशों को चलने नहीं दिया जाता। अशरफ गनी के पहले कार्यकाल में तालिबान का प्रभाव बढ़ा, उस सूरत में गनी अपने दूसरे कार्यकाल में तालिबान से कैसे निपटेंगे, यह समय बताएगा। अशरफ गनी को अपने दूसरे कार्यकाल में कई समस्याएं आएंगी। अफगानिस्तान की आर्थिक हालत बहुत अच्छी नहीं है। देश में बुनियादी सुविधाओं से लेकर ढांचागत समस्याएं तक मुंह बाए खड़ी हैं। सेना के बजट के लिए अशरफ गनी को विदेशी

**- संजीव पांडेय**

मदद पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सेना का सालाना बजट लगभग छह अरब डालर है। दूसरी तरफ अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी सिर्फ बारह हजार रह गई है। इससे अफगानिस्तान में तालिबान फिर से मजबूत हुआ है। वहीं, पाकिस्तान से लगते देश के पूर्वी राज्यों में इस्लामिक स्टेट (आइएस) की मौजूदगी भी बढ़ रही है। अशरफ गनी की एक बड़ी समस्या पश्तूनों पर ढीली पड़ती पकड़ है। पश्तून बिरादरी में उप-जातियों की मजबूती काफी महत्त्व रखती



है। गनी अहमदजई उप-जाति से आते हैं। इस उप-जाति का प्रभाव तालिबान के आंतरिक ढांचे में बहुत नहीं है। जबकि पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई, जिनकी उप-जाति पोपलजई है, की खासी पकड़ तालिबान के आंतरिक ढांचे में है। वर्तमान में तालिबान का दूसरे नंबर का कमांडर और अमेरिकी शांतिदूत से बातचीत के लिए अधिकृत प्रतिनिधि मुल्ला अब्दुल गनी बरादर भी पोपलजई उप-जाति से है। मुल्ला बरादर ने हामिद करजई के राष्ट्रपति के कार्यकाल में उनकी खासी मदद की थी। बरादर और करजई के अच्छे संबंध थे और इस कारण पाकिस्तान खासा नाराज भी हुआ था। पाकिस्तान में शरण लिए मुल्ला बरादर को पाकिस्तानी एजंसियों ने सिर्फ इसलिए गिरफ्तार किया था कि वह हामिद करजई की अंदरखाने मदद कर रहा था, तालिबान और हामिद करजई के बीच बातचीत का रास्ता खोल रहा था।

भले अशरफ गनी दुबारा राष्ट्रपति बन जाएं, अफगानिस्तान में शांति स्थापित करना आसान काम नहीं है। इसका कारण अफगानिस्तान में इस्लाम की विभिन्न जनजातियों का आपसी संघर्ष है। फिर अफगानिस्तान का भूगोल भी जटिलता लिए हुए है। यहां के संसाधनों पर कब्जे की लड़ाई है। अफगानिस्तान का एक पड़ोसी देश ईरान है, जो शिया बहुल देश है। दूसरा पड़ोसी पाकिस्तान है, जो सुन्नी बहुल है। इन दोनों ही मुल्कों का अफगानिस्तान में भारी दखल है। पश्तून जनजाति का मूल ईरान से जुड़ा है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान सीमा के दोनों तरफ पश्तूनों की बड़ी आबादी है। अफगानिस्तान लंबे समय से पाकिस्तान के पश्तून बहुल इलाकों को अपना हिस्सा बताता रहा है। यही कारण है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान को विभाजित करने वाली डूरंड लाइन को अफगानिस्तान चुनौती देता रहा है।

अफगानिस्तान में पाकिस्तानी दखल के कई कारण हैं। अफगानिस्तान में भारत की मौजूदगी पाकिस्तान को शुरू से खलती रही है। क्वेटा से कंधार होकर तुर्कमेनिस्तान तक जाने वाले व्यापारिक गलियारे और पेशावर से काबुल होकर मध्य एशिया तक जाने वाले गलियारे पर पाकिस्तान अपना वर्चस्व चाहता रहा है। दूसरी ओर, ईरान भी कंधार होकर तुर्कमेनिस्तान तक जाने वाले व्यापारिक गलियारे पर कब्जा जमाना चाहता है, क्योंकि यह गलियारा ईरान की सीमा से सटा हुआ है। अफगानिस्तान के भूगोल ने पश्चिमी ताकतों को भी यहां आकर्षित किया। तभी अमेरिका और उसके सहयोगी देश लंबे समय तक यहां लड़ाई के लिए मौजूद रहे। अमेरिका की नजर अफगानिस्तान के संसाधनों और भूगोल पर रही है। ईरान को कमजोर रखने और कई अमेरिका-समर्थक इस्लामिक देशों के हितों की सुरक्षा के लिए अमेरिका अफगानिस्तान में दखल देता रहा है। लेकिन लंबे समय तक तालिबान के साथ जंग और फिर भी तालिबान के कमजोर नहीं पड़ने के कारण अमेरिका ने तालिबान से बातचीत शुरू कर दी। लेकिन ये वार्ताएं विफल रहीं। सच्चाई तो यह है कि अमेरिका अब तालिबान से लड़ने के मूड में नहीं है। वह अब तीस-चालीस अरब डालर अफगानिस्तान में खर्च करने को तैयार नहीं है। 2010 से 2012 तक अमेरिका का अफगानिस्तान में वार्षिक खर्च सौ अरब डालर तक पहुंच गया था।

अब अमेरिका को लग रहा है कि अफगानिस्तान के अंदर मौजूद खनिजों का दोहन भी अमेरिकी कंपनियां नहीं कर सकती हैं। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान के खनिज संसाधनों के दोहन की योजना बनाई थी। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे के एक अध्ययन ने बताया गया था कि अफगानिस्तान में एक लाख करोड़ डॉलर के खनिज जमीन में दबे पड़े हैं, जिनमें सोना, चांदी, तांबा, लोहा आदि शामिल हैं। डोनाल्ड ट्रंप इस रिपोर्ट से खासे उत्साहित थे। लेकिन धीरे-धीरे ट्रंप की योजना पर पानी फिरने लगा, क्योंकि संसाधनों के दोहन के लिए अफगानिस्तान में ढांचागत सुविधाओं का भारी अभाव है, जिसमें रेल और सड़क शामिल हैं। इसी के विकास पर अमेरिका को अफगानिस्तान में अरबों डालर खर्च करना पड़ेगा। कई खनिज बहुल इलाके तो ऐसे हैं जहां अफगानिस्तान सरकार का नियंत्रण भी नहीं है।

## जल तरंग

### सरकार की 20-20 बल्लेबाजी

*जबरदस्त राजनीतिक हलचलों और उठापठक के बीच आखिरकार नया साल आ ही गया। हमारे देश में पिछले कुछ वर्षों में राजनीति, सेवा का कम और आरोप-प्रत्यारोप लगाने, एक-दूसरे को नीचा दिखाने व अनर्गल भाषा के खेल खेलने का माध्यम ज्यादा हो गई है। नया साल खेलों के लिए बड़ा मुफीद साल है। इस साल खेलों का महाकुम्भ सजने वाला है।*
*नए साल में निशानेबाजों पर दबाव होगा कि ओलिम्पिक में सही निशाने लगाएं और अपनी व देश की लाज रखें। इसी तरह मोहम्मद अली से भी घातक पंच लगाने वाले बहुत से नेता और प्रवक्ता उभर कर आए हैं, जिनका कौशल टीवी चैनलों और देश की संसद व विधानसभाओं में लोग देख चुके हैं। पहलवानों की तरह धोबीपाट लगाना भी नेताओं का प्रिय शगल है।*
*हमारे देश के सबसे लोकप्रिय खेल, क्रिकेट के नजरिए से देखें तो 2020 बहुत कुछ कहता प्रतीत होता है। इस साल आस्ट्रेलिया में टी-20 विश्वकप होने वाला है लेकिन भारतीय टीम से ज्यादा तैयारी सरकार की दिखाई दी। 2019 के उत्तरार्द्ध में ही इसकी बानगी देखने को मिल चुकी है। गत वर्ष रिकार्ड स्कोर बनाकर सत्ता में पहुंची टीम ने बिना हेल्मेट, पेड और ग्लब्स धारण किए टी-20 स्टाइल में ऐसी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर दिखाई कि विपक्षी इस तेजी से जहां भयातुर दिखे वहीं प्रशंसक भी दांतों तले अंगुली दबाए नजर आए। इसे समीक्षकों ने नए साल के पूर्वाभ्यास के रूप में देखा।*
*ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के खतरे भी होते हैं जो तालियों की गड़गड़ाहट में कई बार दिखाई नहीं देते या और तालियों के चक्कर में उनको नजरअंदाज करना पड़ जाता है। वैसे भी सरकार के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज ग्लांस और फ्लिक जैसे डेलीकेट स्ट्रोक खेलते ही नहीं हैं। उनके प्रिय शाट्स तो हुक और पुल हैं। जनता सरकार को पांच दिवसीय टेस्ट मैच खेलने के लिए चुनती है-पिच का मिजाज भांपो और सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए विश्वसनीय स्कोर बनाओ।*
*यदि टी-20 स्टाइल में ही खेलना है तो उसके भी नियम-कायदे हैं।*
*विपक्षी हमले का सही आकलन तो करना ही पड़ता है कि उनके गेंदबाज कितनी रफ्तार से गेंद डाल सकते हैं और स्पिनर अपनी फिरकी गेंदो में कितना उलझा सकते हैं। इसका अनुमान लगाकर ही बल्लेबाजी करना उचित होता है और यदि जोखिम लेना ही है तो स्लॉग ओवर तक इंतजार करना बुद्धिमानी होता है।*

# पंजाब से युवाओं का अंतहीन पलायन

पंजाब में पहला बड़ा पलायन 1947-48 में देखा गया था जब बंटवारे के लिए नक्शे पर लाल लकीर खींची गई थी और यह सूबा पूर्वी और पश्चिमी पंजाब के रूप में क्रमशः भारत और पाकिस्तान के हिस्से आया था। यह लकीर खिंचने के साथ लाखों-करोड़ों मर्द, औरतों और बच्चों को दोनों तरफ पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा था, यह विभाजन मुख्यतः सांप्रदायिक पहचान के आधार पर हुआ था। नतीजतन पलायन करने वालों में हजारों-हजार का कत्ल, अपहरण और बलात्कार हुआ था। नक्शे पर जो लाल लकीर खिंची थी, वह लाखों इनसानों की गर्दनों से गुजरकर ज्यादा तबाहकुन सिद्ध हुई थी।

पंजाब दो हिस्सों में बंट गया था। दोनों ओर के शरणार्थियों के लिए न घर, न ठिकाना, जहां भी ठौर मिली वहीं रहना पड़ा, कहीं खुले आसमान के नीचे कैम्पों में तो कहीं रिश्तेदारों के घर शरण मिली। इस मुसीबत में उन लोगों के लिए जिनका सब कुछ घरबार, संपत्ति से लेकर परिजन तक छिन गये थे, उनका संत्रास और ज्यादा असहनीय था। तत्कालीन सरकार ने मौके को संभालने हेतु काफी यत्न किए थे और उजड़ कर आए लोग, जिन्हें 'रिफ्यूजी' कहा गया, उनको फिर से बसाने को अनेकानेक उपाय किए गए थे।

तथापि जो कुछ मुआवजा राशि या संपत्ति मिली, वह उस जमीन-जायदाद और व्यापारिक हानि के मुकाबले कुछ भी नहीं थी, जो वे गंवाकर आए थे। लेकिन यह वह मौका था, जहां एक बार फिर से पंजाबी जीवटता उठ खड़ी हुई थी और लोगों ने अपने को संभालकर विकटतम परिस्थितियों से पार पाने की ठान ली थी। व्यापारियों ने अपना कारोबार एकदम शुरुआत से करना शुरू किया और जो किसान थे, उन्होंने उन छोटे-छोटे खेतों में कृषि करनी आरंभ की जो मुआवजे की एवज में उन्हें अलाट हुए थे। अलबत्ता इन लोगों ने खुद को केवल पंजाब की सीमा तक महदूद न रहते हुए शेष भारत में संभावनाओं को तलाशने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पश्चिमी बंगाल इत्यादि जगहों का रुख किया था। इन दूरदराज के क्षेत्रों में पहुंचकर पंजाबी किसानों ने बेकार पड़े खेतों को अपनी मेहनत से उपजाऊ बनाया और समय के साथ संपन्न फार्मों में बदल डाला था। दिल्ली में पंजाबी व्यापारी आज की तारीख में एक बड़ी शक्ति हैं और उनका लगभग सभी वाणिज्यिक क्षेत्रों में बोलबाला है। ट्रांसपोर्टर और वाहनों के स्पेयर पार्ट्स के पंजाबी व्यापारी दूरदराज तक अपनी धाक बना पाए हैं और इस क्षेत्र में कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में लगभग पूरा बाजार इनके हाथ है। यह केवल पंजाबियों के खून में मौजूद जीवटता ही है, जिसके चलते उन्होंने खुद पर लगे 'रिफ्यूजी' के ठप्पे को चंद वर्षों में ही धो डाला था।

उपरोक्त गतिविधियों के अलावा बड़ी संख्या में पंजाबी युवा सशस्त्र सेनाओं और सिविल सर्विस क्षेत्र में भर्ती होने लगे थे। इससे परिवार की आमदनी बढ़ती गई। यह बदलाव ज्यादातर पंजाब के दोआबा क्षेत्र में देखने को मिला था। इसके अंतर्गत जालंधर, होशियारपुर और कपूरथला आते हैं। नतीजतन खेती या व्यापार से होने वाली पारिवारिक आमदनी में नौकरी से आने वाली आय जुड़ने से जेब भारी होने लगी थी और जीवनस्तर ऊपर उठता गया। वैसे भी दोआबा में माझा और मालवा क्षेत्रों की अपेक्षा किसान के हिस्से छोटे खेत ही आये थे।

उधर वक्त के साथ समूचे पंजाब में बढ़ती जनसंख्या के कारण आने वाली पुश्तों के हिस्से आती भूमि और व्यापार में बंटवारा होने से जिंदगी फिर से मुश्किलजदा होने लगी। इसे भांपकर 1950 के दशक में पंजाबियों ने इंग्लैंड का रुख करना शुरू कर दिया ताकि पंजाब में पीछे बचे परिवारजनों और खुद के लिए बेहतर भविष्य का

**- गुरबचन जगत**

जुगाड़ बन सके।

पंजाब से पश्चिमी देशों की ओर हिजरत करने वालों में पहले-पहल ज्यादातर अनपढ़ अथवा अर्द्धशिक्षित थे। लेकिन यहां फिर से एक बार पंजाबी जीवटता ने भाषा, आवास, मौसम इत्यादि मुश्किलों पर विजय पाई। हालांकि उस वक्त काम की परिस्थितियां अत्यंत मुश्किल थीं, वहां पहुंचकर इन अकुशल पंजाबियों को खुले में बनी भट्ठियों में और खदानों में मजदूरी करनी पड़ी थी, हालांकि इन धंधों में वेतन अन्य कामों की अपेक्षा ज्यादा मिलता था। इस पीढ़ी के लिए इंग्लैंड



में समय बहुत मुसीबतजदा था लेकिन वे किसी तरह टिके रहे और सुनिश्चित किया कि अगली दूसरी-तीसरी पीढ़ी को शिक्षा मुहैया करवा पाएं ताकि वे खुद को स्थानीय लोगों के बीच ढालने में सक्षम हो सकें। यह बात अलग है कि तीसरी पीढ़ी ने साफ कर दिया है कि उनकी रुचि पंजाब वापस आने में जरा भी नहीं है।

इसी बीच समय के साथ पंजाब के माझा और मालवा में आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी और इन इलाकों से भी लोगों ने विदेशों में हिजरत करनी शुरू कर दी। बसने के लिए नये मुल्कों में संभावनाएं खोजी गई और पंजाबी कनाडा, अमेरिका, इटली इत्यादि जाने लगे जहां अमेरिका ने उच्चस्तरीय व्यावसायिक विशेषज्ञों जैसे कि डॉक्टर, इंजीनियर, तकनीकी माहिरों को आकर्षित किया तो अन्य देशों में मजदूर एवं अर्ध-निपुण क्षमता वाले लोगों की मांग अधिक थी।

इस तरह जो हिजरत 1950 के दशक में छोटी-छोटी धाराओं के रूप में शुरू हुई थी, वह आगे जाकर नदी में बदल गई। फिर 1970 के उत्तरार्ध में और 80 के दशक में पंजाब में प्रतिरोध और हिंसा का दौर-दौरा रहा और अनेक युवक इसकी ओर बह निकले थे। इसकी तफ्सील में न जाते हुए (यह एक लंबी और मुश्किल दास्तान है, जिसे फिर किसी और दिन सुनाऊंगा) यह कहा जा सकता है कि इस आंदोलन ने पंजाब की जिंदगी में उथल-पुथल मचा दी थी।

समाज काफी उद्वेलित हुआ था और लोगों को इसकी कीमत के रूप में भारी जान-माल का नुकसान सहना पड़ा था। इस अवधि में बड़ी संख्या में सिख युवाओं ने पश्चिमी देशों का रुख किया जहां उन्होंने राजनीतिक शरण ली, लेकिन मुख्य उद्देश्य उन देशों में बसने का था। बिना शक उक्त देशों में आतंकवादी आंदोलन से जुड़े लोगों की शाखाएं पहले से थीं, जिन्होंने पंजाब की तत्कालीन परिस्थितियों का फायदा उठाकर झूठे प्रचार की बदौलत बड़ी मात्रा में धन उगाह लिया था। आगे विदेशों में रह रहे पंजाबियों के मन में भारत के प्रति भारी दुराव इसलिए भी पैदा हो गया था क्योंकि तत्कालीन सरकार को आतंकवाद कुचलने के लिए सख्त और नागवार कदम उठाने पड़े थे। आखिरकार 1990 के दशक के मध्य में आतंकवाद काबू में आया और खत्म हुआ था।

हालांकि इस बीच दीगर राजनीतिक दलों पर भी पैसे की भूख तारी होने लगी थी और उन्होंने भी तत्कालीन स्थिति का फायदा उठाकर पश्चिमी देशों में पैसा बनाने के अभियान चलाए और चोखी उगाही की थी और इस दौरान उनके संपर्कों में सभी तरह के लोग आए थे।

उपरोक्त सभी घटनाक्रम और पश्चिमी देशों द्वारा आप्रवासियों के लिए और ज्यादा स्वीकार्यता बने रहने से पंजाबी युवाओं की लहरों ने विदेशों का रुख किया। यहां गौरतलब है कि सूबे में रही विभिन्न सरकारों की गलत नीतियों और कार्यक्रमों के कारण साल-दर-साल और दशक-दर-दशक पंजाब की आर्थिक स्थिति, खासकर किसानों की, लगातार गिरती गई। खेती की लागत बढ़ती गई और फसल का मूल्य उस सापेक्षता में न बढ़ने से यह घाटे का सौदा बनती गई। जाहिर है इसको देखते हुए युवाओं की कृषि संबंधी गतिविधियों में रुचि घटती गई।

पंजाब का सबसे उत्तम स्रोत इसकी मानवशक्ति रही है। यह हमेशा खेतों में सख्त मेहनत करने वाला पंजाबी किसान और खेती में नई तकनीकें जैसे कि नए बीज-खाद-तरीके अपनाने के लिए उसकी रोशनख्याली थी, जिसकी वजह से देश में हरित क्रांति सिरे चढ़ पाई थी। लेकिन इसके समानांतर एक अन्य बदलाव यह आया कि खेतों में पंजाबी युवाओं की जगह अन्य राज्यों से आकर मजदूरी करने वाले प्रवासी लेने लगे थे। यह घटनाक्रम इसलिए भी था क्योंकि स्थानीय ग्रामीण युवा खेती के काम में जाने को तैयार नहीं थे, अतएव कृषि का पूरा काम लगभग प्रवासी मजदूरों पर निर्भर होता चला गया।

वहीं दूसरी तरफ सरकारी नौकरियां कम से कम होती चली गई और पंजाब में इस दौरान कोई बड़ी औद्योगिक लहर भी न चल पाई। जो कुछ उद्योग थे, वे मुख्यतः अमृतसर, बटाला, जालंधर, लुधियाना और मंडी गोबिंदगढ़ जैसे शहरों में थे और उनमें कई आतंकवाद के दौरान सूबे से बाहर निकल गए। कृषि और औद्योगिक मोर्चे पर एक के बाद एक आई सरकारें कुछ बड़ा करने में विफल रहीं। नतीजे में रोजगार के मौके घटते गए। ऊपर से युवा कृषि संबंधी काम करने में हिचकने लगे, इसकी बजाय अपने प्रयास विदेश जाने में ज्यादा लगाने लगे।

आज की तारीख में लगभग हर ग्रामीण पंजाबी युवा किसी भी तरह पश्चिमी देशों का वीजा लेने की खातिर ट्रैवल एजेंटों को बड़ी रकम चुकाने को तत्पर है। यह साफ है कि इस चाहत के चलते पंजाब तेजी से अपनी युवा शक्ति गंवाता जा रहा है। मैंने राज्यभर में भरोसेयोग्य लोगों से सुना और खुद देखा है कि बहुत गांवों ऐसे हैं जहां युवाओं की बनिस्बत प्रौढ़ों और बड़ी उम्र के लोग ज्यादा हैं। जिस मात्रा में पंजाबी युवाओं का पलायन जारी है, जल्द ही पंजाब बूढ़ों और लाचार लोगों की धरती बनकर रह जाएगा।



## हिरानी के साथ काम करने शाहरुख सीरियस

**मुंबई।** पिछले एक साल से शाहरुख खान की कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है। 'जीरो' के बाद न तो शाहरुख की कोई फिल्म रिलीज हुई है और न ही उन्होंने इसके बाद से कोई फिल्म साइन की है। पिछले काफी दिनों से इस बात के केवल कयास ही लगाए जा रहे हैं कि शाहरुख कौन सी फिल्म साइन करेंगे। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि शाहरुख डायरेक्टर राजकुमार हिरानी के साथ काम करने के लिए काफी सीरियस हैं। सुनने में आया है कि शाहरुख ने हिरानी के साथ एक फिल्म साइन की है। शाहरुख और हिरानी की फिल्म काफी बड़े बजट की होगी और अप्रैल या मई 2020 में इसकी शूटिंग शुरू होगी।



## अथिया

## क्रिकेटर राहुल के साथ खास कनेक्शन

बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी का नाम क्रिकेटर केएल राहुल के साथ जुड़ता रहा है। ऐसी खबरें हैं कि वह क्रिकेटर केएल राहुल को डेट कर रही हैं।

इस बीच एक बार फिर अथिया शेट्टी केएल राहुल के साथ नजर आईं। इससे पहले अथिया शेट्टी ने केएल राहुल के साथ अपने संबंधों को लेकर कहा था कि 'मुझे ऐसी लिंकअप की खबरों से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं पूरी तरह से तैयार हूं। आप मुझसे जो पूछेंगे मैं उसका कोई जवाब नहीं दूंगी, लेकिन मैं ये भी समझती हूं कि सवाल पूछना आपका काम है।' अथिया ने आगे कहा कि मुझे हमेशा से ये लगता है कि हम रोजाना अपनी जिंदगी का बहुत कुछ दुनिया को देते हैं और ये इंसान का निजी मामला होता है। फिर चाहे वो दोस्त हों, रिश्तेदार या फिर परिवार। मैं इन सभी को हमेशा बचाकर रखना चाहती हूं, इसलिए मैं कभी इस बारे में बात नहीं करूंगी।' अथिया के बर्थडे पर केएल राहुल ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी थीं और एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर में राहुल और अथिया साथ नजर आए। तस्वीर में जहां राहुल अथिया की तरफ देख रहे हैं तो वहीं अथिया मुस्कुरा रही हैं। केएल राहुल के इस पोस्ट के बाद फिर से दोनों का नाम साथ में जोड़ा गया। केएल राहुल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। जिसमें वो अथिया के साथ नजर आ रहे हैं। दोनों एक फोन बूथ पर खड़े हैं।



## जीता दर्शकों का दिल ...

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश कलाकार राल्फ फेनेस रविवार को 57 साल के हो गए। स्टेज और फिल्मों में अपने अभियन का लोहा मनवाने वाले वाले राल्फ को खासकर उनकी फिल्म 'शिंडलर्स लिस्ट', 'द इंग्लिश पेशेंट' और 'हैरी पॉटर' के लिए जाना जाता है। साल 1996 में फेनेस ऑस्कर के लिए भी नॉमिनेट हुए थे। राल्फ फेनेस को शिंडलर्स लिस्ट (1993) और द इंग्लिश पेशेंट (1996) में शानदार प्रदर्शन के लिए अकादमी पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया था।




## सुर्खियां बटोरने वाली सुएली का निधन ...

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड सिनेमा की खूबसूरत अदाकारा सुएली ल्योन का लॉस एंजेलिस में निधन हो गया है। वह 73 साल की थीं। सुएली ल्योन हॉलीवुड सिनेमा में अपने लोलिता के किरदार की वजह से मशहूर हुई थीं। वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं। सुएली ल्योन ने हॉलीवुड की कई शानदार फिल्मों में काम किया। उन्होंने साल 1962 में मशहूर निर्देशक स्टेनली कुब्रिक की फिल्म लोलिता में मुख्य किरदार निभाया था। सुएली ल्योन ने जब यह किरदार निभाया था तो वह महज 14 साल की थीं। इस किरदार के लिए सुएली ल्योन को गोल्डन ग्लोब अवार्ड से नवाजा गया। इसके बाद उन्होंने द नाइट ऑफ द इगुआना (1964), द फ्लिम-फ्लैम मैन (1967), और एवल नाइवेल (1971) जैसी कई शानदार फिल्मों में काम किया।



## खुशियों भरा रहा 2019 सोना का

**मुंबई।** 'दबंग 3' के अच्छे प्रदर्शन के साथ अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा के लिये साल 2019 का अंत काफी शानदार रहा, जिसे लेकर वह काफी भाग्यशाली महसूस कर रही हैं। इस साल सोनाक्षी की चार फिल्में पर्दे पर आई, जिनमें कलंक, खानदानी शफाखाना, मिशन मंगल और दबंग-3 शामिल हैं। सभी फिल्में एक दूसरे से काफी अलग हैं। सोनाक्षी ने यहां एक साक्षात्कार में कहा, साल का अंत शानदार रहा। मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने चार अगल अलग तरह की फिल्मों में काम किया। एक अभिनेत्री के रूप में मेरे लिये यह बेहद खुशी और संतोष की बात है। इस साल का अंत धमाके ('दबंग 3' की सफलता) के साथ कर रही हूं. मैं बहुत खुश हूं। सोनाक्षी ने कहा कि मेरी सफलता के पीछे मेरे पिताश्री शत्रुघ्न सिन्हा का भी बहुत बड़ा रोल है जिन्होंने मुझे समय-समय पर संबल प्रदान किया।



## ड्रीम गर्ल के साथ राव रोमांस करेंगे...

**मुंबई।** लंबे समय के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री ड्रीम गर्ल (हेमा मालिनी) बड़े पर्दे पर नजर आयेंगी। मिली जनकारी के मुताबिक हेमा, राजकुमार राव और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म 'शिमला मिर्ची' में वह दिखेंगी। बता दें कि फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। हेमा मालिनी इस फिल्म में राजकुमार राव के साथ रोमांस करती नजर आयेंगी। 'शिमला मिर्ची' की कहानी एक मां और बेटी की है। ये किरदार रकुल प्रीत और हेमा मालिनी निभा रही हैं। राजकुमार राव के किरदार को रकुल से प्यार हो जाता है, मगर एक गलतफहमी की वजह से हेमा मालिनी राव को चाहने लगती हैं और फिर कहानी में कई दिलचस्प और मजाकिया मोड़ आते हैं। शिमला मिर्ची को रमेश सिप्पी निर्देशित कर रहे हैं। वह भी 24 साल बाद फिल्म के निर्देशन में लौटे हैं।



## 'सूर्यवंशी' के लिए भी करते हैं सफलता की कामना

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन ने कहा, जिस तरह 'सिंघम' और 'सिंबा' को सफलता मिली, उसी तरह की कामना वह 'सूर्यवंशी' के लिए करते है। अजय ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्होंने अक्षय कुमार के साथ वहीं से शुरुआत की जहां उन्होंने छोड़ा था। दोनों का एक-दूसरे के लिए काफी प्यार और सम्मान है। दोनों ने 90 के दशक में एक साथ कई फिल्मों में काम किया था। अब रणवीर सिंह ने भी क्लब को जॉइन किया है। हम तीनों सिक्योर एक्टर्स हैं जिन्हें साथ में काम करने में कोई दिक्कत नहीं होती है। आने वाले समय में अगर वे एक साथ किसी पूरी फिल्म में नजर आते हैं तो यह बेहद अच्छा होगा।



## हॉलीवुड मसाला



## मशहूर होने से हैं परेशान

लॉस एंजिलिस। ब्रिटिश गायिका रीटा ओरा का मानना है कि वह बेहद मशहूर होने के कारण बाहर जाकर कॉफी पीने का लुत्फ नहीं उठा पातीं, क्योंकि लोग उन्हें घेर लेते हैं। लंदन में नए शो 'द मास्क्ड सिंगर' के लॉन्च के दौरान 29 वर्षीय गायिका से पूछा गया कि वह प्रसिद्ध नहीं होती और एक आम लड़की होती तो वह अपना दिन कैसे बिताती। उन्होंने कहा, वह सड़कों पर घूमना और कैफे जाना पसंद करती हैं क्योंकि वर्तमान में वह ऐसा नहीं कर पाती है।

## दीपिका

## हटा दिया अपना आरके वाला टैटू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस दीपिका पादुकोन की शादी रणवीर सिंह से हुई लेकिन रणबीर कपूर के साथ उनका ब्रेकअप काफी लंबे समय तक चर्चा में रहा था। इस ब्रेकअप से पहले दीपिका ने अपनी गर्दन पर आरके टैटू बनवाया था जो अक्सर दिख जाया करता था।

हाल ही में जब दीपिका अपनी आने वाली फिल्म छपाक के प्रमोशन इंवेंट पर पहुंचीं तो उनकी गर्दन पर यह टैटू दिखाई नहीं दिया। हाल ही में दीपिका फिल्म सिटी में दिखाई दीं। इंडस्ट्री में प्यार, दोस्ती और ब्रेकअप कोई नई बात नहीं है लेकिन कुछ ब्रेकअप ऐसे होते हैं जो सालों याद रहते हैं और चर्चा में बने रहते हैं। दीपिका मल्टीकलर साड़ी में थीं और ब्लू कलर के बैकलेस ब्लाउज पहना था। उन्होंने बालों का जूड़ा बांध रखा था और ऐसे में देखने वालों की नजर दीपिका की गर्दन पर सीधी जा रही थी। लेकिन दीपिका ने गर्दन पर जो टैटू बनवा रखा था वह यहां नजर नहीं आया। इसी के बाद से सोशल मीडिया पर भी चर्चा शुरू हो गईं कि दीपिका ने यह टैटू हमेशा के लिए हटा दिया है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि यह पूरी तरह हटा दिया गया है या मेकअप से छिपाया गया है। दीपिका की आने वाली फिल्म 'छपाक' है। इस फिल्म में दीपिका एसिड अटैक सर्वाइवर के रूप में नजर आने वाली हैं। मेघना गुलजार इस फिल्म की निर्देशक हैं। दीपिक की इस फिल्म का ट्रेलर पहले ही लोगों को निशब्द कर चुका है। यह फिल्म लक्ष्मी अग्रवाल की कहानी बयां करती है और 10 जनवरी को बड़े पर्दे पर नजर आने वाली है।



## जेसी से अलगाव के बाद तलाश रहे प्यार

लॉस एंजिलिस। अभिनेता चेनिंग टेटम डेडिंग एप से रोमांस की तलाश कर रहे हैं। गायिका जेसी से अलगाव के बाद 39 वर्षीय अभिनेता ने निजी व सदस्यता आधारित एप राया पर अपना अकाउंट बना लिया है। उन्हें राया पर आए कुछ ही हफ्ते हुए हैं। किसी को डेट करना उन्हें बहुत पसंद है और इसे लेकर उन्हें कोई शर्म नहीं है। वह फिर से मौज-मस्ती करना चाहते हैं और उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि वह किसी से ऑनलाइन मिलते हैं।



## फिर करेंगी सिद्धार्थ के साथ काम

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा हिंदी सिनेमा से हॉलीवुड तक का सफर तय कर 'द स्काई इज पिंक' के बाद इसी फिल्म के सह-निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर और अन्य (आरएसवीपी के रॉनी स्क्रूवाला और खुद प्रियंका) के साथ फिर से एक नए प्रोजेक्ट के साथ वापस आ रही हैं। इस परियोजना पर पूरी चर्चाएं हो चुकी हैं। जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। सिद्धार्थ की टीम के साथ काम करने का प्रियंका का अनुभव काफी हद तक अच्छा रहा है। यही कारण है कि प्रियंका ने सलमान की फिल्म 'भारत' को ठुकराकर सिद्धार्थ-रॉनी द्वारा निर्मित फिल्म 'द स्काई इज पिंक' को पसंद किया था। 'द स्काई इज पिंक' के बाद ये दोनों फिर से एक साथ काम करने के लिए बेहद ही उत्सुक हैं। जिस किसी ने भी प्रियंका की फिल्म 'द स्काई इज पिंक' को देखा है।



## पेशे को पहचान मिलने पर गर्वः बिग बी

**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन भारतीय सिनेमा के शीर्ष पुरस्कार 'दादासाहेब फाल्के पुरस्कार' से सम्मानित होकर गर्व महसूस कर रहे हैं और उन्होंने कहा है कि वह इस देश के लोगों के प्रति आभार और अनुराग व्यक्त करते हैं। राष्ट्रपति कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में रविवार को अमिताभ को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। बच्चन पहले यह सम्मान राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में ग्रहण करने वाले थे लेकिन तबीयत खराब होने की वजह से वह इस कार्यक्रम में हिस्सा नहीं ले पाए। अपने ब्लॉग पर उन्होंने समारोह की तस्वीर लगाते हुए कहा, पहचान के लिए मुझे गर्व है। मेरे पेशे को पहचान मिली, इसके लिए मुझे गर्व है। मुझे अपने देश और फिल्म उद्योग पर गर्व है।

# प्रो. आर्य की पुण्यतिथि श्रद्धा से मनाई, प्रभात फेरी निकाली

बालोतरा, 2 जनवरी (निसं)। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह के साथी रहे प्रोफेसर ऋषि नाथ आर्य की 37 वीं पुण्यतिथि पर प्रोफेसर ऋषि नाथ आर्य उच्च माध्यमिक विद्यालय बालोतरा में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सर्वप्रथम यज्ञ का आयोजन हुआ यज्ञब्रह्मा अमृता आर्य एवं सवाई आर्य के नेतृत्व में अग्निहोत्र का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष आहुतियां देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। अमृता आर्य ने सुंदर भजन प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि सभापति सुमित्रा जैन ने ऋषिनाथ के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उनके श्वसुर जवेरीलाल की दुकान पर बैठकर वे नियमित समाचार वचन के लिए आते रहते थे एवं देश की परिस्थिति के बारे में चर्चा करते थे। इनके जीवन के बारे में विस्तार से बताते हुए संरक्षक अचल चंद गहलोत ने बताया कि वह पश्चिमी पाकिस्तान से आए थे उन्होंने गुजरात, राजस्थान में भीनमाल जोधपुर बालोतरा को अपनी कर्म स्थली बनाया। उन्हें बालोतरा सर्वप्रिय था, बालोतरा के युवाओं को उन्होंने व्यायाम का कठोर अभ्यास करवाया तथा पाखंड एवं अन्याय के विरुद्ध निरंतर संघर्ष करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। वे प्रातकाल 4 बजे व्यायामशाला अखाड़े में पहुंच जाते थे एवं छात्रों को कठोर दंड देते थे। शास्त्री चौक आर्य समाज प्रधान बृज मनोहर पिथाणी ने कि वह लाठी, भाला, मलखंब, तीरंदाजी में निपुण थे। आर्य समाज गांधीपुरा के मंत्री जितेंद्र गहलोत ने बताया कि इससे पूर्व प्रातः 6 बजे माली समाज भवन के आगे से एक विशाल प्रभात फेरी का आयोजन मुख्य मार्गो से होते हुए किया गया। जिसमें युवाओं ने आर्य समाज अमर रहे, वेद की ज्योति जलती रहे, ओम का झंडा ऊंचा रहे, संसार के श्रेष्ठ पुरुषों एक हो, महर्षि दयानंद सरस्वती अमर रहे, इंकलाब जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे मातरम, शराब की बोतल फोड़ दो अपना जीवन मोड़ लो, कमाएगा जो खाएगा, लूटने वाला जाएगा जैसे नारे एवं उठ जाग मुसाफिर भोर भई अब रैन कहां जो सोवत है, मेरा सर जावे तो जावे मेरा वैदिक धर्म न जावे, खिदमते धर्म पर जो कि मर जाएंगे नाम दुनिया में अपना कर जाएंगेए वेदों का डंका आलम में बजवा दिया ऋषि दयानंद ने जैसे जोशीले गीत एवं भजनों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान सभापति सभापति सुमित्रा जैन, पार्षद महावीर गहलोत महेश परमार, पूर्व पार्षद नैनाराम सुंदेशा, सांवलचंद पंवार का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर सुनीता कच्छवाह प्रधान महिला आर्य समाज, कंचन गहलोत मंत्री महिला आर्य समाज, अचलेश्वर आर्य, वागाराम पंवार, बाबूलाल गहलोत, मंशाराम पंवार, राजेंद्र गहलोत, माणकचंद कच्छवाह, रामचंद्र कछवाह, लूणचंद चौहान, मांगीलाल पंवार, लक्ष्मण कछवाह, गणपत लाल गहलोत, माणकचंद गहलोत, दिलीप गहलोत, नरेश पंवार, शशि लता रॉय, शांति पंवार, भगवती पंवार, वर्षा गहलोत, प्रदीप चौहान, दौलत सुंदेशा, गणपत पंवार, मोतीलाल रामावत, प्रदीप चौहान, सूजाराम पंवार, सुभाष गहलोत नितेश सहित सैकड़ों आर्यजन उपस्थित थे। आभार सवाई आर्य ने प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र गहलोत ने किया।

## गौ नंदी कृपा कथा व गौ पुष्टि महायज्ञ 9 से

बाडमेर, 2 जनवरी (निसं)। श्री नंदी गौ शाला में 9 से 15 जनवरी को होने जा रही दिव्य गौ नंदी कृपा कथा एवं गौ पुष्टि महायज्ञ की तैयारियों को लेकर सेवा सदन में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में साध्वी सबला गोपाल सरस्वती, कार्यकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता, चेलाराम सिंधी, दिनेश सिंघवी, दिलीप तिवाड़ी, ओम जोशी, ओमप्रकाश गौड़, जितेन्द्र बाड़मेरा, बंशीधर वडेरा, जितेन्द्र जैन, हंसराज बिड़ला, धनराज व्यास, नवीन चन्द्र सिंघल, बंशीलाल अग्रवाल, राजेन्द्र बिंदल, किशोर कुमार भार्गव, छोगालाल सोनी, सुखदेव सोनी, हउवा देवी, ढेली आदि सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में डोम व्यवस्था, बिजली, पानी, संतों के ठहराव स्थल, प्रचार प्रसार, विभिन्न समाजों से सहयोग लेने, प्रसाद व्यवस्था, मोमेंटो व्यवस्था, निशुल्क वाहन व्यवस्था आदि पर चर्चा हुई। नंदी गौ शाला मंत्री पुरुषोत्तम खत्री ने बताया कि 9 से 15 जनवरी तक नंदी गौ शाला परिसर में प्रति दिन दोपहर 12.30 से 4 बजे तक ग्वाल संत के मुखारविंद से होगी। उन्होंने बताया कि 8 जनवरी को सुबह 11.30 बजे हायर सैकण्डरी स्कूल से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा हायर सैकण्डरी स्कूल से रवाना होकर गांधी चौक से होते हुए हनुमान जी मंदिर पहुंचेगी।

## शाह की सभा को लेकर किया सम्पर्क

बालोतरा, 2 जनवरी (निसं)। जोधपुर में होने वाली अमित शाह की विशाल आम सभा को लेकर भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक व विशेष संपर्क अभियान जोधपुर संभाग प्रभारी गणपत बांठिया ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर सभा में आने का निमंत्रण दिया। बांठिया ने लोगों से कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर सफल बनाने की बात कही।

ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन से रूबरू होते हुए नागरिक संशोधन विधेयक (सीएए) के खिलाफ हो रही हिंसा की निंदा की। राजस्थान राज्य की जनता से अपील की सीएए के पक्ष में राज्य की जनता को आगे आकर राज्य की सरकार को समझाना चाहिए। कांग्रेस और प्रदेश के मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे है। उन्होंने सीएए के पक्ष में भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि घर-घर जाकर सीएए के पक्ष में जबरदस्त माहौल तैयार करें। राष्ट्रीय नेता व देश के गृहमंत्री अमित शाह की आमसभा को सफल बनाने के लिए भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं के साथ, सभी स्वयंसेवी संस्थाओ, उद्योगपतियों, व्यापारीगण एवं राष्ट्रवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। इस दौरान महेंद्र सिंह, हरमल विश्नोई, कैलाश राजपुरोहित, पुष्प राज चोपड़ा, अरुण सालेचा, रूपाराम प्रजापत, अरिहंत जैन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला आयोजित

बालोतरा, 2 जनवरी (निसं)। उमंग इंस्टिट्यूट फ़ॉर रूरल डवलपमेंट एंड हेल्थ सोसयटी द्वारा निकटवर्ती रामसीन मूंगड़ा के आंगनवाड़ी केंद्र द्वितीय पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। उमंग इंस्टिट्यूट फ़ॉर रूरल डवलपमेंट एंड हेल्थ सोसयटी के कार्यक्रम अधिकारी वजाराम मानव ने बताया कि कार्यशाला में सहायक कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश सोनी ने महिलाओं को किशोर अवस्था मे स्वास्थ्य देखभाल,माहवारी में स्वच्छता देखभाल, गर्भावस्था से पूर्व देखभाल, गर्भावस्था में सम्पूर्ण देखभाल, प्रसव के दौरान जरूरी देखभाल, संस्थागत प्रसव, नवजात की घर पर देखभाल सहित अनेक सघन देखभाल की जानकारिया दी। कार्यकर्ता लीला देवी ने कार्यशाला में मौजूद किशोरी बालिकाओं को चुप्पी तोड़ो अभियान कि जानकारी देते हुए कहा कि माहवारी कोई बीमारी नही है लेकिन माहवारी को बीमारी मानने से अनेक बीमारी शरीर मे घर बना लेती है जो आगे जाकर गंभीर रूप ले सकती है।उन्होंने माहवारी विषय संकोच त्यागकर समझदारी से काम लेने का आव्हान किया। माहवारी में कपड़ा इस्तमाल करने की बजाय आंगनवाड़ी, आशा व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मिलने वाले सेनेटरी नेपकिन उपयोग लेने की बात कही। कार्यशाला में महिला स्वास्थ्य जागरूकता की बुकलेट भी दी गयी। कार्यशाला में आशा मंजू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राधा देवी, सहायिका संतोष सहित किशोरी बालिकाओं व महिलाओं ने भाग लिया।

## स्लज का निस्तारण नहीं होने पर किसानों की बैठक आज

बालोतरा, 2 जनवरी (निसं)। रामकी सलज निस्तारण केंद्र द्वारा घातक स्लज का सही तरीके से निस्तारण नही किये जाने से दुखी किसान शुक्रवार को धोरानाड़ी में बैठक कर चर्चा करेंगे। प्रदूषण निवारण एवं पर्यावरण संरक्षण समिति ने सुबह 9 बजे अधिक से अधिक किसानों को धोरानाड़ी में किसान बैठक में आने का आव्हान किया है। समिति अध्यक्ष तुलसाराम चौधरी ने बताया कि ग्रामीण व किसान रामकी स्लज निस्तारण केंद्र पर नया कार्य शुरू किए जाने के विरोध में

अपनी आपत्ति प्रदूषण नियंत्रण मंडल के समक्ष पेश करंगे। प्रदूषण निवारण एव पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा खेड, कलावा, सांभरा, बोरावास, तिलवाडा, जेरला के गांवों में जाकर किसानों से सम्पर्क किया गया। रामकी सलज निस्तारण केंद्र द्वारा किसानों के खेतों में मनमाने तरीके से रास्ते बनाने, सड़को पर सलज बिखरने, खाली भूखंड व खातेदारी में स्लज डालने, खातेदारी खेतो से रेत व ग्रेवल खोदकर खातेदारी खेतो को नुकसान पहुंचाने का विरोध दर्ज करवाएंगे। रामकी में स्लज का निस्तारण वैज्ञानिक तरीके से नहीं किया जा रहा है। स्थानीय लोगों को रोजगार वाहनों को भी टेंडर नहीं लेने के कारण किसानों के अधिकारों का हनन हो रहा है। इन बिन्दु को ध्यान रखते हुए समिति द्वारा कल 3 जनवरी को धोरानाडी में सुबह 9 बजे मीटिंग रखी गई। ज्यादा से ज्यादा किसानों इस मीटिंग में भाग लेगे व 11 बजे ग्राम पंचायत में होने वाली बैठक में रामकी स्लज निस्तारण केंद्र के नया विस्तार पर अपनी आपत्ति जाहिर करेंगे।

# सोनी ने टिड्डी नियन्त्रण के लिए वीसी से दिए निर्देश

जालोर, 2 जनवरी (निसं)। जिला कलक्टर महेन्द्र सोनी ने गुरूवार को जिले के सभी उपखण्ड अधिकारियों को वीसी के द्वारा निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में टिड्डी नियन्त्रण दल के अधिकारियों एवं कार्मिकों के माध्यम से आवश्यक प्रबंधन करें ताकि शीघ्र ही टिड्डी पर नियन्त्रण हो सकें।

जिला कलक्टर महेन्द्र सोनी ने गुरूवार को जिला स्तरीय भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र से जिले के सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर स्थित वीसी केन्द्र में उपस्थित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, टिड्डी दल के अधिकारियों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में वर्तमान में टिड्डी की उपलब्धता एवं किये जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारी लेते हुए कहा कि वर्तमान में मांग के अनुसार सभी जगह पर दवाईयों की उपलब्धता एवं पर्याप्त संख्या में ट्रेक्टर उपलब्ध है इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी जहाँ पर भी टिड्डी है वहा पर समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करें साथ ही एक दिन पूर्व सायंकाल जिस क्षेत्र में टिड्डी को भगाने या मारने के लिए कार्य किया जाना है उसकी पूर्व तैयारी कर प्रातःकाल ही यह कार्य पूर्ण करें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी सजग रहते हुए टिड्डी नियन्त्रण एवं उपलब्धता की जानकारी मोबाइल के माध्यम से जिला प्रशासन एवं अपने उच्चाधिकारियों को देते रहें। जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय वीसी में टिड्डी दल के विभिन्न अधिकारियों को भी कहा कि वे स्थानीय प्रशासन से समन्वय बनाये रखें तथा ग्राम में प्रमुख सजग नागरिकों को भी इस अभियान में जोड़ते हुए तत्काल टिड्डी पर नियन्त्रण करें ताकि वे आगे नहीं बढ़ सकें। उन्हांने चितलवाना एवं सांचौर तहसील क्षेत्र के अधिकारियों से टिड्डी से प्रभावित हुई फसलों की प्रारभ्भ की गई गिरदावारी की जानकारी लेते हुए कहा कि इसे शीघ्र ही पूर्ण करें। साथ ही जिन ग्रामों में टिड्डी के कारण फसलों का खराबा हुआ है उसकी सूचना भी भिजवायें। इस अवसर अतिरिक्त जिला कलक्टर छगनलाल गोयल, टिड्डी दल के प्रमुख अधिकारी आर.के.जैन, गोकुलराम, पवन कुमार, संतोष गुप्ता व बलराम मीना उपस्थित थे।



# नववर्ष पर बांटे कंबल, बच्चों को करवाया भोजन

बालोतरा, 2 जनवरी (निसं)। नव वर्ष के उपलक्ष्य में मालाणी रक्तदान सेवा समिति की ओर से गरीब बस्ती में जाकर बच्चों को भोजन करवाया गया। पुरषोत्तम सैन ने बताया कि नव वर्ष पर इस बार समिति की ओर से रेल्वे स्टेशन पर गरीब लोगों को व पिछड़ी बस्ती में जाकर नन्हे बच्चों को खाना खिलाया गया।

समिति के लिखमाराम सुथार ने नाहटा अस्पताल में भर्ती गरीब मरीजो को कम्बल भी भेंट किये गए। समिति द्वारा रक्तदान के साथ मानवता के कार्य करने पर समूचे शहर में चर्चा की जा रहीं है। इस मौके पर समिति के कई कार्यकर्ता साथ थे।

# अनार से मालामाल हुआ नरपत

**साठ हैक्टेयर में उपजे करोड़ों के अनार**

**– राजू चारण**

बाड़मेर, 2 जनवरी। बाड़मेर जिले के सिवाना तहसील के कांखी गांव के एक किसान ने बंजर भूमि पर अपना खून पसीना बहा कर अपने मेहनत के बलबूते आज़ करोड़ों रुपए की कमाई लें रहा है।

आज जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी अंशदीप से मिलकर अपने बगीचे के अनार भेंट करते हुए नरपत सिंह चारण ने बताया कि छः साल पहले प्रशिक्षण के लिए नासिक गए थे। लौटने पर अपने खेत में अनार के पौधे लगाने की योजना बनाई। शुरुआत में पैंतिस सौ पौधे लगाए। इसके तीन वर्ष बाद पौधों पर फल आना शुरू हुए। बीते वर्ष दो सौ पचास टन अनार की बम्पर पैदावार हुई । बाड़मेर के अनार की ज्यादा मांग चाइना, बंगलादेश, मलेशिया, इजरायल और अन्य देशों में सप्लाई किया जाता है। इसमें से एक सौ पचास टन विदेशों में अनार भेजें गए। वहीं करीब सौ टन देश के विभिन्न राज्यों में भिजवाएं गए, इससे उन्हें करीब नब्बे लाख रुपए की कमाई हुई।

चारण ने बताया की एक साल पहले ही गुजराती लाल अमरूदों के पौधों को भी लगाया गया था और आजकल पौधों पर फल आना शुरू हो गया है और इसकी बाजार में भी ज्यादा मांग है।

विश्व विद्यालयों के प्रोफेसरों, कृषि विशेषज्ञों तथा कई व्यापारियों ने भी उनसे सम्पर्क किया। वर्ष दो हजार अठारह में जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा भूमि पुत्र अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा दो सौ कागज़ी नींबू के पौधों से करीब छः टन नींबू की पैदावार ली।

कांजरी के बोरौ के भी सैकडो पौधे लगाए गए हैं और बाड़मेर जिले में बोरौ की आपूर्ति कर रहे हैं। वहीं पांच बीघा में नैपीयर घास से पशुओं के लिए चारा मिल रहा है। वहीं बचा हुआ चारा बेसहारा पशुओं को डाल रहे हैं।



तैयार किए अरंडी के बीज : नरपत सिंह ने बीते वर्ष दस टन अरंडी के बीज तैयार किए, इसकी बाजार कीमत पचास रुपए के करीब थी। वहीं सरकार ने पूरी जांच के बाद एक सौ दस रुपए प्रति किलोग्राम के भाव से खरीदा इससे भी उन्हें करीब ग्यारह लाख की कमाई हुई।

**किसानों को आ रही है समस्या :** राजस्थान में सबसे ज्यादा अनार की पैदावार बाड़मेर जिले में होती है लेकिन राज्य सरकार द्वारा अनार के कृषि विशेषज्ञों की बाड़मेर जिले के कृषि विस्तार केन्द्र गुड़ामलानी क्षेत्र में नहीं होने से किसानों को भारी नुक्सान हो रहा है। अनार में निमोटेड बिमारी की वजह से अनार की जड़ में गांठ बन जाती है। इससे पौधों में पानी की आपूर्ति नहीं होती है । इसका पता नहीं चलने पर अनार के अन्य पौधों में भी फेल जाती है । वहीं जिले में इसका कोई चिकित्सक नहीं होने से किसानों को भारी नुक्सान हो रहा है और अनार के फटने की समस्या भी से।

जिला कलक्टर अंशदीप ने बताया की जल्दी ही आपके क्षेत्र का दौरा करेंगे और कृषि के सम्बन्ध में जो भी सरकार द्वारा जारी किया गया है, हरसंभव मदद करेंग। आज-कल कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा टिडडीयो के कारण नुकसान होने वाली फसलों पर सरकारी दवाइयां का छिड़काव किसानों के साथ मिलकर किया जा रहा है।

# रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ शरद महोत्सव संपन्न

माउंट आबू, 2 जनवरी (निसं)। नगरपालिका, जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में माउंटआबू में आयोजित पांच दिवसीय शरद महोत्सव का मंगलवार रात को रंगारंग समापन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में बीते साल 2019 को विदाई एवं नए साल 2020 का आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। साथ ही अतिथियों को पारम्परिक रीतिरीवाज के अनुसार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान हास्य कलाकार सुनीलपाल ने ब्यूटी पार्लर ने निकलने वाली महिलाएं कम उम्र बताती है, ट्रेन में चाय व बड़े बेचने वालों के साथ शाहरुख खान, सैफअली खान, अजय देवगन, राजपाल यादव, नसीरुदीनशाह व सुनील शेट्टी अभिनेताओं की मिमिक्री की। उनके चर्चित किरदार रतन नूरा के तौर पर की गई एक्टिंग भी दर्शकों को खूब पसंद आई।

विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। बेटी बचाओ के अलावा अन्य प्रस्तुतियों के दौरान कार्यक्रम स्थल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंजता रहा। कलाकारों ने रॉक बैंड की प्रस्तुति दी तथा जादूगर ने भी प्रस्तुतियां दी। रात ठीक बारह बजे आतिशबाजी कर नए साल का जश्न मनाया गया। इसके बाद मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को नए साल की बधाइयां दी। इस मौके एसडीएम डॉ. रविंद्र गोस्वामी, पूर्व उपमुख्य सचेतक रतन देवासी, नगरपालिका अध्यक्ष जीतू राणा, उपाध्यक्ष रंजीत बनौधा, नगरपालिका आयुक्त जितेंद्र व्यास, ब्लॉक अध्यक्ष नारायणसिंह भाटी, पार्षद मांगीलाल काबरा, देवीलाल बामणिया, जशोदा अरोड़ा, तस्लीमबानो, मंगलसिंह, लीलादेवी परमार, अलका कालमा, महेंद्र बंजारा, राजकिशोर शर्मा व हितेश चंदेल आदि मौजूद थे।

## शाला दर्पण रैंकिंग सुधार व समग्र शिक्षा अभियान की बैठक संपन्न

शिवगंज, 2 जनवरी (निसं)। बीआसी भवन में शिवगंज ब्लॉक क्षेत्र के पीईईओ, प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापक की शाला दर्पण रैंकिंग सुधार एवं समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधियों को लेकर बुधवार सुबह 10 बजे बैठक हुई, जो शाम 5 बजे तक चली।

एसीबीईओ हितेश कुमार लुहार ने रैंकिंग के मानदंडों के बारे में अवगत करवाते हुए शाला दर्पण को अपडेट रखने का आग्रह किया। जिला प्रभारी विपिन डाबी ने रैंकिंग के 43 पैरामीटरों पर प्रकाश डाला एवं मानदंडानुसार पूर्ति करने के निर्देश प्रदान किए। वरिष्ठ व्याख्याता डाइट अजय माथुर ने एसआईक्यूई सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया बताई।

# महिलाओं को देंगे आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

जैसलमेर, 2 जनवरी (निसं)। पुलिस महानिदेशक की पहल पर महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण देने दिया जाएगा। इसके लिए पुलिस लाइन में महिला शक्ति आत्मरक्षा केंद्र शुरू किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. किरन कंग सिधू ने केंद्र की शुरुआत की । इस दौरान जैसलमेर डीएसपी श्यामसुंदरसिंह, नाचना डीएसपी हुकमाराम, डीएसपी पुलिस मुकेश चावडा एवं निरीक्षक महेंद्रसिंह, शहर कोतवाल किसनसिंह, महिला थानाधिकारी नाथु सिंह एवं संचित निरीक्षक कांतासिंह ढिल्लों, पुलिस लाइन हवलदार मेजर जालमसिंह व पुलिस के जवान तथा स्थानीय अस्पताल से महिला एएनएम उपस्थित रही।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज के परिवेश में महिलाओं एवं बच्चियों के लिए आत्मरक्षा के प्रशिक्षण की जरूरत है इस बारे में जानकारी दी तथा प्रत्येक महिला को अपनी आत्मरक्षा के लिए आवश्यकतानुसार प्रशिक्षित होना चाहिए, क्योंकि कठिनाई समय देखकर नहीं आती है तथा उसके लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

महिला शक्ति आत्मरक्षा केंद्र के शुभारंभ के दौरान महिला कांस्टेबल हेमलता एवं पन्नी द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बच्चियों को बदमाश तत्वों से बचाव के लिए विभिन्न तरीकों जैसे पीछे से हमला करना, चैन स्नैचिंग की कोशिश करना तथा अन्य प्रकार के हमले के लिए तैयार होना एवं उससे बचाव के तरीकों का प्रदर्शन किया।

## छात्र-छात्राओं का सम्मान

आबूरोड, 2 जनवरी (निसं)। शहर के रेलवे सामुदायिक भवन में बैरवा महासभा के तत्वावधान में बैरवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस दौरान खनन विभाग के अधीक्षण अभियंता मोतीलाल मरमट मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। विशिष्ठ अतिथि डॉ. राजकुमार राज ने समाज विकास के लिए संगठन की मजबूती एवं बालिका शिक्षा को बढावा देने के बारे में विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष रामचंद्र मरमट ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए सक्रिय भागेदारी निभाने का आव्हान किया। नारायणलाल बडग़ोत्या ने संत बालीनाथ की जीवनी के बारे में बताया। समाज के संगठन मंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी जागीरदार बैरवा ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके मोतीलाल भंडवाल, दयाशंकर बंशीवाल, मुकेश मेहरा, जयकुमार, मनोज मरमट आदि मौजूद थे।

# गुरु सप्तमी पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

भीनमाल, 2 जनवरी (निसं)। गांव भांगली सिंधलान में मरुधर पार्श्वनाथ जैन मंदिर प्रांगण में गुरुवार को गुरु सप्तमी के उपलक्ष में विभिन्न धार्मिक आयोजन के साथ गुरुदेव राजेन्द्र सूरि की जन्म एवं स्वर्गारोहण पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि दादा गुरुदेव राजेन्द्र सूरीश्वर म.सा. का जन्म एवं स्वर्गारोहण गुरु सप्तमी का आयोजन राष्ट्रसंत आचार्य लेखेन्द्र सूरीश्वर म.सा. की पावन निश्रा में मनाया गया । इस अवसर पर मुनीराज ललितेश विजय, मुनीराज मृगेंद्र विजय, साध्वी अनंतगुणा, साध्वी अक्षयगुणा, साध्वी समकितगुणा एवं साध्वी भावितगुणा की उपस्थिति भी रही । गुरु सप्तमी के उपलक्ष्य में गुरुवार को प्रातः 8 बजे पूजा के चढ़ावे, 10 बजे भव्य रथ यात्रा, 11 बजे गुरू गुणानुवाद सभा एवं महामांगलिक, 12 बजे स्वामीवात्सल्य, 2 बजे गुरुपद महापूजन तथा शाम 7 बजे महा आरती एवं गुरु भक्ति का आयोजन किया गया । मीडिया प्रभारी माणक मल भंडारी ने बताया कि सम्पूर्ण गुरु सप्तमी मेले के लाभार्थी बाकरा निवासी दिलीपकुमार, विनोदकुमार, पारसमल सालेचा रहे । आचार्य लेखेन्द्रसूरीशवर म सा ने गुरु राजेन्द्र के गुण गाण करते हुए कहा कि आज ही के दिन विक्रम संवत 1883 की पौष सुदी सप्तमी गुरुवार के दिन भरतपुर नगर में ऋषभदास पारेख के घर रत्नराज नामक एक बालक का जन्म हुआ । जिसने आगे चलकर अपने जप, तप, त्याग और संयम के बलबूते पर जिन शासन की महानतम विभूतियों में स्थान प्राप्त कर अपना नाम सदा के लिए अमर कर दिया । उसी महापुरुष को हम आज दादा गुरु राजेंद्र सूरीश्वर के नाम से याद कर रहे हैं। दादा गुरुदेव की माता का नाम केसरबाई था। उस समय उनके छोटे-छोटे राज्यों में बंटे भारत के राजस्थान, गुजरात, मारवाड़ ,मेवाड़, मालवा आदि कई प्रांतों के राजा महाराजा बादशाह व नवाबों को अपने तपोबल से प्रभावित कर जन उपयोगी कार्य करने में राजेंद्र सूरीश्वर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन्होंने जन चेतना जगाते हुए भारतीय जीवन की प्रद्धति व संस्कृति को अजर अमर बनाने के लिए तपोबल का शंखनाद किया। उन्होंने बाल्यावस्था में अपने सांसारिक के नाम रत्नराज नाम से शिक्षा प्राप्त की। बुद्धि चातुर्य व परख करने की कला हासिल कर अपने बड़े भाई माणिक चंद के साथ द्रव्योपार्जन करने की अनुमति लेकर कोलकाता बंगाल होते हुए सिंहल द्वीप श्रीलंका जा पहुंचे । जहां वे रत्न परीक्षक के रूप में विख्यात हुऐ। विक्रम 1945-46 के दौरान प्रमोदसूरिशवर के प्रवचन का श्रवण करने पर उनमें वैराग्य कृति प्रज्वलित हुई और हेमविजय के करकमलों द्वारा उदयपुर में दीक्षा ली । इसके बाद उनकी आध्यात्मिक यात्रा जीवन पर्यंत निबद्धि गति से जारी रही। उन्होंने अपने जीवन में कुल 64 ग्रंथों की रचना करते हुए अपने सबसे विलक्षण व अनोखी रचना अभियान राजेंद्र कोष को पूरे विश्व में प्रशंसनीय सिद्ध कर दिया?। लगभग दस हजार पत्रों वाले इस सप्तकोशी ग्रथ में संस्कृत प्राकृत भाषा में संपूर्ण अर्थ के साथ रचे गए। जिनके लिए विश्वभर के विद्वानों ने इस ग्रंथ की प्रशंसा कर इसे विश्वकोष की उपमा से अलंकृत किया।

इस अवसर पर अतिथि सिरोही विधायक संयम लोढा, भीनमाल नगरपालिका अध्यक्ष विमला बोहरा, कांग्रेस नेता सुरेश बोहरा, पूर्व राज्य मंत्री गोपाराम का ट्रस्ट मंडल द्वारा स्वागत किया गया । आचार्य लेखेन्द्रसूरीशवर म सा का जन्म दिन मनाने के लिए पाली में जैन संघ को अनुमति प्रदान की । इसी प्रकार जावाल में मोहनलाल अम्बालाल जैन के यहां जीवित महोत्सव मनाने के लिए मुहर्रत प्रदान किया गया।

इस अवसर पर रमेश बोहरा, धनराज जैन, मीठालाल रेड, प्रकाशचंद वडेरा, दिलीपकुमार सालेचा, महावीरकुमार, सुरेन्द्र मेहता, मोहनलाल, मदनलाल भंडारी, जगदीश गांधी, ललित नैनगोता, गुमानमल धोकड़, माणकमल भंडारी, शैलेष कोठारी, कपूरचंद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गुरू गोबिंदसिंह की जयंती मनाई

बालोतरा, 2 जनवरी (निसं)। नगर के एमबीआर राजकीय पीजी महाविद्यालय बालोतरा में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की ओर से गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती मनाई। छात्रसंघ संयुक्त सचिव देवकिशन गोयल ने बताया कि साहस, समर्पण व शौर्य के प्रतीक गुरु गोबिन्द सिंह जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। खालसा पंथ के संस्थापक आदरणीय गुरुजी का आदर्श जीवन हमें हमेशा अहिंसा के मार्ग पर चलकर अन्याय व शोषण का सामना करने तथा न्याय की विजय की लिए सतत् कर्म करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर देवकिशन गोयल, इकाई अध्यक्ष हरीश घारू, धनवंती खत्री, मुकेश जीनगर, महेंद्र सिंह, जिग्नेश मेवाड़ा, मूलचंद, आरती घारू, सविता, किशन कंवर, पद्मावती, अशोक, नरसिंग आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों से सामान सड़क पर नहीं रखने की अपील

भीनमाल, 2 जनवरी (निसं)। पालिका अध्यक्ष विमला सुरेश बोहरा व अधिशाषी अधिकारी शिकेश कांकरिया के निर्देशानुसार सफाई निरीक्षक संजय जोशी के नेतृत्व में सफाई प्रभारी सुरेन्द्र सिंह, जमादार राजेन्द्र, पारसमल, सुमेरमल व रमेश टियाराम ने मुख्य मार्केट व महावीर सर्किल से लाइफ लाइन हॉस्पिटल तक पैदल राउंड कर व्यापारियों से अपने सामान सड़क पर नही रखने व हाथ लॉरी वालो को वेंडिंग जॉन में खड़े रहने की अपील की। जोशी ने सभी को अंतिम हिदायत देते हुए कहा कि कल से पालिका द्वारा अभियान चलाया जायेगा। जिसमे जो भी सामान सड़क पर पाया गया उसे जब्त कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## माली समाज संस्था की बैठक 5 को

सिरोही, 2 जनवरी (निसं)। माली समाज सेवा संस्थान के चौदह परगनों की आग बैठक 5 जनवरी की सुबह 10 बजे संस्थान भवन में आयोजित की जाएगी।

संस्थान के चेताराम माली ने बताया कि इस बैठक में भाग लेने के लिए प्रत्येक गांव में आमंत्रण सूचना परगना प्रतिनिधियों सदस्यों के माध्यम से भेजी जा चुकी है।

# बीकानेर संभाग

## नववर्ष पर राहगीरों को खिलाए पौष बड़े



चूरू ( ए. )। पशु अस्पताल के सामने नववर्ष के मौके पर निधि सेवा संस्थान की ओर से पौषबड़ा महोत्सव मनाया गया। संस्थान की ओर से लोगों को पौष बड़े परोसे गए। इस मौके पर खींवकरण प्रजापत, महेश मंत्री, इमीलाल प्रजापत, सरिता सरावगी, प्रदीप सोनी, ओम सोनी, लीलाधर मित्तल, रौनक सरावगी आदि मौजूद थे। अलायला रोड पर सर्वसमाज गोशाला में युवाओं ने गायों को गुड़ व दलिया खिलाया। इस मौके पर मुकेश शर्मा, जगदीश शर्मा, गौशाला अध्यक्ष सलीम काजी, अमरचंद छापोला आदि मौजूद थे।

# महिला आत्मरक्षा केन्द्र शुरू

■ बीकानेर (ए.)




महिलाओं को स्वावलंबी और मजबूत बनाने के लिए बुधवार से महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्र श्रीबीकानेर महिला मंडल उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुरू हुआ। उद्घाटन बीकानेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक जोस मोहन ने किया। उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों में महिलाएं, बालिकाएं एवं छात्राएं आत्मरक्षा के गुर सीखेंगी।

इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा। जिला कलक्टर कुमार पाल गौतम ने कहा कि आत्मरक्षा केन्द्रों में बालिकाओं को विपरित परिस्थितियों में बचाव के तरीके बताए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक प्रदीप मोहन शर्मा ने बताया कि इस केन्द्र में महिलाओं, युवतियों को आत्मरक्षा में प्रशिक्षित करना, अपराधों के प्रति जागरूक बनाना, उनके बचाव के तरीके सिखाना एवं आत्मविश्वास व मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। केन्द्र में पहले दिन डेमो जुड़ो प्रशिक्षक प्रीतम सैन एवं सोनिया सैन तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षित बालिकाओं ने नव प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया।

## अनाथ, दिव्यांग बच्चों पर कार्यक्रम

बीकानेर. गंगाशहर स्थित इन्द्रा चौक में चेतक संस्थान के आह्वान पर एक शाम अनाथ व दिव्यांग बच्चों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के संस्थापक अधिवक्ता नवीन कुमार गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बिहारी लाल बिश्नोई, विधायक सिद्धि कुमारी, नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष महावीर रांका, सुमति लाल बांठिया, जेठमल नाहटा, दुर्गा सिंह शेखावत, कैलाश चंद गहलोत आदि शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महादेव शर्मा ने बताया की अनाथ पर दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, ड्रेस अन्य आवश्यकताओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दिनेश गहलोत ने बताया कि बद्री प्रसाद, शिखर डागा, गणेश पाणेचा, अरिहंत जैन, दिनेश जोशी, रोहित बैद, सुब्धि संचेती, मधु गहलोत आदि की सकारात्मक भूमिका रही।

## चुप्पी तोड़कर दें जवाब, आत्म विश्वास रखें



**चूरू ( ए. )।** बदमाश प्रवृत्ति के लोगों से निपटने के लिए जिला पुलिस महिलाओं व युवतियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाएगी।इसके लिए नववर्षपर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने पुलिस लाइन में बनाए गए महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्र को विधिवत तौर पर शुरू किया।एक सप्ताह के प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षित महिला पुलिस कर्मी निशुल्क आत्मरक्षा के तरीके सिखाएगी।साथ ही इंडोर सैशन में साइबर क्राइम सहित महिला कानूनों के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी तेजस्वनी गौतम ने महिलाओं व युवतियों को आत्म विश्वास ऊंचा रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि महिला किसी भी तरह कमजोर नहीं है, लेकिन उसकी चुप्पी को अपराधी तत्व कमजोरी समझ लेते हैं। उन्होंने कहा कि अपने साथ किसी तरह के दुर्व्यवहार का केवल प्रतिरोध करना काफी है। किसी तरह की मदद के लिए हेल्प लाइन नम्बर पर सम्पर्क करने के लिए कहा गया। लगातार चलने वाले कार्यक्रम को गांव स्तर तक ले जाने की बात कही।महिला पुलिस कर्मियों ने डेमो पेश कर आत्मरक्षा के तरीकों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एएसपी योगेन्द्र फौजदार, नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, महिला थानाधिकारी राजेश आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान युवतियों व महिलाओं ने अनुभवों को सांझा किया।

## राजासर पंवारान स्कूल में 16 शिक्षक, निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक सहित 11 अनुपस्थित मिले

***श्रीगंगानगर ( ए. )।*** गांव राजासर पंवारन स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल का बुधवार को अधिकारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में कार्यरत 16 शिक्षकों में से प्रधानाचार्य सहित 11 शिक्षक अनुपस्थित मिले। बुधवार को एसडीएम रीना छींपा, तहसीलदार सुशील कुमार सैनी व एसीबीईओ अभ्यशील सोनी ने स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में कार्यरत स्टाफ सहित अन्य जानकारी हासिल की, तो पता चला कि स्कूल में कार्यरत स्कूल 16 शिक्षकों के स्टाफ में से प्रधानाध्यापक सहित 11 शिक्षक अनुपस्थित हैं। संबंधित शिक्षकों को फोन भी करवाया गया, लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। एसीबीईओ अभ्यशील सोनी ने बताया कि स्कूल में प्रधानाचार्य गोपाल कंवर, व्याख्याता नरेश चौपड़ा, अमित कुमार, रविंद्र कुमार, राकेश मीणा, सुरेंद्र कुमार, बिंदू, मनीता शर्मा, दयाराम, अमरसिंह, शुभकरण शर्मा सहित कुल 11 शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थिति थे। एसडीएम ने बताया कि अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को लेकर कलेक्टर को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## मिर्जेवाला ने गणेशगढ़ की टीम को हरा क्रिकेट प्रतियोगिता जीती

***श्रीगंगानगर ( ए. )।*** भगत सिंह क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन गुरुवार को हो गया। फाइनल मैच मिर्जेवाला टीम के भगत सिंह क्लब और गणेशगढ़ की टीम के मध्य खेला गया। जिसमें पहले खेलते हुए मिर्जेवाला टीम ने 122 रन का लक्ष्य रखा। गणेशगढ़ की टीम 51 रनों पर ढेर हो गई। इसमें मिर्जेवाला टीम विजेता रही व गणेशगढ़ की टीम उपविजेता रही। समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवी सतीश नागपाल, जसवंत गोदारा, डॉक्टर मदन मेव, जसवीर सेखो, संदीप भुंवाल, चंद्रमोहन भुंवाल, गिरधारी लाल छिंपा और बलजीत सिंह आदि ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नगद इनाम दिया। विजेता टीम को 15000 उपविजेता टीम ट्रॉफी व 8100 रुपए नगद राशि प्रदान की गई व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजक कर्ता विनोद धारणीया ने बताया कि मैन ऑफ दा सीरिज मिर्जेवाला के जहांगीर खान को ट्रॉफी व 2100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। क्लब सदस्य मनदीप बराड़, सुनील भांभु और संजू गहलोत आदि ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

## चांदी से बना दुनिया का सबसे बड़ा दीपक, 500 किलो घी के साथ डेढ़ साल तक जलता रहेगा

***बीकानेर ( ए. )।*** जिले के देशनोक कस्बे में करणी माता मंदिर में गुरुवार को सबसे बड़े अखंड दीपक की स्थापना की गई। दावा किया जा रहा है कि चांदी का बना ये दीपक दुनिया में सबसे बड़ा है। जिसमें करीब 450 से 500 किलो घी डाला जाता है। जो करीब डेढ़ साल तक जलता रहेगा। जिसे करणी माता के भक्त मोनी बाबा द्वारा मंदिर को भेंट किया गया है। करणी मंदिर निजी प्रन्यास के अध्यक्ष गिरिराज सिंह बारहठ ने ने बताया कि यह अखंड दीपक चांदी का बना हुआ है। जिसे



माता के भक्त मोनी बाबा द्वारा करणी माता मंदिर को भेंट किया गया है। यह दीपक बुधवार को मंदिर में पहुंचा। जिसको देखने के लिए दिन भर यहां श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। आज सुबह 11:15 बजे मन्दिर के आचार्य नरेंद्र कुमार मिश्र द्वारा इस दीपक की स्थापना मन्दिर में की गई। दीपक बनाने वाले अरुण सोनी, गोपाल सोनी ने बताया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा दीपक है। इस दीपक में एक बार में 450-500 किलो घी की मात्रा डाली जा सकती है। जो कि अखंड रूप से एक डेढ़ साल तक जलता रहेगा। सोनी के अनुसार इस दीपक की लौ(बती) भी एक विशेष प्रकार की बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए कच्चे सूत की विशेष लौ(बती) बनाई गई है। इस दीपक को 14 महीने तथा नियमित रूप से 15 कारीगरों द्वारा कार्य करके बनाया गया है। घी को गर्म करने के लिए टाइटेनियम की रॉड बनी हुई है, जो घी को निरंतर गर्म रखेगी।

## जेब पर भारी ना पड़ जाए पान का शौक

***बीकानेर ( ए. )।*** कहा जाता है कि 'पान लबो की शान' अर्थात जिस व्यक्ति के पान खाया हुआ है, उसके होथों से ही मालूम चल जाता है कि यह आदमी पान खाने का बेहद शौक रखता है। लेकिन इस समय पान की बढ़ रही कीमतों के कारण यह शौक भी अब महंगा पडने लगा है। हालांकि कई सालों से गुटखों का चलन बढने के कारण वैसे भी पान की बिक्री पर असर पड़ा है लेकिन रही-सही कसर अब पान की बढ़ी कीमतों ने पूरी कर दी है। दीपावली के बाद से प्रति दिन पान की कीमतों में इजाफा हो रहा है। करीब तीन माह में पान के पत्तों की कीमतों में दोगुने से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। ऐसे में अब पान विक्रेताओं ने पान की कीमतें बढ़ाने का निर्णय लिया है। हालांकि इस संबंध में फिलहाल पान विक्रेताओं से जुड़े एसोसिएशन की हरी झण्डी नहीं मिली है, लेकिन वह इस संबंध में जल्द ही निर्णय ले सकता है।

## पंचायत चुनाव में हर ग्राम पंचायत में तैनात किए जाएंगे रिटर्निंग अधिकारी

***हनुमानगढ़ ( ए. )।*** जिले में पंचायतीराज चुनाव करवाने को लेकर जहां निर्वाचन विभाग ने कसरत तेज कर दी है। वहीं चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों ने भी जनसंपर्क शुरू कर दिया है। हालांकि जनसंपर्क जोर तभी पकड़ेगा, जब नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस बार ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब सरपंच पद के प्रत्याशी को चुनाव प्रचार के लिए सप्ताह से ज्यादा का समय मिल रहा है। अब से पहले हुए चुनावों में सरपंच पद के लिए मतदान के दिन ही नामांकन लिए जाने की प्रक्रिया पूरी होती थी। निर्वाचन शाखा हनुमानगढ़ के अनुसार जिले में पहले दौर में नोहर के 47 व भादरा के 49 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए चुनाव होंगे। इसमें आठ जनवरी को नामांकन होगा। इसके बाद नौ जनवरी को नामांकन वापसी हो सकेगी। इसी दिन चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी हो जाएगी। पहले चरण का मतदान 17 जनवरी को होगा। जिला निर्वाचन शाखा ने ग्राम पंचायत मुख्यालय स्तर पर नामांकन लेने की व्यवस्था की है। इसके तहत पहले चरण के मतदान के लिए 96 रिटर्निंग अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। इन सभी रिटर्निंग अधिकारियों को चुनाव संबंधी घुट्टी पिलाने के लिए सात जनवरी को अबोहर बाइपास स्थित केवी के नए भवन में सुबह दस बजे प्रशिक्षण



भी दिया जाएगा। जिससे शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न करवाया जा सके। इस बार सरपंच पद के लिए चुनाव ईवीएम से करवाए जाएंगे। जबकि पंच के चुनाव पूर्व की तरह ही मतपत्रों के माध्यम से करवाए जाएंगे। पंचायत चुनाव में खर्च की सीमा भी निर्वाचन विभाग ने निर्धारित कर दी है। इसके तहत सरपंच पद के प्रत्याशी 50 हजार, पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्य का चुनाव लडने वाले प्रत्याशी क्रमश: 75 हजार व डेढ़ लाख रुपए खर्च कर सकेंगे। मतदान के बाद संबंधित प्रत्याशियों को पंद्रह दिन के भीतर खर्च का ब्यौरा भी निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पहले सरपंच पद के प्रत्याशी के लिए आठवीं उत्तीर्ण की योग्यता अनिवार्य थी। लेकिन इस बार इसकी बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है।

## अवैध शराब व झूठा मुकदमा दर्ज कराने वालों की नहीं खैर

**चूरू ( ए. )।** अवैध शराब, एनडीपीएस, अवैध हथियार रखने वालों सहित झूठा मुकदमा दर्ज कराने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।नए साल में चूरू पुलिस की ओर से अपराधों को लेकर प्राथमिकताएं तय कर ली है।इसमें पॉक्सो, एससी, एसटी, महिला अत्याचारों के मामलों का जल्द निस्तारण करना भी शामिल है।यह बात पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने प्रेसवार्ता में कही।प्रशासनिक प्राथमिकताओं में थानों व कार्यालय का रेकॉर्ड संधारण व मालखाना में रखी वस्तुओं का निस्तारण करना शामिल किया गया है।एसपी ने बताया कि वर्ष 2018 में जिले में कुल 3176 मामले दर्ज हुए, 2019 में कुल रजिस्टर्ड मामलों की संख्या 4143 रही।इसके पीछे कारण लोगों के जागरूक होना बताया गया।जिससे कि मामले पुलिस तक पहुंच पा रहे हैं।उन्होंने जिला पुलिस ने एनडीपीएस में 49 कार्रवाई की जो 2018 के मुकाबले अधिक रही। उन्होंने बताया कि गत वर्ष सरदारशहर में चार साल की मासूम के साथ बलात्कार मामले में महज सात दिनों में चालान पेश कर व कम समय पर आरोपित को सजा दिलाना जिला पुलिस की उपलब्धि में शामिल रहा है।

# नववर्ष के आगमन पर एक शाम साँवरे के नाम...

■ हनुमानगढ़ (ए.)



**सादुलशहर.** श्रीगुरु गोबिंद सिंह के 353वें प्रकाशोत्सव पर गांव गद्दरखेड़ा के श्री गुरुद्वारा साहिब में चल रहे तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को पंज-प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला गया। कीर्तन सेवादार बाबा जगसीर सिंह के सान्निध्य में श्री गुरुद्वारा साहिब से सुबह रवाना हुआ नगर कीर्तन मुख्य मार्गों से होता हुआ पुन: गुरुद्वारा साहिब पहुंचा। फूलों से सजे वाहन में स्थापित पालकी पर श्रीगुरु ग्रंथ साहिब विराजमान थे। साध-संगत ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और मत्था टेककर मन्नतें मांगी। उधर गतका पार्टी द्वारा शौर्य का प्रदर्शन तथा रागी डाढी जत्थे द्वारा शब्द कीर्तन किया गया। वहीं साध-संगत से बच्चों को नशे की प्रवृत्ति से बचाने, कन्या भ्रूण हत्या से बचने, पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान भी किया गया। इस मौके प्रबंध समिति के अध्यक्ष गुरमेल सिंह गिल, अमनदीप सिंह, जसविंद्र सिंह गिल, पूर्व सरपंच गुरसेवक सिंह, हरविंद्र सिंह, बलकरण सिंह, बलदेव सिंह, बलजिंद्र ढिल्लों, राजेंद्र सिंह, विकास मावर सहित साध-संगत मौजूद थी। सेवादार अमन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का समापन गुरुवार को श्री अखंड पाठ के भोग के साथ होगा। **घमंडिया.** निकटवर्ती गांव निरवाना में गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर कीर्तन निकाला गया। गुरु के सजे पांच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन गुरुद्वारा सिंह सभा से जयकारों के साथ रवाना हुआ। वाहेगुरु जी की खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह व बोले सौ निहाल, सतश्रीअकाल के जयकारों के साथ नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर कीर्तन में जोगा सिंह रहमी ने दशमेश गुरु का यशगान किया। सिख संगत ने गलियों में साफ सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। गांव में सिख संगत ने जगह-जगह पर नगर कीर्तन का स्वागत धूमधाम से करते हुए पुष्प वर्षा की। सेवादारों ने पंज प्यारों को दूध की सेवा व संगत के लिए प्रसाद बांटा । गांव में बनी पीर की दरगाह, मुख्य मार्गों व चौराहों से गुजरता हुआ वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचा। गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी बाबा जरनैल सिंह ने बताया कि गुरुद्वारे में गुरु गोविंद सिंह जयन्ती के उपलक्ष्य में मंगलवार को श्रीअखंड पाठ का प्रकाश करवाया गया। गुरुवार श्री अखंड पाठ का भोग डाला जाएगा।

मंडी 365 हैड7 खानूवाली गुरु गोविंद सिंह के अवतार दिहाड़े के उपलक्ष्य में बुधवार को खानूवाली गांव में नगर कीर्तन निकाला गया। गांव की गलियों में साफ सफाई की गई। गुरुद्वारा साहिब से रवाना होकर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी सजाई गई। पांच प्यारे अगुवाई कर रहे थे। नगर कीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया गया। रागी जत्थों ने भजन कीर्तन किया। सिंह सभा गुरुद्वारा खानूवाली के हैड ग्रंथी बलदेव सिंह भाईके, सेवादार निर्मल सिंह धोसी, जसवंत सिंह, चरण सिंह गब्बी, बलजिंदर सिंह भाईके, कृष्ण दादरवाल आदि ने सेवाएं दीं। अटूट लंगर लगाया गया।

## महा शिव कथा का समापन, साध्वी ने दिये जीवन में सफलता के मूल मंत्र

**पदमपुर.** दिव्य ज्योति संस्थान की ओर से आयोजित तीन दिवसीय महा शिव कथा का मंगलवार को विश्व शांति और सबके भले की कामना के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन गीता भवन में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम के अंतर्गत सफलता के मूलमंत्र, जीवन में गुरु की जरूरत और अध्यात्म से रोग मुक्ति विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में शामिल लोगों को नशे से दूर रहने और दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प करवाया गया। श्री आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास साध्वी सुश्री जयंती भारती ने शिव विवाह प्रसंग का वर्णन किया। साध्वी ने शिव विवाह प्रसंग का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि शिव-विवाह जीवात्मा के परमात्मा से मिलन की गाथा है। हमें भी उस परमात्मा का वरण करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। साध्वी ने भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि जब कोई साधक उस भगवान शिव के वास्तविक स्वरूप के दर्शन कर लेता है तो उसका जीवन आनंद से भर जाता है। कार्यक्र्म में उन्होंने लोगों से सफलता के मूल मन्त्र पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सफलता को सुनिश्चित करने के लिए कार्य हमेशा शिव की तरह शांतचित्त मन से करें। कथा में शिव विवाह के अवसर पर सुंदर झांकी भी बनाई गई। सभी भक्तों ने नाच गाकर भगवान शिव के विवाह में हिस्सा लिया। कथा के दौरान विशेष रूप से गुरमीत सिंह कुन्नर (विधायक श्रीकरणपुर), व्यापार मण्डल संरक्षक पुरुषोत्तम जिंदल, अध्यक्ष विजय कालड़ा, गीता भवन अध्यक्ष सोहन लाल खुराना, समाजसेवी भोजराज जैन, एडवोकेट धीरज अरोड़ा, विजय गोयल (श्रीगंगानगर), पुरुषोत्तम जिंदल, दर्शना जिंदल, घनश्याम हरवानी, रमेश जिंदल, कमल चावला, गायक हरजीत कामरा, राजकरण गिल, मनोज जिंदल, नवीन बाघला, गणेश तनेजा आदि को सम्मानित किया गया।

## सेहत के प्रति जागरूकता बढ़ी

**चूरू ( ए. )।** समय के साथ अब लोगों में सेहत के लिए जागरूकता बढने लगी है, इसका परिणाम है कि लोग हेल्थ क्लबों में (जिम) पसीने के साथ में पानी की तरह लाखों रुपए बहा रहे हैं। बॉडी को शेप देने व एनर्जी के लिए फूड सप्लीमेंट भी ले रहे हैं।जिम में बढ़ती संख्या को देखते हुए फिटनेस का कारोबार भी बढने लग गया है।जिले में यह कारोबार अब लाखों को पार कर गया है।सेहत के प्रति लोगों की बढ़ती जागरूकता के कारण नामी गिरामी कंपनी सहित गली-मोहल्लों में भी छोटे-छोटे हेल्थ क्लब खुलने लग गए है। जानकारों की माने तो भागदौड़ की जिन्दगी में मशीनों पर निर्भरता बढने लग गई है।इसकों लेकर लोग सेहत के प्रति फ्रिकमंद रहने लग गए हैं।रूटीन वर्कआउट के लिए जिमों में लाखों खर्च कर रहे हैं।कुछ लोग पर्सनल ट्रेनरों को दो से दस हजार रुपए फीस दे रहे हैं।अधिकांश लोग वे है जो स्वयं को फिट व स्लिम रखना चाहते हैं।बदलते वक्त के साथ महिलाएं भी इसमें शामिल हैं। जिम संचालकों की माने तो खुद को फिट रखने के साथ वजन कम करने के लिए लोग आते हैं।इसमें महिलाओं व 40 पार आयु वर्ग की संख्या अधिक है।हालांकि महिलाओं के लिए जिमों में कसरत व व्यायाम के लिए अलग व्यवस्था है।फिटनेस के कारोबार में महंगी मशीनों ने बाजार को बड़ा कर दिया है। सीनियर सिटीजन भोर में वर्क आउट ने करें, आहार के प्रति सजग, सूप का सेवन करें, ठंडे चीजों का कम से कम प्रयोग, स्टेरॉयड का इस्तेमाल करना हो तो चिकित्सक की सलाह लेवें, ह्दयरोग से पीड़ित चिकित्सक के परामर्श से वर्कआउट करें, ज्यादा वर्कआउट करने से नुकसान हो सकता है।

## तहसील में सांडों का महायुद्ध, 10 मिनट तक फैली रही अफरा-तफरी

**चूरू ( ए. )।** आवारा पशुओं की नगर परिषद की ओर से कराई गई धरपकड़ के बाद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। परिषद ठेकेदार की ओर से तीन दिन की कार्यवाही के बाद एक पखवाड़े बाद भी आवारा सांड व गाएं सब्जी मंडी, गांधी चौक, बस स्टेण्ड, एसडीएम कार्यालय, घंटाघर, पीसीबी स्कूल, अशोक सर्किल के आसपास काफी संख्या में नजर आ रहे हैं। आवारा सांड जहां यातायात में बाधक बन रहे हैं वहीं राहगीरों व आमजन को चोटिल भी कर रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों की अनदेखी जनता पर भारी पड़ रही है। स्थानीय तहसील कार्यालय में हर समय जमा रहने वाले आवारा पशुओं ने रोजाना की धमाचौकड़ी से हटकर मंगलवार शाम को ऐसा आतंक मचाया कि तीन पिल्लर व दो लोहे की जालियां तोड़ दीं। हूआ यूं कि दो सांड तहसील कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार में घुसकर गेट के सामने इस कदर भिड़े कि 10 मिनट तक थमने का नाम नहीं लिया। इस दौरान अभिभाषकों, कैन्टीन संचालक व अन्य लोगों ने पानी गिराकर, पत्थर मारकर व लाठियों से अलग-अलग करने की भरसक कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली।

# भरतपुर संभाग

## पेड़ में लगा रहे थे आग, कारण बताया कि झुक गया था पेड़



सवाईमाधोपुर ( ए. )। खण्डार. उपखण्ड मुख्यालय पर सहायक अभियंता जेवीवीएनएल, सहायक अभियंता पीडब्लूडी, सहायक अभियंता जलसंसाधन कार्यालय, आर सहायक अभियंता आरवीपीएन के कार्यालयों का तहसीलदार देवीसिंह ने औचक निरीक्षण किया तहसीलदार ने बताया कि सहायक अभियंता जेवीवीएनएल के 31 दिसम्बर व 1 जनवरी को उपस्थिति पंजिका में कॉलम रिक्त थे। इसी प्रकार जीतेश शर्मा सी ए, प्रेमराज मीणा टीएस ,नरेन्द्र मोहन बैरवा अपनी इच्छा से अवकाश पर पाए गए।

# क्षेत्र के विकास में धन की कमी नहीं आएगी, कार्यकर्ताओं ने किया 147 यूनिट रक्तदान

■ भरतपुर (ए.)

नदबई विधायक जोगिन्दर सिंह अवाना का जन्मदिन समारोह यहां आगरा रोड स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित हुआ। इसमें संभाग समेत अन्य स्थानों से जनप्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव विवेक बंसल, उदयपुरवाटी विधायक राजेंद्र गुढ़ा, तिजारा विधायक संदीप यादव थे। कार्यक्रम में विधायक अवाना का 49 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ केक काट खुशी जताई।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। विकास के लिए धन की कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी। कार्यकर्ताओं का प्यार ही उनकी ताकत है। इस मौके पर



कार्यकर्ताओं ने 147 यूनिट रक्तदान किया। इससे पहले विधायक अवाना सुबह अटल बंद स्थित गणेश मंदिर पर पूजा-अर्चना की। बाद में वह उच्चैन में श्यामा श्याम मन्दिर व नदबई स्थित गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। वहीं, सर्व समाज की ओर से आयोजित लड्डू गोपाल हनुमान मंदिर पर आयोजित अन्नकूट प्रसादी में सम्मिलित हुए। उधर, विधायक अवाना ने नदबई कस्बा स्थित कृषि मंडी परिसर में श्रमिकों के बीच जन्मदिन मनाया। मंडी व्यापार संघ व पल्लेदार संघ ने विधायक का अभिनंदन किया। इस दौरान नगर पालिकाध्यक्ष बालमुकन्द बिहारिया, उपाध्यक्ष अजय जैन, मंडी व्यापार संघ अध्यक्ष शिवदयाल गोयल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत उपाध्याय, पूर्व सरपंच सुगड़ सिंह, चूरामन सिंह, नाहरसिंह कैलूरी, राजू नगला तुला, छैलबिहारी सिंघल, सत्यनारायण गोयल, जगदीश सिंह आदि मौजूद रहे।

## अग्रवाल समाज का नव वर्ष मिलन समारोह व पौषबड़ा कार्यक्रम 5 को

करौली ( ए. )। अग्रवाल समाज करौली की बैठक अग्रवाल धर्मशाला में अध्यक्ष विशंभर दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रचार मंत्री जीतू फर्नीचर ने बताया कि 5 जनवरी को शाम 5 बजे से आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह व पौषबड़ा का आयोजन होली खिड़किया बाहर स्थित राधेश्याम फार्म हाउस में मनाया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा कर पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां दी गई। इस मौके पर मंदिर श्रीगोविन्ददेवजी के मुख्य ट्रस्टी निर्मल जिंदल, गोविंद तमखेरा, वीरेन्द्र गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विशंभर दयाल गुप्ता महामंत्री मदनमोहन गुप्ता, बृजलाल गुप्ता, हेमराज गुप्ता, जितेंद्र बंसल, मुरारी हलवाई आदि मौजूद थे।

## हजारों श्रद्धालुओं ने पाई पौषबड़ा प्रसादी

करौली ( ए. )। गणेश भक्त मंडल की ओर से गणेश कटला बाजार में नव वर्ष के पावन पर्व पर स्नेह मिलन समारोह एवं पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित किया। सुबह के समय गणेश भक्त मंडल कार्यकर्ता एकत्रित हुए और नव वर्ष की पर स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम हुआ। भक्त मंडल के संयोजक किदुरी लाल गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी सहयोग से एकजुट होकर कार्य करने की सलाह दी गई। वहीं कार्यकर्ताओं ने पौषबड़ा का आयोजन किया, जिसमें एक क्विंटल के बड़े और मालपुआ की प्रसादी तैयार कर गणेश मंदिर में प्रतिमा के समक्ष भोग लगा कर प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। इसी प्रकार जीतकपुर में शिवालय पौषबड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने पंगत लगाकर गर्मा-गर्म हलवा, पुआ तथा बड़ा की प्रसादी ग्रहण की। सुबह से ही श्रद्धालु प्रसादी तैयार करने में जुट गए। प्रातः 10 बजे पंडित संतोष शर्मा व दिनेश शर्मा ने विधि विधान से मंत्रोच्चारण कर कार्यक्रम आयोजक ठेकेदार जयसिंह राजपूत, रविन्द्र राजपूत से भगवान शिव की पूजा करवाई और प्रसादी का भोग लगवाया। शिव की पूजा के उपरान्त भंडारा लगाया। भंडारे में गांव के समस्त लोगों ने भगवान शिव के जयकारे लगाकर लगाकर प्रसादी ग्रहण की। भंडारा शाम तक चला।

## चुनाव नियंत्रण कक्ष के ओपी मीणा होंगे प्रभारी

करौली ( ए. )। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.मोहनलाल यादव ने पंचायत आम चुनाव की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण संपन्न करने एवं चुनाव संबंधी गतिविधियों को त्वरित इन्द्राज करने के लिए सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक ओमप्रकाश मीना को कलेक्ट्रेट करौली में स्थापित चुनाव नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है।

## पेट्रोल-डीजल रिजर्व रखने के दिए निर्देश

करौली ( ए. )। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.मोहनलाल यादव ने पंचायत आम चुनाव को देखते हुए करौली जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पंचायत आम चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रत्येक पेट्रोल पंप पर 2500 लीटर डीजल, 1000 लीटर पेट्रोल व 100 लीटर ऑयल की मात्रा रिजर्व रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कार्यालय हाजा से जारी पीओएल के कूपनों पर पेट्रोल डीजल व ऑयल दिए जाने के लिए निर्देशित किया है।

## गाजे-बाजे से निकाली कलश यात्राएं

करौली ( ए. )। यहां के प्रसिद्ध मदनमोहनजी मंदिर में बुधवार से भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा की शुरूआत से पहले यादववाटी गौशाला से गाजे-बाजे से कलशयात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती चल रही थी। वहीं बैण्डवादक भजनों की स्वर लहरियां बिखरे रहे थे। कलश यात्रा वजीरपुर गेट, बड़ा बाजार, सदर बाजार, फूटाकोट होते हुए मदनमोहनजी मंदिर पहुंची, जहां कथावाचक पंडित रमेशचन्द शास्त्री पांचौली वालों ने कथा के पहले दिन कथा माहत्तम का वर्णन किया। इस मौके पर कथा आयोजन समिति के रामजीलाल गौतम, राजेश गौतम, महेन्द्र, कमल गौतम सहित अन्य मौजूद थे। कमल गौतम ने बताया कि कथा का समय दोपहर एक बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। कथा के समापन पर 8 जनवरी को हवन-यज्ञ होगा। जीरोता. ग्राम पंचायत हाड़ौती में बुधवार से बड़े हनुमान मन्दिर पर ग्रामीणों की ओर से भागवत कथा शुरू हुई है। इस कथा के आगाज पर टेगड़ी वाले हनुमान मन्दिर से बड़े हनुमान मन्दिर तक कलश यात्रा निकाली गई।

## किसानों की फसलें रौंद रहे जंगली जानवर

सवाईमाधोपुर ( ए. )। रणथंभौर राष्ट्रीय अभयारण्य के वन्यजीवों के आतंक से क्षेत्र के किसान परेशान है। हालात यह है कि अभयारण्य के जंगली जानवर बेखौफ होकर किसानों के खेतों में फसलों को खोद और रौंद रहे हैं। किसान इतने भयभीत है कि वह रात भर इधर उधर भागकर रखवाली करने के बाद भी अपनी फसल को जंगली जानवरों से पूरी तरह से सुरक्षित नहीं बचा पा रहे हैं। शाम ढलते ही हो जाता है फसलों पर हमला शुरू किसानों के खेतों में इन दिनों सरसों, गेहूं, चना व अन्य तरह की फसल लहरा रही है। शाम ढलते ही रोजड़े, जंगली सुअर, नील गाय व अन्य तरह के वन्य जीव वन सीमा को छोड़कर सैकड़ों की तादात में खेतों की ओर रूख करते हैं। जैसे ही अंधेरा होता है इनके दर्जनों टोले एक साथ खेतों में प्रवेश कर फसलों पर हमला शुरू कर देते है। जंगली जानवर फसल को खाने के साथ साथ खोदते हैं, उखाड़ते हैं तथा इधर उधर भागकर रौंदते हैं। दूसरी ओर पता लगते ही किसान इन्हें खदेड़ता है तो ये दूसरे खेतों में जाकर फसल पर हमला कर देते हैं। इस प्रकार रात भर किसान जंगली जानवरों को खदेड़ता रहता है और जंगली जानवर बार बार मौका पाकर फसलों पर हमला करते रहते हैं। अभयारण्य खंडार से सटा हुआ है। कई किसानों के खेत वन सीमा के काफी नजदीक है। इन खेतों में बाघ शिकार के चक्कर में बाहर आ जाता है।

# अब कोई नहीं बिगाड़ेगा बच्चे का नाम



■ धौलपुर (ए.)

आरबीएसके कार्यक्रम के सहयोग से अभिषेक (8) पुत्र जवाहर सिंह, निवासी लुहारी का पुरा, राजाखेड़ा का जिला चिकित्सालय धौलपुर में हड्डी रोग विषेषज्ञ डॉ. मुनेन्द्र गर्ग, डॉ.योगेन्द्र गुप्ता, ऐनेस्थेटिस्ट डॉ.नरेन्द्र तोमर एवं ओटी असिस्टेन्ट भूदेव आदि की टीम द्वारा जन्मजात हाथ व पैरों की अतिरिक्त उंगलियों (पोस्ट एक्जियल पॉली डेक्टाइली) का सफल ऑपरेशन नववर्ष में किया गया। पीएमओ डॉ. समरवीर सिंह सिकरवार ने बताया राजाखेड़ा में आरबीएसके की मोबाइल हैल्थ टीम को उच्च प्राथमिक विद्यालय, लुहारी का पुरा में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान एक ऐसा जन्मजात विकृत बच्चा मिला, जिसके एक हाथ एवं दोनों पैरों में छः-छः उंगलियां थी, जिसकी वजह से उसके परिजन परेशान एवं चिन्तित थे। मुख्य कारण आस-पड़ौस के लोगों द्वारा बच्चे को गलत नाम छिंगा कहकर पुकारना था। बच्चे को भी दैनिक कार्य करने में कठिनाई होती थी, लेकिन आरबीएसके टीम द्वारा बच्चे के परिजनों को उचित जानकारी प्रदान करते हुए जिला मुख्यालय आरसीएचओ कार्यालय भेजा गया। जहां से एडीएनओ कैलाश फरडोलिया द्वारा परिजनों को ऑपरेशन करवाने के लिए प्रोत्साहित कर जिला चिकित्सालय भेजा गया। जहां पर डॉ. सुरेन्द्र सिंह द्वारा चिकित्सालय के विशेषज्ञों से सम्पर्क कर बच्चे का निःशुल्क ऑपरेशन करवाया गया। आरसीएचओ डॉ. शिवकुमार ने बताया की बच्चे के पिता मजदूरी का काम करते है, ये इनकी इकलौता पुत्र है। आरबीएसके ने इस बच्चे का ऑपरेशन करवाने में मदद की। डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि गर्भावस्था में ही भ्रूण के विकास के दौरान कुछ अनियंत्रित कोशिकाएं विभाजित होती रहती है। जिसके फलस्वरूप इस प्रकार के विकृत बच्चे पैदा होते है। उपचार में डॉ. चन्द्र प्रकाश सोनी, डॉ. आबिदा खातून, एएनएम पूजा का सहयोग रहा।

# कोटा में बच्चों की मौत पर मुख्यमंत्री का बयान शर्मनाक : कटारिया

■ सवाईमाधोपुर (ए.)

भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ भरतलाल मथुरिया के नेतृत्व में आलनपुर रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा नेता प्रतिपक्ष व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गुलाबचंद कटारिया से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पार्टी की गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विरोध में जो लोग कार्य कर रहे हैं, उन्हें देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। वहीं राज्य के मुख्यमंत्री के कोटा में बालकों की मौत पर दिए गए बयान की निंदा की और इसे शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि सबको पंचायत चुनावों में एकजुटता से पार्टी के लिए कार्य करना है और जिले में संगठन को मजबूत बनाना है।

इससे दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका माला, साफा पहनाकर व तस्वीर भेंट कर स्वागत



किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हंसराज शर्मा, हरिनारायण बैरवा, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, सभापति गीता सैन, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष मथुरिया, जिला महामंत्री लोकेन्द्र आचार्य, जिला उपाध्यक्ष भवानी सिंह मीणा, बजरिया मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, जिला मंत्री पंकज जैन, मीडिया प्रभारी मुरली गौतम आदि मौजूद थे।

## नो व्हीकल डे पर पैदल और साइकिलों से कार्यालय पहुंचे अधिकारी और कर्मचारी

धौलपुर ( ए. )। परिवहन विभाग की ओर से प्रदूषण पर नियंत्रण करने, सड़क सुरक्षा एवं सार्वजनिक परिहवन को बढ़ावा देने के लिए 1 जनवरी को नो व्हीकल डे मनाया गया। जिसके तहत परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी बुधवार को पैदल एवं साइकलों से कार्यालय पहुंचे। परिवहन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि राज्य में प्रदूषण पर नियन्त्रण, सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक परिवहन को बढावा देने के उद्देश्य से 1 जनवरी को जिला परिवहन कार्यालय में नो व्हीकल डे मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी पैदल, ई-रिक्शा अथवा साईकिल के द्वारा कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि राज्य में प्रदूषण, नियंत्रण सड़क सुरक्षा तथा सार्वजनिक परिवहन सेवा को बढ़ावा देने के लिए आमजन को जागरुक करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस को नो व्हीकल डे के रूप में मनाया जाएगा।

## हल्की धूप ने किया नए साल का स्वागत

धौलपुर ( ए. )। नई साल की सुबह मौसम में कई रंग देखने को मले। यानि की सुबह सर्द बनी रही, लेकिन नए साल का स्वागत कोहरे की चादर, शरीर को सुन्न करती गलन की सर्दी और फिर दोपहर में निकली काफी देर तक धूप से लोग राहत लेते रहे। यानि की बुधवार को मौसम ने अपने अपने प्रकार से अपना अपना असर दिखाया। बुधवार को मौसम में आए कई बदलाव के कारण ही न्यूनतम पारा 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 18 डिग्री दर्ज किया गया।

## उपभोक्ताओं को दिए फूल और टॉफी बिजली चोरी न करने की अपील की

धौलपुर ( ए. )। विद्युत निगम की ओर से बुधवार को साल का पहला दिन नो नेगेटिव डे के रुप में मनाया गया। जिसमें विभाग की ओर से कोई नेगेटिव कार्रवाई नही की। वही निगम के कार्यालय में आने वाले उपभोक्ताओं को निगम के अधिकारियों की ओर से फूल एवं टॉफी देकर उन्हें निगम की ओर से चल रही योजनाओं की जानकारी दी। अधीक्षण अभियंता बीएल वर्मा ने बताया कि जयपुर विद्युत निगम प्रशासन की ओर से जारी किए गए आदेशानुसार साल का प्रथम दिन नो नेगेटिव डे के रुप में मनाया गया। जिसमें निगम के अधिकारियों की ओर से उपभोक्ताओं को निगम की ओर से चलाई जा रही रियायती जमा योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि समस्त श्रेणी के कनेक्शन जो 31 मार्च 2019 से पहले के कटे हुए कनेक्शनों पर ब्याज की छूट का लाभ लें। इस दौरान कार्यालय में आने वाले उपभोक्ताओं को अधिकारियों की ओर फूल एवं टॉफी दी गई। वही उपभोक्ताओं के लंबित पड़कर प्रकरणों की सुनवाई करते हुए उनका निस्तारण किया गया। वही नेगेटिव डे पर कोई सतर्कता जांच नही की गई और ना ही कोई विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए गए। इसके साथ ही बिजली चोरी न करने की अपील की।

## सरमथुरा में अब पहले चरण में ही होगा मतदान

धौलपुर ( ए. )। पिछले दिनों चुनाव आयोग द्वारा पंचायत चुनाव के लिए जारी की गई घोषणा में कुछ फेरबदल किया है। इसके तहत अब सरमथुरा में मतदान पहले चरण में 29 जनवरी को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव श्यामसिंह राजपुरोहित ने आदेश जारी करते हुए बताया कि आयोग द्वारा जारी मतदान तिथियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि कुछ पंचायतों का कार्यकाल निर्धारित तिथि से पहले समाप्त हो रहा है। इसके चलते आयोग ने यह निर्णय लिया है। इसमें सरमथुरा में पहले तृतीय चरण में मतदान होना था, जिसे अब प्रथम चरण में शामिल किया गया है।

## 50 लाख की नकदी व आभूषण पार, गनीमत रही कि आलमारी नहीं खोली

धौलपुर ( ए. )। पुराना शहर में सब्जी वाली गली के सामने स्थित एक तीन मंजिला दुकान में बुधवार रात को चोर दीवार में सेंधमारी कर करीब 50 लाख रुपए की नकदी व आभूषण पार कर ले गए। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। चोरी का पता गुरुवार सुबह दुकान पर पहुंचे मालिक को चला। इस पर वह भौचक्का रह गया। मामले की जानकारी जैसी ही बाजार के लोगों को लगी, दुकान पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस तथा पुलिस उपाधीक्षक भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। इस सम्बंध में पीड़ित ने कोतवाली थाने में तहरीर दी है। इसमें सब्जी गली वाली निवासी अंकित सिंहल पुत्र राकेश सिंहल ने बताया कि उनकी गली के सामने तीन मंजिला दुकान है। भूतल पर कपड़े की दुकान है, जबकि प्रथम तल पर सर्राफा की दुकान है। वहीं सबसे ऊपर मंजिल पर कपड़ों का गोदाम है। रात को करीब आठ बजे वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। गुरुवार सुबह करीब दस बजे जब वह दुकान पर पहुंचा नीचे कपड़े की दुकान पर ताले यथावत लगे मिले। जब वह ऊपर अपनी सर्राफे की दुकान पर गया तो वह भौचक्का रह गया। दुकान में बिखरा सामान देखकर चोरी का पता चला। इस पर और ऊपर गया तो कपड़े की गोदाम में बाजार की तरफ की दीवार में सेंधमारी कर चोर अंदर घुसे और सर्राफा की दुकान से ही चोरी कर फरार हो गए।

## एनआरसी के विरोध में दी गिरफ्तारियां

सवाईमाधोपुर ( ए. )। कस्बे में बुधवार को मुस्लिम समाज के युवकों ने सीएए और एनआरसी के विरोध में गिरफ्तारियां दी। पुरानी तहसील के पास से युवक ईदगाह पहुंचे, जहां 40 से अधिक युवकों ने अपनी गिरफ्तारी दी। गिरफ्तार युवकों को बस में बैठाकर पुलिस ने गंगापुर रोड पर मोरेल नदी पर छोड दिया। इस अवसर पर शांति व सुरक्षा के लिहाज से थानाधिकारी भोजाराम जाट मय जाब्ते के मौजूद थे।

## वन भूमि से हटाया अवैध कब्जा

सवाईमाधोपुर ( ए. )। ग्राम पंचायत सांकड़ा के रामपुरा गांव की वन भूमि में किसानों द्वारा अवैध रूप से किए गए कब्जे को वन विभाग द्वारा हटवाया गया है। उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार मलारना स्टेशन वन विभाग चौकी इंचार्ज अशोक कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में वन विभाग एवं राजस्थान पुलिस के जवानों ने एलएनटी चलाकर अतिक्रमण हटवाया।

# कोटा संभाग


## सुधासागर संतशाला का शुभारंभ



बूंदी ( ए. )। मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज की प्रेरणा से सिलोर स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन शीलोदय तीर्थ क्षेत्र में नवनिर्मित 'सुधासागर संत शाला' का बुधवार को नववर्ष पर लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में हाड़ौतीभर से बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग आए। ध्वजारोहण से कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बूंदी बघेरवाल प्रांत के अध्यक्ष महेंद्र हरसौरा थे। मुनि सुधा सागर महाराज के जयकारों के बीच संत शाला का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। पंडित मोहित शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ क्रियाएं सम्पन्न

# नागरिकता छीनने का नहीं, देने का कानून है 'सीएए' : देवनानी

■ कोटा (ए.)



३कोटा. भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी घर-घर जाकर लोगों को संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के बारे में फैली भ्रांतियां दूरकर इस कानून के फायदे बताएंगे। इसके लिए शहरों से लेकर गांवों तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कोटा में गुरुवार को इस अभियान की शुरुआत जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच कोटा के प्रभारी व पूर्व मंत्री वासुदेव देवनानी ने की।

देवनानी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सीएए को लेकर कांग्रेस और वामपंथी दल राजनीतिक फायदे के लिए लोगों में भ्रांतियां फैला रहे हैं। कांग्रेस लोगों को हिंसा के लिए उकसा रही है। उन्होंने कहा कि सीएए नागरिकता देने का कानून है, न कि छीनने का। इसलिए लोगों को जागरूक करने के लिए भाजपा देशभर में जागरूकता अभियान चला रही है।

देवनानी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और जनहित के फैसलों से कांग्रेस और वामपंथी दल घबरा गए हैं और अपना अस्तित्व बचाने के लिए लोगों को बरगलाने का काम शुरू कर दिया है। देवनानी ने कहा कि संविधान की पालना की शपथ लेने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही सीएए के लागू नहीं करने की बात कह रहे हैं, जबकि संविधान में स्पष्ट प्रावधान है कि केन्द्र जो कानून लागू करेगा, वह सभी राज्यों में मान्य होगा।

गहलोत का इस कानून को लागू नहीं करने का बयान अराजकता वाला है। वोटों की राजनीति में अंधी कांग्रेस को शरणार्थी और घुसपैठियों में ही फर्क नजर नहीं आ रहा। पूर्व विधायक भवानीसिंह राजावत, हीरालाल नागर, केशवरापाटन विधायक चन्द्रकांत मेघवाल, शहर अध्यक्ष हेमंत विजयवर्गीय व देहात अध्यक्ष जयवीरसिंह ने कहा कि कोटा जिले में पार्टी सीएए के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पेम्फलेट बांटे जाएंगे और इस काननू के फायदे बताए जाएंगे। 10 जनवरी तक यह अभियान चलाया जाएगा।

## पंचायती राज चुनाव के लिए प्रशिक्षण 5 से

*बारां ( नि.सं. )।* पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2020 के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर नियुक्त चुनाव अधिकारी, कर्मचारियों के प्रषिक्षण का कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र सिंह राव के अनुसार समस्त चरणों के लिए 5 जनवरी को राजकीय पोलोटेक्निक महाविद्यालय बटावदी में पंच-सरपंच निर्वाचन के लिए नियुक्त रिटर्निंग अधिकारी एवं मतदान अधिकारी कम सहायक रिटर्निंग अधिकारी, 6 जनवरी को जिला परिषद क हॉल में सभी एरिया मजिस्टेड्ट व जोनल मजिस्टेड्ट, 8 से 10 जनवरी को राजकीय पोलोटेक्निक महाविद्यालय बटावदी में मतदान अधिकारी एवं सहायक मतदान अधिकारी प्रथम को प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक प्रषिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह प्रथम चरण का अंतिम प्रषिक्षण 16 जनवरी, द्वितीय चरण का 21 जनवरी व तृतीय चरण का 28 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा रोड बारां में प्रात: 10 बजे से दिया जाएगा। प्रषिक्षण के पश्चात मतदान दलों को निर्वाचन सामाग्री के साथ संबंधित मतदान केन्द्र के लिए रवानगी दी जाएगी।

## छबड़ा में नववर्ष पर किया सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन

*बारां ( ए. )।* कस्बे में नगर पालिका अध्यक्ष केसी जैन ने नववर्ष पर आम नागरिकों को तोहफा दिया। जिसमें मुख्य रूप से कस्बे में सेल्फी पॉइंट की शुरुआत के साथ पालिका आपके द्वार कार्यक्रम एवं घर बैठे वरिष्ठ जन सम्मान योजना की भी शुरू आत की गई। पालिकाध्यक्ष जैन ने बताया कि दिल्ली, जयपुर, कोटा, इंदौर आदि बड़े शहरों की तर्ज पर यहां के आजाद सर्किल पर मंगलवा रात को सेल्फी पॉइंट शुरू किया गया, जिसका उद्घाटन समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में पालिका के पार्षद सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया। इसके तहत आजाद सर्किल पर आई लव छबड़ा लिख कर दर्शाया गया है। समारोह में पालिका जैन ने कहा कि यह कस्बे के सौंदर्यीकरण का एक हिस्सा है। वह युवाओं व बच्चों के मनोरंजन के लिए आगे भी इस तरह के कार्यों के लिए प्रयास रत रहेंगे। इसी के साथ पालिकाध्यक्ष जैन ने नगर पालिका आपके द्वार कार्यक्रम की शुरू आत की। उन्होंने बताया कि अब किसी को भी नगर पालिका के चक्कर काटना नहीं पड़ेंगे जरूरत पड़ने पर ही पालिका में आना होगा। अब आम आदमी को कोई भी काम कराने के लिए वार्ड पार्षद को प्रार्थना पत्र जरूरी कागजात के साथ देना होगा। इसके बाद घर बैठे उसका काम हो। इस कार्यक्रम के तहत पालिकाध्यक्ष सहित पार्षदों व पालिका कर्मियों ने 11 घरों पर पहुंच कर कई प्रमाण पत्र वितरित किए। पालिका अध्यक्ष जैन ने बताया कि बुधवार से ही पालिका की ओर से वृद्धजनों का सम्मान कार्य शुरू किया गया। कड़ाके की सर्दी के दौरान पहले दिन चार वृद्धजनों का शाल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर सम्मान किया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 85 वर्ष से अधिक की आयु वर्ग के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा।

## आखिर कब चालू होंगे फव्वारे

*बारां ( ए. )।* छबड़ा नगर पालिका की ओर से कस्बे का सौंदर्य बढ़ाने के लिए मुख्य चौराहों पर लाखों रुपए की लागत से बनाए गए फव्वारे देखरेख के अभाव में काफी अर्से से बंद पड़े हैं। यह सिर्फ नुमाइश बनकर रह गए हैं। वहीं पालिका की ओर से बाहरी दरवाजा पर श्रीगणेश मंदिर के सामने बनवाया गया लाखों रुपए की लागत का फव्वारा तो तुड़वा ही दिया।

वहीं अहिंसा सर्किल के फव्वारे को भी समाप्त कर दिया है। कस्बे के इन फव्वारों से किसी को राहत नहीं मिल रही है। कस्बे के फव्वारे तो चल नहीं रहे, इनमें गंदगी और पसर रही है। गत दिनों गांधी सर्किल की सुरक्षा जाली को एक वाहन चालक ने टक्कर देकर तोड़ गया, जिसकी अब तक किसी ने सुध नहीं ली है। वहीं कस्बे के मुख्य चौराहों पर लगे फव्वारों के साथ ही आजाद सर्किल पर स्थित सुखाड़िया पार्क में भी लाखों रुपए की लागत से गोलाकार होज का निर्माण करवाकर फव्वारा लगाया था। इस फव्वारे से रंग-बिरंगे पानी के फव्वारे छूटते थे, जो राहगीरों को पार्क में आने के लिए आकर्षित करता था, लेकिन यह फव्वारा वर्षों से बंद पड़ा है।

## 100 प्रतिशत रिजल्ट रखने पर दिया जोर

*बारां ( ए. )।* राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में शिक्षकों ने नववर्ष पर ठंडे व शुद्ध पानी के लिए 50 हजार रुपए कीमत का 150 लीटर क्षमता का वाटर कूलर भेंट किया है। इसमें सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रामनारायण वर्मा, व्याख्याता प्रदीप जोशी, रामनारायण नागर और शिक्षक ब्रह्मानंद श्रृंगी ने सहयोग किया है। इस अवसर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेशकांति और अतिरिक्त ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पन्नालाल वर्मा के आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह महडू ने स्वागत किया। कार्यक्रम में इस वर्ष सभी संकाय और कक्षा 10 का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहने रखने पर भी जोर दिया गया। इसमें जगदीश चौधरी, घनश्याम पाटीदार, व्याख्याता दिनेश राठौड़, मुकेश गुर्जर, उदयलाल गुर्जर, ऐश्वर्या वर्मा, सुरेश राठौड़, शैलेन्द् चतुर्वेदी, मनीष बागोरिया, देवीसिंह नागर, जगदीशचंद राठौड़, संगीता शर्मा, अंजना, पवन सोनी, रघुवीर सिंह झाला, सुरेंद्र गुप्ता, गिरीशकांत कुमरावत आदि ने भाग लिया। संचालन शिक्षक कैलाशचंद लोहार ने किया।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण से सशक्त होंगी बालिकाएं



■ झालावाड़ (ए.)

बालिकाओं के आत्मबल को बढ़ाने तथा मनचलों से अपनी रक्षा स्वयं कर सके। इसको लेकर पुलिस लाइन में महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र की शुरुआत की हुई। महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त बनाकर महिला अपराधों में कमी लाने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस की ओर से जनवरी 2020 से महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया है। जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र पर महिलाओं व बालिकाओं के आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ ही कानून और अपने अधिकारी के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि उनका मनोबल बढ़े। योजना का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को दैनिक जीवन में अत्याचार, छेड़छाड़, घरेलू, हिंसा, यौन उत्पीडन, एसिड हमले आदि परिस्थितियों का सामना करने और स्वयं की सुरक्षा के लिए आत्म निर्भर बनाना है।

पुलिस लाइन में 50 बालिकाओं को इनडोर व आउटडोर का सात दिवसीय प्रशिक्षण प्रशिक्षित पुलिस महिला मास्टर ट्रेनर्स दे रही हैं। 13 वर्ष से अधिक उम्र की बालिकाओं को ये कोर्स करने के बाद प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। बालिकाओं को महिला पुलिस ट्रेनर कांस्टेबल रेखा, रचना, शारदा, पूजा प्रशिक्षण दे रही है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक ने बुधवार शाम को किया। इस मौके पर एएसपी राजेश यादव, वृत्ताधिकारी अर्जुन सिंह शेखावत, पुलिस उपअधीक्षक व योजना प्रभारी गोपाललाल मीणा, पुलिस लाइन प्रभारी चन्द्र ज्योति आदि मौजूद रहें।

उन्हेल. थाना क्षेत्र के सरवर गांव में सुबह अचानक झौपड़ी में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों व पुलिस के अनुसार महिला गंगाबाई पत्नी कालू मेघवाल स्कूल के समीप झुग्गी झोपड़ी में रहती है। सुबह महिला ने चूल्हा जलाकर पानी का तबेला रखा तथा किसी कार्य से वह बाहर निकल गई, इसी दौरान अचानक झौपड़ी में आग लग गई। इससे खाने-पीने की सामग्री व नगदी, अनाज सहित अन्य कई सामग्री जल गई। झौपड़ी में आग लगने से महिला बेहोश हो गई, उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

झालावाड़. महानिदेशक द्वारा लागू की बीट प्रणाली में नवम्बर के लिए जिले के सर्वश्रेष्ठ कांस्टेबल में गंगधार थाने के कांस्टेबल त्रिलोकचन्द का चयन किया है। एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि कांस्टेबल की फोटो कार्यालय के नोटिस बोर्ड, रिजर्व पुलिस लाइन व थानों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। कांस्टेबल ने नियमानुसार बीट भ्रमण कर बीट-बुक में वांछित प्रविष्ठियां कर रिकॉर्ड संधारित कर, आसूचना संकलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रेष्ठ कांस्टेबल का चयन कर पुरस्कृत किया जाएगा।

## पहली बार इवीएम से होंगे सरपंच पद के चुनाव

*बारां ( नि.सं. )।* पंचायती राज चुनाव के तहत सरपंच पद के चुनाव में पहली बार ईवीएम का उपयोग किया जाएगा जबकि पंच पद का निर्वाचन मतपेटी एवं मतपत्र के माध्यम से करवाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र सिंह राव ने बताया कि सरपंच पद के चुनाव में निर्वाचन विभाग पहली बार ईवीएम मषीन उपयोग में लेगा। इससे चुनाव में पारदर्षिता के साथ समय की बचत होगी। उन्होंने बताया कि चुनाव विभाग ने चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के लिए खर्च सीमा भी तय की गई है इसके तहत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव के दौरान वाहनों, लाउड स्पीकरों के उपयोग, कटआउट, होर्डिंग्स, पोस्टर्स एवं बैनरों के प्रदर्षन व इनसे संबंधित गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए आयोग के आदेष द्वारा प्रतिबंध अधिरोपित किए गए हैं। लाउड स्पीकर के उपयोग के लिए निर्वाचन अधिकारी की लिखित अनुमति प्राप्त करना आवष्यक होगा एवं इसके प्रयोग रात 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन में प्रचार के लिए वाहनों की अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है। इसके लिए संबंधित निर्वाचन अधिकारी ने वाहन के सम्पूर्ण विवरण के साथ लिखित अनुमति प्राप्त करना आवष्यक होगा। सरपंच पद का चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की चुनाव खर्च सीमा को 50 हजार रूपए निर्धारित की गई है इस खर्च का विवरण परिणाम घोषणा के 15 दिवस के भीतर विहित प्रारूप में जिला निर्वाचन अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा।

## नाम निर्देशन पत्र के लिए आवश्यक दस्तावेज

*बारां ( नि.सं. )।* जिला कलक्टर इन्द्र सिंह राव के अनुसार पंचायती राज आम चुनाव 2020 के अन्तर्गत सरपंच पद हेतु नाम निर्देषन पत्र भरने के लिए आवष्यक दस्तावेजों बारे में व्हाट्सएप एवं अन्य सोषल मीडिया प्लेटफार्म पर कई प्रकार की गलत एवं भ्रामक जानकारियां दी जा रही है जिनके कारण आमजन को अनावष्यक परेषानी हो रही है और इसके लिए निर्वाचन लड़ने के इच्छुक व्यक्ति कलेक्टेड्ट में स्टांप वेंडर्स इत्यादि से सम्पर्क कर पुन: और भ्रमित हो रहे हैं इस प्रकार सरपंच पद के लिए नाम निर्देषन पत्र भरने हेतु आवष्यक दस्तावेज सरपंच के नाम निर्देषन पत्र भरने हेतु अपेक्षित है जो निम्नानुसार है -

## 17 दिन बाद भी नहीं मिली भगवान की मूर्तियां तो जैन समाज का फूटा आक्रोश

*झालावाड़ ( ए. )।* कस्बे के जैन मंदिर से 13 दिसम्बर की रात को चोरी हुई भगवान की मूर्तियों को बरामद करने की मांग को लेकर जैन समाज के लोगों ने सोमवार को जुलूस निकालकर थानाधिकारी सम्पत सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि मंदिर से चोरों की गैंग दो मूर्तियां, दानपेटी और अन्य सामान चुरा ले गए थे। चोरों की सारी हरकतें सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई जो फुटेज पुलिस को उपलब्ध करा दिए, बावजूद 18 दिन बाद भी चोरों का पता नहीं चला। डाबी पुलिस चोरी की वारदात के बाद से ही हाथ पर हाथ धरे बैठी है। सकल जैन समाज के लोगों ने पुलिस की इस कार्यशैली से नाराज होकर अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और पुलिस थाने में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इससे पहले मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद सभी जुलूस के रूप में रवाना हुए। फूलचंद जैन ने ज्ञापन पढकर सुनाया। यहां जैन समाज ने चेतावनी दी कि 10 दिवस में चोरों को पकडकर भगवान की मूर्तियों को बरामद नहीं किया गया तो बूंदी जिला कलक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे। इस दौरान फूलचंद पोखरणा, संजय पोखरणा, दीपचंद जैन, प्रकाश पोखरणा, सुरेश जैन, सौरभ जैन, दिनेश पोखरणा, भानुकुमार जैन, धनराज जैन, भागचंद जैन, लोकेश जैन, रोहित जैन, अशोक जैन, सागरचंद जैन आदि सहित कई जने मौजूद थे।

## किचन गार्डन बनाने के लिए सहरिया समुदाय को वितरित कर रहे हैं पौधे

*बारां ( ए. )।* शाहाबाद कस्बे में स्थित भारतीय ग्रामीण विकास संस्थान सहरिया समुदाय के आर्थिक विकास के लिए किचन गार्डन के तहत पिछले दो वर्षों से टमाटर, मिर्ची, करेला, अरबी, बैंगन, गोभी, पत्ता गोभी, लोकी, स्ट्रॉबेरी,तुरई, कद्दू आदि के पौधे वितरण कर रहा है। जिससे सहरिया समुदाय के लोगों को घर पर ही सब्जी उपलब्ध हो जाती है एवं अधिक उत्पादन होने पर उसे बेच भी देते हैं, लेकिन एक ऐसा फल जिससे सहरिया समुदाय ही नहीं क्षेत्रवासी भी अनभिज्ञ थे वह अब संस्था के ग्रीन हाउस में तैयार किया जा रहा है, जिसका नाम स्ट्रॉबेरी है। यह फल व पौधा विदेशी है और लाभकारी भी है। इस फल के खाने से शारीरिक व मानसिक कमजोरी दूर होती है और बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। पिछले वर्ष लगभग 500 स्ट्रॉबेरी के पौधे वितरण किए गए थे, लेकिन अनुभव की कमी के कारण मात्र सौ पौधे ही फल दे पाए। इस बार स्ट्रॉबेरी की मांग सहरिया समुदाय के लोगों में बढ़ रही है। संस्था के समन्वयक सूरज खंगार ने बताया कि अधिक बारिश होने व तेज सर्दी के कारण पौधे विकसित नहीं हो पा रहे हैं। मौसम जैसे ही सही होगा पौधे विकसित होंगे तो वितरण किए जाएंगे। हालांकि अभी पौधों में फल लगने लगा है, लेकिन अधिक सर्दी के कारण पूरी तरह से विकसित नहीं हो पा रहा है। संस्था की ओर से सहरिया समुदाय को वितरित करने के लिए पौधे तैयार किए जा रहे हैं।

## अब चेतक पर सवार होंगे महायोद्धा महाराणा प्रताप

*बारां ( ए. )।* नववर्ष पर नगर परिषद बारां शहर को स्वाभिमान की सौगात दी है। शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले प्रताप चौक के नवनिर्माण के साथ प्रदेश की आन, बान व शान के प्रतीक महाराणा प्रताप की प्रतिमा अब कुछ समय बाद चेतक पर सवार नजर आएगी। बुधवार को इसके लिए नगर परिषद के सभापति कमल राठौर ने इन कार्यों का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में सभापति राठौर ने कहा कि शहर के लोगों की बरसों से इच्छा व भावना थी कि शहर के प्रताप चौक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जिससे लगे कि यह अन्नपूर्णा नगरी की शान है। महाराणा प्रताप की घुड़सवार प्रतिमा लगाने की आस भी लोग जता रहे थे। लोगों का कहना है कि महापुरुष महाराणा प्रताप की वीरता जग प्रसिद्ध है, नगर परिषद ने उन्हें नमन करते हुए यह निर्णश् किया है।

# सुबह जल्दी उठना व नित्य घूमना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

■ बूंदी (ए.)

शहर के अस्पताल में नववर्ष पर नवाचार शुरू करते हुए वृद्धजनों का सम्मान किया गया। उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। जिसमें ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच प्रमुख है।

अस्पताल में हुए कार्यक्रम ने वृद्धजनों ने अपने स्वास्थ्य को लेकर जीवन के अनुभव बताए। वृद्धजनों ने कहा कि नियमित दिनचर्या के साथ व्यायाम और रोजाना घूमना अच्छे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। खानपान का विशेष ध्यान रखा जाना चहिए। भोजन स्वाद के लिए नहीं होता बल्कि शरीर की ऊर्जा के लिए होता है। इसलिए अपने पेट को कचरा पात्र बनाने से पहले खानपान पर जरूर ध्यान देना चाहिए। समय समय पर डॉक्टर की सलाह भी जरूरी होती है। इस दौरान तीन सबसे वृद्ध का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस दौरान पंडित भीमराज श्रृंगी, बाबूलाल सेदावत, ब्रह्मानंद शर्मा, शंभुलाल पारेता, लतीफ खान, दुर्गालाल पारेता, भैरूलाल महावर, रणजीत खिलाडी, रविकांत शर्मा सहित बडी संख्या में वृद्धजन मौजूद रहे।

उम्र के साथ बदल ली आदतें, आज है फिट

समारोह के दौरान लोगों ने स्वास्थ्य को लेकर अपने अनुभव साझा किए। अधिकांश वक्ताओं का मानना है कि नियमित दिनचर्या और खानपान पर ध्यान ही उत्तम स्वास्थ्य की कुंजी है। कुछ लोगों ने भास्कर से चर्चा में अपने अनुभव शेयर किए।



रोजना जल्दी उठना और घूमना: शिक्षक के पद से सेवानिवृत हुए रेलवे स्टेशन निवासी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि यूं तो शुरू से ही वे स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे हैं फिर भी बढ़ती उम्र के साथ नियमित दिनचर्या ने स्वास्थ्य को बरकरार रखा। शर्मा लंबे समय से एनसीसी कैडेट के ट्रेनर रहे हैं। रोजाना जल्दी उठाना व नित्य घूमना उनकी आदत में है। इसी के चलते वे एकदम फिट नजर आते हैं।

खुशमिजाजी है अच्छे स्वास्थ्य की निशानी:

बिजली विभाग से बतौर लाइनमैन के पद से रिटायर हुए छीतरलाल पारेता कहते हैं कि उम्र के साथ कई रोग शरीर को जकड़ लेते है, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ हरदम खुशमिजाज में रहना भी स्वास्थ्य को तरोताजा रखता है। मन प्रसन्न रहेगा तो शरीर ऊर्जावान बनाए रखेगा। पारेता अपनी खुशमिजाजी के लिए जाने जाते हैं।

नशा छोड़ा तो मिला सम्मान: एसीसी फैक्ट्री से रिटायर हरफूल गोचर एक जमाने अपने शराब के नशे को लेकर काफी चर्चित रहे, लेकिन बीस वर्षों पहले अचानक नशे का त्याग कर दिया तो समाज में खोई हुई प्रतिष्ठा तो पुन: मिल ही गई। वे आज भी एकदम तंदरुस्त लगते हैं। वे कहते हैं कि नशे का त्याग नहीं करता तो शायद आज इस मुकाम पर नहीं होता।

श्रीसांकेत पंचाग का विमोचन: बूंदी. नववर्ष के उपलक्ष में बुधवार को श्री सांकेत पंचाग-2020 का विमोचन पूर्व वित्त राज्य मंत्री हरिमोहन शर्मा ने किया। इस अवसर पर अरबन बैंक के चेयरमैन सत्येश शर्मा, ज्योतिषाचार्य जगदीश शर्मा, ज्योतिष में अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता अक्षय शास्त्री, चंदू चंद्राकर, प्रहलाद लाठी, जितेंद्र शर्मा, यशवंत शर्मा मौजूद रहे।

## नववर्ष की बधाई के साथ प्रत्याशी दे रहे हैं चुनाव प्रचार का डोज

*बारां ( ए. )।* कस्बे सहित आसपास ग्रामीण अंचल में नव वर्ष के आगाज के साथ ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बुधवार प्रात से ही संभावित प्रत्याशियों के समर्थक कस्बे में नव वर्ष की बधाई के साथ लोगों से रामा श्यामी करते नजर आए । जानकारी के अनुसार कस्बे में अब तक तीन महिला उम्मीदवार मैदान में आ डटी हैं। हालांकि तीनों ही महिला उम्मीदवार अभी पूरी तरह जनसंपर्क में नहीं जुटी हैं किंतु किसी के ससुर तो किसी के पति व किसी के समर्थक कस्बे में घूम घूम कर नववर्ष की बधाई देकर राम राम करते नजर आए। कस्बा वासियों की मानें तो अभी आधा दर्जन उम्मीदवार और मैदान में आने की संभावना है । जनरल व ओबीसी सीट के कई सरपंच के दावेदार अब वार्ड पंच का चुनाव लडने का मानस बना मतदाताओं का मन टटोल रहे हैं । कई वार्ड पंच के चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को सरकार द्वारा शिक्षा में दी राहत से प्रसन्न हैं किंतु दो से अधिक संतान नहीं होने कि बाध्यता ने उनको चिंता में डाल दिया है । कई उम्मीदवार चाह कर भी चुनावी चौसर से बाहर होते नजर आ रहे हैं। कमोबेश यही हालात क्षेत्र की घट्टी एवं परानिया ग्राम पंचायत के हैं । परानिया ग्राम पंचायत में भी जनरल महिला की सीट होने से यहां अब तक आधा दर्जन उम्मीदवार मैदान में आ चुके हैं नववर्ष के बहाने घर.घर जाकर जनसंपर्क में जुट गए हैं ।



# उदयपुर संभाग

## पुलिस अंकल ने जीता बच्चों का दिल



उदयपुर ( ए. )। सामाजिक सरोकार का निर्वहन करते हुए पुलिस ने समाज के अभावग्रस्त व जरूरतमंद परिवार व बच्चों के बीच जाकर उन्हें सर्दी में शॉल, स्वेटर, गर्म कपड़े भेंटकर नववर्ष की खुशियां साझा की आईजी बिनीता ठाकुर के निर्देशन में पूरे संभाग में पुलिस ने सामाजिक सरोकार के तहत कार्यक्रम किए। एसपी कैलाशचन्द्र बिश्नोई ने सूरत से रेस्क्यू कराए गए 60 बच्चों को देवाली स्थित अपना घर संस्था में उपहार बांटे। उनके साथ एएसपी अनंत कुमार, गिर्वा उपाधीक्षक प्रेम धणदे, सीआई चेनाराम पचार, श्यामसिंह चारण ने बच्चों को स्वेटर, जूते व टॉफियां बांटी।

# सर्दी में न तन पर कपड़ा न पैरों में चप्पल

■ उदयपुर (ए.)



उदयपुर

सर्दी में उनके पैरों में न तो चप्पल थे और न तन पर कोई कपड़ा। तीन-तीन माह तक एक ही कमरे रहने, वहीं 13-14 घंटे काम करने से वे बाहरी दुनिया से बिल्कुल अलग-थलग हो गए थे। एक ही जगह व एक ही कमरे में रहने से कई दिन तक नहीं नहाए। सभी के बाल बढ़े हुए थे। उनके चेहरे पर मासूमियत के साथ ही गरीबी का दंश साफ झलक रहा है। जब उन्हें थोड़ा सा दुलार मिला तो वे एकाएक कुछ नहीं बोले लेकिन बाद में उनकी व्यथा सुन वहां मौजूद हर कोई द्रवित हो उठा। किसी के मां-बाप नहीं थे तो कोई छोटी उम्र में ही अपने परिवार का पेट पाल रहा था। कोई तो स्कूल की छुट्टियां होने पर काम पर चला गया।

आसरा विकास,नारायण सेवा संस्थान, राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल ने सभी बच्चों की व्यथा सुनी। उन्होंने उसी समय संबंधित विभाग व बचपन बचाओ आंदोलन संस्था को आदेश दिया कि भले ही बच्चों को दो से तीन दिन रखना पड़े वे उनकी काउंसलिंग कर उन्हें तुरंत ही शिक्षा से जोड़े। सबसे पहले उनके बाल कटवाएं, उन्हें स्वेटर व चप्पल दें। उसके बाद गांव जाकर एक के एक बच्चे के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर उनकी रिपोर्ट बनवाए। जिन बच्चों के मां-बाप नहीं है, उन्हें आश्रय स्थल पर रखकर तुरंत स्कूल में दाखिला दिलाएं। निरीक्षण के दौरान राज्य बाल आयोग के सदस्य शैलेन्द्र पण्ड्या, सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष ध्रुण चारण व सदस्य, राजसमंद अध्यक्ष भावना पालीवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग उपनिदेशक मीना शर्मा आदि मौजूद थे।

### शिक्षा विभाग से कोई नहीं आया, जताई नाराजगी

राज्य बाल आयोग अध्यक्ष बेनीवाल ने समस्त विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें बालश्रम रोकने पर जोर दिए। रेस्क्यू किए बच्चों के बारे में उन्होंने रिपोर्ट बनाकर उन्हें शिक्षा से जोड़ने के लिए कहा। बच्चों के शिक्षा से जोड़ने की बात होने के दौरान संबंधित शिक्षाधिकारी व उनका प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। बेनीवाल ने कहा कि दो दिन पहले ही उन्हें सूचना भिजवा दी गई थी उसके बाद बावजूद विभाग से कोई उपस्थित नहीं हुआ। बेनीवाल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आयोग की ओर से उन्हें पत्र भेजकर जयपुर तलब किया जाएगा।

## वीरोदय तीर्थ में सुस्वागतम 2020 का आयोजन, भगवान आदिनाथ का जलाभिषेक करने उमड़े श्रद्धालु



**बांसवाड़ा ( ए. )।** जन कल्याण व विश्वशांति को लेकर नववर्ष 2020 की प्रथम वेला में वीरोदय की धरा पर सकल वागड़ दिगम्बर जैन समाज ने मूल नायक भगवान आदिनाथ का जलाभिषेक, शांतिधारा एवं शांति विधान का भक्ति भाव से किया। वीरोदय तीर्थ क्षेत्र कमेठी अध्यक्ष मोहनलाल पिण्डारमिया व खुशपाल शाह ने बताया कि बुधवार सुबह भगवान आदिनाथ का प्रथम कलश रोहण केसरीमल शाह, द्वितीय मोहनलाल पिण्डारमिया परिवार, तृतीय कलश पुष्पेन्द्र सवोत, चतुर्थ कलश राजकुमार खोडणिया, सौधर्म इन्द्र महेश दोसी, कुबेर इन्द्र रितेश शाह समेत बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भगवान का जलाभिषेक व शांतिधारा की। अभिषेक के बाद सौधर्म इन्द्र महेश दोसी ने भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा पांडुकशिला पर विराजमान की। साथ ही पंडित उत्सव जैन के सानिध्य में शांति विधान का आयोजन किया गया। शीतल तलाटी गीत प्रस्तुत किए। विधान में महिला व पुरुषों ने अर्घ्य चढ़ाए तथा नववर्ष वागड़ की धरा व प्राणी मात्र के लिए खुशहाली भरा होने की कामना की। वीरोदय तीर्थ क्षेत्र तथा आचार्य विद्यासागर परिवार बाहुबली कॉलोनी के सौजन्य से पुराने बस स्टैण्ड पर नव वर्ष पर लड्डू बांटे गए। साथ ही एक-दूसरे के प्रति प्रेम, भाईचारा और सौहार्द रखने की बात कही। इस दौरान राजेश टेलर, राकेश सेठिया, राजेश गांधी, योगेश जोशी, इन्द्रमल जैन, निलेश पंचोरी, रुपेश वोरा, लोकेश शाह, संदीप, रोचक, वैभव, पुष्पेन्द्र आदि सदस्यों ने लड्डू वितरण में सहयोग प्रदान किया। वागड़ के श्रद्धालुओं ने नववर्ष पर दान-पुण्य के साथ दिनचर्या की शुरुआत की।

## पुलिस ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे

**चित्तौड़गढ़ ( ए. )।** नववर्ष पर कोतवाली थाना पुलिस ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। डीवाईएसपी जगराम मीणा, सीआई हिमांशु सिंह राजावत व स्टाफ ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, दशहरा मैदान, कच्ची बस्ती व सांकरिया चौराहा पहुंचकर कंबल बांटे।

बड़ीसादड़ी7 अभिनंदन हैल्थ फाउंडेशन के सदस्यों ने घर-घर जाकर जरूरतमंदों को कपड़े वितरित किए। घर-घर से कपड़े एकत्र कर गांव गांव जाकर वितरित किए। करणपुर,भोजपुर, भैरवी आदि गांवों में जाकर वस्त्र वितरित किए। फाउंडेशन के मोहित मेहता, सौरभ मेहता, अमित मेहता, प्रियांशी मेहता, हनी चौधरी आदि का सहयोग रहा।

## रावला हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ

**राजसमन्द ( ए. )।** रावला हनुमान मंदिर प्रांगण में संगीतमय सुंदरकांड पाठ मंगलवार रात हुआ। रामायण मंडल संयोजक पंडित शंकरलाल जोशी ने मुख्य यजमान सत्यनारायण डोलिया से गणेश पूजन कराया। निर्मल खाब्या, अशोक रांका, बाबूलाल सोनी, मदन नुवाल, भूपेंद्र सुखवाल, शंभूलाल आचार्य, नंदलाल टेलर, दिनेश सेन, विपुल वैष्णव, मुकेश पायक, भैरूशंकर जोशी, गोपाल शर्मा, सुनिल परिहार ने पाठ किया।

## जयपुर-बांद्रा साप्ताहिक ट्रेन मार्च तक 13 फेरे लगाएगी

**चित्तौड़गढ़ ( ए. )।** जयपुर-बांद्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक स्पेशल रेल चलाएगा। स्पेशल किराया आधारित यह ट्रेन प्रति बुधवार को चित्तौड़गढ़ होकर जयपुर जाएगी। मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 09723/09724 जयपुर बान्द्रा टर्मिनस जयपुर सुपरफास्ट स्पेशल का परिचालन एक जनवरी से शुरू किया गया। जो 25 मार्च तक कुल 13 फेरे करेगी। गाड़ी संख्या 09723 जयपुर-बांद्रा प्रति बुधवार जयपुर से सुबह 8.10 बजे चलेगी। यह दोपहर 2.10 पर चित्तौड़गढ़ आएगी। यहां पांच मिनट ठहराव के बाद रवाना होकर दूसरे दिन गुरुवार सुबह 4.45 बजे बांद्रा पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन संख्या 09724 बांद्रा से प्रति गुरुवार सुबह 6.15 बजे रवाना होगी। जो चित्तौड़गढ़ में इसी दिन शाम 7.40 पर पहुंचेगी। यहां से 7.45 पर रवाना होकर रात 3.10 बजे जयपुर पहुंचेगी।

## गायों के लिए आइसीयू, 2 करोड़ से भी ज्यादा की आएगी लागत

**राजसमन्द ( ए. )।** जिले की सबसे बड़ी गोशाला देवगढ़ में बन रही है। इसमें न केवल गायों के चारे-पानी का इंतजाम होगा, बल्कि इलाज के लिए ओपीडी, आइसीयू और पूरा मेडिकल स्टाफ काम करेगा। जैन समाज जमीन खरीदकर उस पर गोशाला निर्माण कर रहा है। पिछले दिनों देवगढ़ में हुए चातुर्मास में आए जैन मुनि कोमल की प्रेरणा से जैन समाज के लोगों ने गायों की देखभाल और सुरक्षा के उद्देश्य से गोशाला बनाने का बीड़ा उठाया था। जैन ट्रस्ट की ओर से 2 करोड़ की लागत से 300 बीघा भूमि पर श्रीगुरु सौभाग्य मदन गोशाला बन रही है। इसमें 5000 गायों को रखा जा सकेगा। इसके लिए श्मशान घाट के पास एवं हाइवे पर जाने वाले रास्ते पर स्थित भूमि का चयन किया गया है। गोशाला के लिए प्रवासी देवगढ़ समिति बनाई गई, जो इस कार्य को देख रही है। जैन मुनि कोमल की प्रेरणा से यह संकल्प लिया था। प्रवासी समिति देवगढ़ का एक ट्रस्ट बनाया। होली चातुर्मास में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ कई मंत्री एवं गुरु सौभाग्य मुनि कुमुद, मदन मुनि, सहित अनेक साधु-साध्वियों की मौजूदगी में गोशाला का उद्घाटन किया जाएगा। 300 बीघा भूमि पर इस गोशाला पर 2 करोड़ रुपए से भी अधिक की लागत आएगी, जिसमें 100 टन लोहा काम में लिया जा रहा है। यह 6 माह में बनकर तैयार होगी। गोशाला में 5 हजार गोवंश को रखा जा सकेगा। उनके लिए मेडिकल सुविधा उपलब्ध होगी और गोबर गैस प्लांट भी लगाया जाएगा। अत्याधुनिक गोशाला के लिए टीन शेड लगा दिया है।

## अवैध ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**राजसमंद ( ए. )।** अवैध ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर न्यू द्वारकेश ऑटो यूनियन ने जिला यातायात प्रभारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि कांकरोली राजनगर क्षेत्र में चलने वाले ऑटो में कुछ अवैध ऑटो चालक, बिना लाइसेंस के चालक, नाबालिग, नशेबाज चालकों की भरमार है। इससे शहर की ऑटो व्यवस्था बिगड़ रही है। महामंत्री हुक्मीचंद पालीवाल, उपाध्यक्ष दिनेश खटीक, अध्यक्ष मेवालाल खटीक मौजूद थे।

## एनएसएस शिविर के समापन पर अच्छे नागरिक बनने की दी सीख

**राजसमंद ( ए. )।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, राजनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को समापन हुआ। समापन समारोह प्रधानाचार्य कमलेश काहल्या की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि मधु प्रकाश लड्ढा और विशिष्ट अतिथि लीलेश खत्री और विकास चौधरी थे। इसमें अतिथियों के उद्बोधन में मित्रों कि बुराई ना करना तथा परीक्षा के दौरान निर्धारित समय पर अध्ययन कर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की सीख दी। लीलेश खत्री ने किसी एक विद्यार्थी का उदाहरण देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को समाज सेवा करते हुए एक अच्छा नागरिक बनने की सीख दी। संचालन प्रवीण पहाड़िया ने किया। शिविर प्रभारी जगदीश नंदवाना ने अतिथियों का आभार जताया।

## गोदाम का दरवाजा गैस कटर से काटा, खिड़की तोड़ी, चोरी के लिए बैंक में घुसे चोर, रहे विफल

**प्रतापगढ़ ( ए. )।** शहर के एमजी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक की स्थानीय शाखा में मंगलवार देर रात को चोरों ने सेंधमारी कर चोरी का प्रयास किया, लेकिन विफल रहे। पुलिस के अनुसार चोर बैंक के पास बनी एक दुकान के गोदाम में करीब 15 फीट की दीवार कूदकर गोदाम के दरवाजे को गैस कटर से काटकर गोदाम में घुसे। इसके बाद बैंक की खिड़की को तोडकर बैंक के अन्दर जाने के बाद लॉकर के दरवाजे को काटने का प्रयास किया, लेकिन उसे नहीं काट पाए। शाखा प्रबंधक वेद रतनपाल ने बताया कि बुधवार सुबह जब कर्मचारी बैंक खोलने के लिए पहुंचे तो देखा की यहां पर पास ही दुकान के गोदाम से लगी हुई खिड़की की ग्रिल टूटी हुई थी। वहीं बैंक के अंदर लॉकर के दरवाजे पर भी वेल्डिंग से काटने के निशान थे। सीसीटीवी कैमरे के वायर कटे हुए थे। बैंक के अन्दर कई सामान भी अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। टेबल पर गैस कटर की राड़ भी रखी हुई थी। इस पर बैंक की ओर से पुलिस को इस की सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस ने बताया कि चोर गोदाम में खिड़की तोड़ कर बैंक के अन्दर घुसे। उससे पहले चोरों ने खिड़की के पास ही सीसीटीवी व अलार्म के तार काट दिए। जिसके कारण सीसीटीवी कैमरें बंद होने के कारण उनमें कुछ रिकार्ड नहीं हो पाया। चोरी की सूचना के बाद से ही पुलिस हरकत में आ गई। जिसके बाद मौके पर शहर कोतवाल मदनलाल खटीक समेत पुलिस उपाधिक्षक बेनीप्रसाद ने मौके पर पहुंच कर जायजा लेते हुए आप-पास की दुकानों व बैंकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन पुलिस को कोई बड़ी कामीयाबी नहीं मिली पाई। बैंककर्मियों ने बताया कि मंगलवार रात को करीब 11 बजे तक वह बैंक में कार्य कर रहे थे। इसके बाद ही चोरों ने बैंक में घुसने का प्रयास किया हैं।

## 353वें प्रकाश पर्व पर गूंजा गुरु गोबिंदसिंह का जयकारा, रागी जत्थे ने शबद कीर्तन की संगत से किया निहाल

**बांसवाड़ा ( ए. )।** सिख समाज के दसवें गुरु गोबिंदसिंह महाराज का 353वां प्रकाश पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में तीन दिवसीय अखण्ड पाठ का समापन हुआ। गुरु गोबिंदसिंह जयंती के मौके पर शहर के कुशलबाग के पास स्थित गुरुद्वारे पर आकर्षक रोशनी की गई। गुरुवार सुबह से गुरुद्वारे में सिख समाज के लोग गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शनों के लिए पहुंचे। इस दौरान रागी जत्थे ज्ञानी सुरजीतसिंह, ज्ञानी सतपालसिंह एवं ज्ञानी निर्मलसिंह की मौजूदगी में शबद-कीर्तन का क्रम दोपहर 1 बजे तक चला। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे में करीब 4 बजे तक लंगर चखा। अध्यक्ष सरदार इंद्रजीतसिंह ने बताया कि गुरु गोबिंदसिंह महाराज का जन्म दिवस यहां सिख संगत की ओर से धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे से प्रारंभ पाठ साहिब गुरुवार सुबह 10:45 बजे तक जारी रहा। पर्व के मौके पर तीन दिन लंगर का आयोजन भी हुआ। गुरुवार को पाठ की समाप्ति के बाद शबद-कीर्तन हुआ।

## मां, गौमाता और मातृभूमि के लिए जीएं : आर्य

**भास्कर न्यूज। (छोटीसादड़ीद्ध)** जीनाहै तो मां, गौमाता मातृभूमि के लिए जीएं। तब ही हमारी संस्कृति देश सुरक्षित रहेगा। यह बात हड़मतियां कुंडाल गांव में चल रहे आर्य समाज के तीन दिवसीय वेद सत्संग के समापन पर हरियाणा की वेद विदुषी अंजलि आर्य ने श्रोताओं के समक्ष देशभक्ति गीत सुनाते हुए कही। उन्होंने मेरो रंग दे बसंती चोला.., आज मेरे भगत की शादी है...आदि देशभक्ति गीत गाते हुए बताया कि सरदार भगतसिंह देश को आजाद कराने के लिए हंसते हंसते फांसी पर चढ़ गए। गांव के कारूलाल पाटीदार ने बताया कि कार्यक्रम में बसेड़ा, बाड़ी, मरजीवी, केसूंदा, महीनगर, कारूंडा, खेड़ी आर्यनगर, जीवनपुरा, सेमरथली, गोमाना, गोठड़ा, गागरोल, छोटीसादड़ी सहित आस-पास के गांवों के लोगों ने भाग लिया।

# नेकी की दीवार पर जरूरतमंदों को मिलेगी निशुल्क दवाइयां



**डूंगरपुर ( ए. )।** नए साल के पहले दिन बुधवार को नगरपरिषद ने शहरवासियों को दो सौगातें दी हैं। जरूरतमंद और गरीबों के लिए खुशियों की नेकी की दीवार पर कंबल वितरित कर निशुल्क दवाई वितरण का शुभारंभ किया वहीं नाना भाई पार्क में पक्षी घर का लोकार्पण किया।

गेपसागर स्थित नेकी की दीवार जो पिछले तीन वर्ष से जरूरतमंदों को कपड़े, जूते और अन्य उपयोगी सामग्री उपलब्ध करा रही है। यहां अब शहरवासियों से पुराने अखबारों की रद्दी दान में लेकर, इसे बेचकर जुटाए फंड से दवाइयां खरीदी जाएंगी। इन दवाइयों को गरीब व बेसहारा लोगों को निशुल्क वितरण किया जाएगा। नेकी की दीवार पर अब नगरपरिषद के साथ महावीर इंटरनेशनल भी काम करेगी। नेकी की दीवार की जिम्मेदारी एम.आई के वरिष्ठ सदस्य बदामीलाल वखारिया और हर्षवर्धन जैन को सौंपी है। बुधवार को सभापति नेकी की दीवार पर निशुल्क दवा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ अवसर पर आयुक्त गणेशलाल खराड़ी, एमआई के अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद दोशी, अध्यक्ष पृथ्वीराज जैन और सचिव नीरव जैन उपस्थित रहे। बुधवार को ही नानाभाई पार्क में पक्षी घर का लोकार्पण वीरा क्लब की सचिव कल्पना दोशी ने किया। पक्षियों के लिए 6 मंजिला 735 घरों की एक मीनार रूपी पक्षी घर बनाया है जो पक्षियों के रहने और दाना पानी के लिए सर्वोत्तम साबित होगा। 16 अतिथियों ने 2000-2000 हजार रुपए पक्षियों के दाना पानी के लिए

# सांवलिया सेठ की शरण में पहुंचे नया साल मनाने

■ चित्तौड़गढ़ (ए.)



भदेसर. बीते वर्ष का अंतिम दिन एवं नववर्ष के प्रथम दिन बुधवार को सैकड़ों लोग सांवलिया सेठ की शरण में पहुंचे। सांवलियाजी में हर ओर श्रद्धालुओं की दर्शनों के कतारें और कान्हा के जयकारें की गूंज को इस बात का अहसास करा रही थी कि मानों कोई मेला सा उमड़ पड़ा हो। साल के पहले दिन सांवरा सेठ की एक झलक के लिए लोग घंटों इंतजार करते देखे गए। कई लोग तो मंगला के दर्शन के लिए आधी रात के बाद में ही कतार में लग गए। श्रद्धालुओं ने वर्ष के अन्तिम दिन मंगलवार रात को आतिशबाजी व भजन संध्या भी हुई।सांवलियाजी चौराहा स्थित प्राकट्य स्थल मंदिर पर भी नव वर्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड रही, सांवलिया जी चौराहे पर भी कई बार जाम की स्थिती हो गई।

श्रद्धालुओं का मंगलवार प्रातः से ही पहुंचना शुरू हो गया। जो देर रात तक जारी था। वर्ष के अंतिम दिन के अवसर पर यशोदा विहार चौक में मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया, वहीं इनके अलावा ओर कई भजन संध्याओं का यहां आयोजन हुआ। मध्यरात्रि में नववर्ष के अवसर पर आतिशबाजी की गई, श्रद्धालु भगवान की शयन आरती के बाद यशोदा विहार चौक में मंदसौरी ढोल पर नाचते दिखे। जबकि मध्यरात्रि 12 बजते ही आतिशबाजी की तथा भगवान सांवलिया सेठ के जयकारे लगाए। नववर्ष के अवसर पर सांवलियाजी मित्र मण्डल की ओर से भी गोकुल विश्रान्ति गृह से सांवलियाजी मन्दिर तक शोभायात्रा निकाली गई, नववर्ष के उपलक्ष्य में पैदल यात्रियों की भी संख्या रिकार्ड रहीं हैं, गांव-गांव से श्रद्धालु डीजे पर नाचते गाते मन्दिर में दर्शन के लिए पहुंचे। मौसम का मिजाज भी अब सख्त है। वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ने वाली कड़ाके की ठण्ड के बावजूद नववर्ष में मंगला आरती में पदयात्री तथा वाहनों के साथ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हजारों में थी। इतनी रिकॉर्ड संख्या थी कि श्रद्धालुओं को दर्शन करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। श्रद्धालुओं की कतारें कोरीडोर के अलावा भी मंदिर परिसर से बाहर यशोदा विहार धर्मशाला के पास पहुंच गई। श्रद्धालुओं के उमड़ने का क्रम तड़के से ही शुरू हुआ जो शाम तक जारी था। मंदिर मण्डल के प्रशासनिक अधिकारी कैलाशचंद्र दाधीच ने बताया कि मंदिर के यशोदा विहार, कृष्ण कुटीर व नंद निकेतन धर्मशालाओं में बरामदों में सो रहे यात्रियों को निशुल्क बिस्तर दिए गए तथा तीनों धर्मशालाओं में बडे-बडे हॉल निशुल्क खोले गए। इधर मंदिर से जुडे विभीन्न मार्गो पर जहां यात्रियों का दबाव था, वहां पर दो ट्रेक्टर ट्रॉली लकड़ी डलवाकर डेढ दर्जन स्थानों पर अलाव जलाए। श्री सांवलियाजी मंदिर प्रशासन को सुचना के बावजूद वाहनों के आवागमन की समुचित व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण चिकारड़ा, निम्बाहेड़ा व आसावरा माताजी जाने वाले मार्ग पर कई बार जाम लग गया, जाम के चलते बुधवार को जिला कलक्टर चेतन देवडा भी इस जाम में मीरां सर्कल के पास फंस गए। पिछले दो-तीन माह से भारी वाहनों का पुनः कस्बे के बीचो-बीच होकर गुजरने का सिलसिला शुरू हो गया। जिससे आवागमन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। नव वर्ष के उपलक्ष में हर वर्ष श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त जाप्ता तो बुलाया गया, लेकिन यातायात नियंत्रण की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी, इसका परिणाम यह हुआ कि आसावरा माताजी तिराहे से सभी भारी वाहन मीरां सर्कल होकर गुजरे जिससे कबूतर खाना, वासुदेव भवन व मंदिर के गैराज के यहां दोनों कई बार जाम लगा। इसी दौरान नव वर्ष के अवसर पर कलक्टर चेतन देवडा सांवलियाजी दर्शन करने आ रहे थे, वे भी नंद निकेतन धर्मशाला के पास जाम में फंस गए, बाद में कलक्टर के जाम में फंसने की सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस ने पहुंच कर जाम खुलवाया, इधर सांवलियाजी मंदिर के उत्तम स्वामी महाराज ने भी भगवान सांवलिया सेठ के दर्शन किए।

## ट्राई ने नेटवर्क ट्रैफिक प्रबंधन की रूपरेखा पर चर्चा शुरू की

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नेट निरपेक्षता के सिद्धान्तों में रेखांकित नेटवर्क ट्रैफिक प्रबंधन और बहु अंशधारक निकाय विषय पर उद्योग स्तरीय विचार विमर्श शुरू कर दिया है। ट्राई ने इस बारे में गुरुवार को विचार विमर्श के लिए परिपत्र जारी किया। इसमें इंटरनेट ट्रैफिक को मापने के लिए आने वाली विभिन्न चुनौतियों तथा उचित ट्रैफिक प्रबंधन व्यवहार को एकत्र करने पर चर्चा की गई है।

ट्राई ने कहा कि इस विचार विमर्श परिपत्र का ममकसद ट्रैफिक प्रबंधन व्यवहार से संबंधित मुद्दों और बहु अंशधारक निकाय पर विचार करना है। इसमें ट्रैफिक प्रबंधन व्यवहार के लिए रूपरेखा बनाने पर चर्चा की गई है। साथ ही इसमें बहु अंशधारक निकाय की रूपरेखा, कामकाज और संचालन ढांचे के मुद्दे को भी उठाया गया है।

# एचडीएफसी बैंक ने राजस्थान में 200 शाखाओं का आंकड़ा छुआ

- बैंक की राज्य में 250 बिजनेस कॉरसपोंडेन्ट (बीसी) कायम करने की भी योजना
- नए वर्ष में हुआ आठ शाखाओं का शुभारंभ




दैनिक जलतेदीप, वास,जयपुर

एचडीएफसी बैंक ने गुरुवार को राजस्थान में अपनी 8 शाखाएं और शुरू की, इन्हे मिला कर राजस्थान में बैंक की 200 शाखाएं हो गई। शहर में आयोजित एक समारोह के दौरान नई शाखाएं खोलने की घोषणा एचडीएफसी बैंक के हेड ब्रांच बैंकिंग जसमीत सिंह आनन्द ने एचडीएफसी बैंक के प्रबन्ध निदेशक आदित्य पुरी की उपस्थिति में की।

बैंक ने राजस्थान में अपनी यात्रा की शुरूआत वर्ष 1999 में की थी और तेजी के साथ विस्तार करते हुए गत 20 वर्षों के दौरान यह राज्य में निजी क्षेत्र का दीर्घकालिक सेवा बैंक बनने में कामयाब रहा। इस यादगार को अद्भुत बनाने के लिए बैंक ने 1 सितम्बर 2019 को ''20 साल बेमिसाल'' अभियान लांच किया।

02 जनवरी, 2020 तक बैंक की 200 शाखाएं और 374 एटीएम्स का विशाल नेटवर्क स्थापित हो चुका है। इनमें से 52 प्रतिशत अर्द्ध शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में है और बैंक का ध्यान इसी प्रकार के असेवित क्षेत्रों में शाखाएं खोलने पर है। बैंक की योजना राज्य में 250 बिजनेस कॉरसपोंडेन्ट (बीसी) स्थापित करने की है। बीसी नेटवर्क अंतिम छोर के निवासियों तक बैंक के उत्पादों और को पहुंचाने में आ रहे अन्तर को समाप्त करेंगे और इस प्रकार राज्य के दूरस्थ इलाकों में भी बैंक की सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के हेड ब्रांच बैंकिंग जसमीत सिंह आनन्द ने कहा कि हम राजस्थान में लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। न केवल हमारी बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से बल्कि हमारी सामाजिक पहल परिवर्तन के माध्यम से भी। इसके माध्यम से हम उन समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने की उम्मीद करते हैं जिनके बीच हम काम करते है।उन्होंने अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि परिवर्तन यानी बदलाव, जो कि स्थाई परितर्वन के लिए हमारी मध्यस्थता की भावना को दर्शाता है। मुझे इस बात की खुशी है कि हमारी सामाजिक बैंकिंग पहल (इनिशिएटिव) के माध्यम से हम राजस्थान के 25 लाख से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित कर चुके हैं। इसके आगे भी हम राजस्थान के लोगों की भागीदारी से कुल विकास एवं प्रगति को अंजाम दे सकेंगे।

## एचडीएफसी एर्गो की होगी अपोलो म्यूनिख हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी

एजेंसी, नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी होम लोन कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड की सहायक कंपनी एचडीएफसी एर्गो को अपोलो म्यूनिख हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में बहुलांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण की अनुमति मिल गई है। अधिग्रहण करार के अनुसार, एचडीएफसी द्वारा अपोलो हॉस्पिटल्स समूह से अपोलो म्यूनिख की बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण 1,347 करोड़ रुपये में किया जाएगा। वह इस कंपनी का विलय अपनी इकाई एचडीएफसी एर्गो में करेगी। एचडीएफसी 1,336 करोड़ रुपये में अपोलो हॉस्पिटल्स समूह से कंपनी की 50.8 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। शेष 0.4 प्रतिशत हिस्सेदारी उसके कर्मचारियों के पास रहेगी। इसका मूल्य 10.84 करोड़ रुपये होगा।

इसके अलावा, जर्मनी की बीमा कंपनी म्यूनिख हेल्थ द्वारा अपोलो हॉस्पिटल्स ऐंटरप्राइज और अपोलो एनर्जी को संयुक्त उद्यम को खत्म करने के लिए 294 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक से अब आप 24×37 एनईएफटी ट्रांसफर कर सकते हैं

दैनिक जलतेदीप, प्रेवि, नई दिल्ली

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ग्राहक अब दिन के किसी भी समय नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। यह सुविधा 24×37 के आधार पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी, जिससे कहीं से भी किसी भी समय, किसी भी बैंक में धनराशि प्राप्त करना या भेजना संभव होगा।


एयरटेल पेमेंट्स बैंक ग्राहक एयरटेल थैंक्स ऐप या एयरटेल पेमेंट्स बैंक की वेबसाइट के बैंकिंग सेक्शन का उपयोग करके एनईएफटी के माध्यम से फंड ट्रांसफर कर सकते हैं। उन्हें 'ट्रांसनर मनी' विकल्प का चयन करना होगा, और उसके बाद 'ट्रांसफ र टू बैंक' का। लाभार्थी को पंजीकृत करने के लिए एक स्क्रीन दिखाई देगी। एक बार लाभार्थी पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, ग्राहक आसानी से धनराशि ट्रांसफर कर सकता है।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर गणेश अनंतनारायणन ने कहा कि हम ग्राहकों को एक कुशल और सहज बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आरबीआई के जनादेश का स्वागत करते हैं क्योंकि यह हमारे ग्राहकों को एनईएफटी मोड का उपयोग करके किसी भी समय किसी भी बैंक खाते में आसानी से धनराशि ट्रांसफर करने की अनुमति देगा। यह ग्राहकों के लिए ऑनलाइन बैंकिंग अनुभव को और बढाएगा। एयरटेल पेमेंट्स बैंक डिजिटल भुगतान और मनी ट्रांसफर करने के लिए UPI, IMPS, डेबिट कार्ड और वॉलेट जैसे समाधान प्रदान करता है।

# निसान इंडिया ने पिछले 5 वर्षों में सर्वाधिक मासिक निर्यात दर्ज किया

### दिसंबर में घरेलू बिक्री में 49 फीसदी बढ़ोतरी



दैनिक जलतेदीप, प्रेवि, नई दिल्ली

निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने दिसंबर 2019 के दौरान कुल 10,791 यूनिटों का निर्यात किया है, जो कि पिछले 5 वर्षों में सर्वाधिक मासिक निर्यात है। कंपनी ने दिसंबर 2019 में घरेलू बाजार में, 2169 यूनिटों की बिकी दर्ज कराते हुए 49 प्रतिशत की मासिक बढ़त दर्ज की है। कंपनी के प्रदर्शन के बारे में राकेश श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक, निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कहा कि समीक्षाधीन महीने में घरेलू स्तर पर 49 प्रतिशत मासिक वृद्धि दर्ज की गई और किक्स के बेहतर प्रदर्शन ने निसान के एसयूवी की ग्लोबल बाज़ार में स्थापित साख को एक बार फ़िर साबित कर दिखाया है। दिसंबर में यूनिटों का निर्यात पिछले पांच वर्षों के दौरान किसी भी एक महीने में सर्वाधिक है, और यह मेक इन इंडिया की ताकत को और बढ़ाता है।

उन्होंने कहा कि हम आने वाले समय में अपनी बिज़नेस रणनीति को इस प्रकार बनाने पर ज़ोर दे रहे हैं कि बिक्री के आंकड़ों में लगातार बढ़त बनी रहे। इसके तहतृ, निसान प्राइमरी ब्रांड रहेगा और अनेक नए प्रोडक्ट भी बाज़ार में उतारे जाएंगे, साथ ही डाट्सुन के प्रोडक्ट्स की संख्या भी बढ़ायी जाएगी।

## सरकार के पास एयर इंडिया के निजीकरण के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं हरदीप सिंह पुरी

एजेंसी, मुंबई

नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि एयर इंडिया के ऊपर करीब 80 हजार करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ है। ऐसे में सरकार के पास इसके निजीकरण के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया के निजीकरण की प्रक्रिया में कर्मचारियों के सहयोग की जरूरत है।

पुरी ने एयर इंडिया के 13 कर्मचारी संगठनों के साथ यहां एक बैठक में यह टिप्पणी की। एक संगठन के प्रतिनिधि के अनुसार, पुरी ने कहा कि सरकार निजीकरण के बाद रोजगार की सुरक्षा को लेकर कर्मचारियों की चिंताओं को दूर करने की कोशिश कर रही है।

प्रतिनिधि ने एक घंटे चली बैठक के बाद कहा कि मंत्री ने कहा कि एयर इंडिया के ऊपर 80 हजार करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ है और किसी भी विशेषज्ञ के पास इसका समाधान नहीं है। ऐसी स्थिति में सरकार के समक्ष निजीकरण का ही एकमात्र विकल्प उपस्थित रह जाता है।

# इंडियाज बेस्ट डांसर के पहले ऑडिशन जयपुर में 7 को

## बेस्ट डांसर के जरिए 15 से 30 साल की उम्र के टैलेंट को मिलेगा मंच

जलतेदीप कासं, जयपुर

अपने किड्स डांस रियलिटी शो - सुपर डांसर की सफलता के बाद अब सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन इंडियाज़ बेस्ट डांसर के जरिए 15 से 30 साल की उम्र के टैलेंट को मंच प्रदान करेगा। फरवरी में प्रसारित होने जा रहे इस शो में इस साल वीकेंड्स पर भव्य नजारे देखने को मिलेंगे! जहां टेरेंस लुईस, गीता कपूर और मलाइका अरोड़ा खान जैसे जाने-माने डांस महारथी इस शो के जजिंग पैनल में शामिल होंगे, वहीं मशहूर कॉमेडियन भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिंबाचिया इस शो को होस्ट करेंगे। इतना ही नहीं, इस शो में डांस जगत के 12 खास मेंटर्स होंगे, जो चुने गए टैलेंट का हुनर संवारेंगे।

इंडियाज़ बेस्ट डांसर के ऑडिशन देशभर में आयोजित किए जाएंगे, जहां डांस प्रतिभाओं को अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने और इस शो में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस शो के पहले ऑडिशन जयपुर में 7 जनवरी को महर्षि अरविंद इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, सेक्टर 7, मध्यम मार्ग, मानसरोवर में होंगे। राजस्थान की संस्कृति नृत्य और संगीत से खासी प्रभावित है।



मशहूर कत्थक घराना से लेकर कालबेलिया डांस फॉर्म तक, राजस्थान अपनी जोशीली और रंग बिरंगी डांस प्रस्तुतियों के लिए जाना जाता है। तो आपको किस बात का इंतजार है ? यदि आपको लगता है कि आप बेस्ट हैं, तो इंडियाज़ बेस्ट डांसर के ऑडिशन देने तक चैन से ना बैठें।

जयपुर के प्रतिभागियों के लिए एक खास संदेश देते हुए टेरेंस लुईस ने कहा कि इस बार हम जजों को इम्प्रेस करने के लिए डांसर को वाकई खास होने की जरूरत होगी। हमने रियलिटी शोज़ में इतना टैलेंट देखा है कि अब हमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के डांसर्स देखने की जरूरत महसूस होती है, जो सच्चे परफॉर्मर्स की तरह सचमुच हमारा ध्यान आकर्षित करें। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यह इस शो का पहला सीज़न है और हम चाहते हैं कि इस का स्तर वाकई ऊंचा हो। यह यकीनन आसान नहीं रहने वाला क्योंकि मैं ऐसे किसी को भी नहीं चुनूंगा जो बेस्ट ना हो।

आगे जज गीता कपूर ने कहा कि हम एक प्रतिभाशाली देश में रहते हैं, जहां हर राज्य की अपनी एक अलग संस्कृति है और मुझे यकीन है कि प्रतिभागियों की भी अपनी अनूठी शैलियां होंगी। मैं हर एक प्रतिभागी को शुभकामनाएं देना चाहती हूं।

इस बार मैं चाहूंगी कि प्रतिभागी भांगड़ा या कालबेलिया जैसी लोकनृत्य शैलियों, या फिर मोहिनी अट्टम, ओडीसी, कत्थक या भरतनाट्यम जैसे शास्त्रीय नृत्यों के साथ मंच पर आएं। उम्मीद है प्रतिभागी बॉलीवुड डांस को भी वो सम्मान देंगे जिस का वह हकदार है। हमारा विचार यह है कि प्रतिभागी हमें सिर्फ फ्लिप्स या स्टंट्स दिखाकर प्रभावितना करें बल्कि हमारे सामने डांस को उसके सच्चे स्वरूप में प्रस्तुत करें।

तो आप भी अपने डांसिंग शूज़ पहनकर इंडियाज़ बेस्ट डांसर के ऑडिशन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हो जाइए, मंगलवार 7 जनवरी को महर्षि अरविंद इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जयपुर में।

# खेल दीप

### सार-समाचार

## डिफेंडर सुनीता ने लिया अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास, चोट के चलते लिया फैसला

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की डिफेंडर सुनीता लाकड़ा ने घुटने की चोट के कारण अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उनकी चोट को सर्जरी की जरुरत है। सुनीता ने एक आधिकारिक बयान में कहा आज मेरे लिए काफी भावुक दिन है क्योंकि मैंने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा मैं 2008 से भारतीय टीम का हिस्सा रही हूं और इस सफर के दौरान मैंने काफी उतार चढ़ाव देखे हैं, लेकिन हम एक टीम के तौर पर खड़े रहे, एक दूसरे को ताकत देते रहे और इन सभी के बीच देश से लिए सम्मान भी हासिल किया। भारत के लिए सुनीता ने 139 मैच खेले हैं। उनका सपना इसी साल जापान की राजधानी में होने वाले ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लेने का था लेकिन इसके बीच में उनकी चोट आ गई। उन्होंने कहा मैं टोक्यो ओलम्पिक की तैयारी कर रही भारतीय टीम का हिस्सा बनना चाहती थी लेकिन मेरी घुटने की चोट ने मेरे सपने को अधूरा रहने दिया। डॉक्टरों ने मुझे बताया है कि आने वाले दिनों में मुझे एक और सर्जरी की जरुरत पड़ेगी और इस बात की कोई गांरटी नहीं है कि मुझे पूरी तरह से ठीक होने में कितना समय लगेगा। सुनीता ने कहा है कि वह चोट से ठीक होने के बाद घरेलू सर्किट में हॉकी खेलती रहेंगी। उन्होंने कहा इलाज के बाद मैं घरेलू हॉकी में हिस्सा लेती रहूंगी और नाल्को के लिए खेलती रहूंगी, जिन्होंने मुझे नौकरी देकर मेरी मदद की।



## 2020 मेरे लिए खास होने वाला है: पहलवान विनेश फोगाट

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत की स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि 2019 सभी तरह की भावनाओं से भरपूर था और इस साल उन्होंने काफी कुछ सीखा। विनेश मानती हैं कि 2020 उनके लिए खास होने वाला है क्योंकि वह दूसरी बार ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। विनेश ने ट्वीट किया, 2019 भावनाओं से ओतप्रोत रहा। कुछ अच्छी यादें हैं तो कुछ बुरी। मैंने साल की शुरुआत गुस्से, फ्रस्ट्रेशन और मन में डर लिए हुए किया था।

मुझे नया कोच मिला। प्रैक्टिस की पूरी प्रक्रिया बदल गई और सबसे अहम बिल्कुल नया वेट कैटेगरी था। रियो ओलंपिक में विनेश क्वार्टर फाइनल में हार गई थीं। वह चोटिल थीं और यही उनकी हार का कारण बना था। रियो के बाद विनेश ने 2 बार अपना वेट कैटेगरी बदला है। मार्च 2019 में उन्होंने 53 किग्रा वर्ग में किस्मत आजमाने का फैसला किया। यह चोट से बचने के लिए लिया गया फैसला था। विनेश ने आगे लिखा मुझे लगता है कि नई वेट कैटेगरी ने बड़ा अंतर पैदा किया है और अब मुझे लगने लगा है कि मैं कुछ हासिल कर सकती थी। मैंने यह लक्ष्य हासिल किया।

## मैथ्यूज की टीम में वापसी

एजेंसी, कोलंबो

एंजेलो मैथ्यूज को भारत दौरे के लिए श्रीलंका की टी-20 टीम में शामिल किया गया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने 3 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। दोनों टीम 5 से 10 जनवरी के बीच 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेंगी। पूर्व कप्तान मैथ्यूज ने अगस्त-2018 से श्रीलंका के लिए टी-20 मैच नहीं खेला है। इसका कारण फिटनेस रही है। चयनकर्ताओं ने कहा कि अभ्यास सत्र में चोटिल होने के कारण नुवान प्रदीप को टीम में जगह नहीं मिली।

# सिडनी में सम्मान बचाने उतरेगी न्यूजीलैंड

एजेंसी, सिडनी




न्यूजीलैंड की टीम तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे पर शुक्रवार को अपना सम्मान बचाने उतरेगी। हालांकि खिलाड़ियों के लिये यहां जंगल में लगी आग के धुंए से कुछ परेशानी हो सकती है। न्यू साउथ वेल्स में जंगल में लगी आग से शनिवार को मैच के दूसरे दिन सबसे ज्यादा चुनौती मिलेगी क्योंकि इस दिन तापमान और धुआं बढ़ सकता है। क्रिकेट अधिकारियों के लिये धुएं का मुद्दा जटिल है क्योंकि यह इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद, राज्य सरकारों और आस्ट्रेलियाई खेल संस्थान के वायु गुणवत्ता संबंधित दिशानिर्देशों पर निर्भर हैं। बहरहाल, 'सुरक्षित' क्या है, इस पर असंमजस है इसलिये क्रिकेट आस्ट्रेलिया और खिलाड़ियों का संघ दृश्यता और हवा की गुणवत्ता पर बेहतर प्रोटोकाल बनाने पर काम कर रहा है। जंगल की आग से निकलने वाले जहरीले धुंए के कारण इस महीने कैनबरा में बिग बैश लीग मैच स्थगित कर दिया गया था। इस समय यह अंपायरों के फैसले पर निर्भर होगा कि परिस्थितियां सुरक्षित हैं या नहीं। पर्थ और मेलबर्न में पहले दो टेस्ट में न्यूजीलैंड को चार दिन के अंदर करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। श्रृंखला गंवाने के बाद वह अब सम्मान बचाने की कोशिश में होगा। कोच गैरी स्टेड ने भी स्वीकार किया कि मेलबर्न में न्यूजीलैंड की टीम फिर आस्ट्रेलिया से पिछड़ गयी जिसमें उन्हें 247 रन से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें हरसंभव प्रयास कर वापसी करनी होगी। उन्होंने कहा कि हमें कुछ विभागों में सुधार करना होगा और आस्ट्रेलिया को लंबे समय तक दबाव में रखना होगा। स्टेड ने कहा कि आस्ट्रेलिया के पास तीन गेंदबाज हैं जो 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं और एक स्पिनर (नाथन लियान) है जिसने 300 टेस्ट विकेट हासिल किये हैं। वहीं आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन ने स्पष्ट किया कि श्रृंखला जीतने के बावजूद उनकी टीम की आराम करने की कोई इच्छा नहीं है।

## ईश सोढ़ी देंगे राजस्थान रॉयल्स को गेंदबाजी के टिप्स

एजेंसी, जयपुर



राजस्थान रॉयल्स ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के लेग स्पिनर ईश सोढ़ी को अपना स्पिन सलाहकार नियुक्त किया है। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सीजन में टीम के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा होंगे। 27 साल के सोढ़ी टीम के स्पिन कोच सइराज बहुतुले के साथ मिलकर काम करेंगे। अपनी नियुक्ति पर सोढ़ी ने कहा कम उम्र में टीम के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा होना मेरे लिए अच्छा मौका है। मैं बहुतुले के साथ अपनी कोचिंग स्कील्स को बेहतर करने के लिए तैयार हूं। सोढ़ी ने राजस्थान के लिए 8 आईपीएल मैच खेले हैं और 6.69 की औसत से 9 विकेट लिए हैं। आईपीएल-2020 की नीलामी से पहले फ्रेंचाइजी ने उन्हें रीलीज कर दिया था। न्यूजीलैंड के खिलाड़ी ने कहा कि मैं राजस्थान रॉयल्स में इस नई चुनौती के लिए तैयार हूं। मैं फ्रेंचाइजी के साथ 2 सीजन खेला हूं और मेरी यहां के सभी लोगों से अच्छी दोस्ती है क्योंकि उन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया है इसलिए जब यह रोल मेरे पास आया तो मैंने दोबारा नहीं सोचा और हां कह दी।

## भारत-श्रीलंका टी-20 मैच: दोनों टीमों के गुवाहाटी पहुंचने पर असमंजस

एजेंसी, दिल्ली

वेस्टइंडीज सीरीज के बाद लंबा ब्रेक ले भारतीय टीम शनिवार से श्रीलंका के साथ शुरू हो रही 3 मैचों की टी-20 सीरीज से मैदान पर वापसी करेगी। सीरीज का पहला मैच गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में खेला जाएगा। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर शहर में विरोध प्रदर्शन चल रहा है, ऐसे में बीसीसीआई और असम क्रिकेट संघ (एसीए) स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। एसीए के अध्यक्ष रोमेन दत्ता ने हालांकि कहा है कि स्थिति नियंत्रण में है। दत्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा पुलिस सुरक्षा की जिम्मेदारी को बखूबी निभा रही है और सब कुछ नियंत्रण में है। उन्होंने कहा हां, पहले यहां विरोध प्रदर्शन हुआ था, लेकिन अब स्थिति नियंत्रण में है। हमने स्टेडियम और दोनों टीमों की सुरक्षा पुलिस को सौंप दी है और वह स्थिति पर नजर रखे हुए हैं ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। एक हैरानी वाली बात यह है कि दत्ता के मुताबिक भारतीय टीम शुक्रवार सुबह आ रही है लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन ने इस बात की पुष्टि की है कि टीम गुरुवार रात को पहुंचेगी।

## ईपीएल: आर्सेनल ने युनाइटेड को 2-0 से मात देकर पहली जीत की दर्ज

एजेंसी, लंदन

आर्सेनल ने अपने नए मुख्य कोच मिकेल अरटेटा की देखरेख में इंग्लिश प्रीमियर लीग में बुधवार को पहली जीत दर्ज की। आर्सेनल ने मैनचेस्टर युनाइटेड को 2-0 से हराया। अरटेटा को 20 दिसम्बर को उनाई इमेरी के स्थान पर मुख्य कोच बनाया गया था। उनकी देखरेख में आर्सेनल को बोर्नमाउथ के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा था और फिर चेल्सी के खिलाफ अपने ही घर में 1-2 से हार मिली थी। इन दो मुकाबलों की निराशा से उबरते हुए आर्सेनल ने अंततः मैनचेस्टर युनाइटेड को 2-0 से हराते हुए जीत का जश्न मनाया। आर्सेनल के लिए निकोलस पेपे और सुक्रातिस पापास्तथोपोलोस ने गोल किए। पेपे ने 8वें मिनट में गोल किया जबकि सुक्रातिस ने 42वें मिनट में गोल करते हुए अपनी टीम की जीत तय की।

## एनबीए के पूर्व कमिश्नर डेविड स्टर्न का बीमारी के बाद निधन

एजेंसी, न्यूयार्क

नेशनल बॉस्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) के पूर्व कमिश्नर डेविड स्टर्न का 77 साल की आयु में निधन हो गया। 3 सप्ताह पहले स्टर्न को ब्रेन हैमरेज हुआ था और इसी कारण उनकी मौत हुई। स्टर्न एनबीए के मानद कमिश्नर थे और दशकों तक इस खेल से सक्रिय रूप से जुड़े रहे थे। एमबीए के मौजूदा कमिश्नर एडम सिल्वर ने स्टर्न के निधन पर दुख व्यक्त किया है। सिल्व ने स्टर्न को एक महान प्रशासक और अच्छा दोस्त बताया।

## ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाने से आत्मविश्वास बढ़ा: बाबर

एजेंसी, कराची

पाकिस्तान के मुख्य बल्लेबाज बाबर आजम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था और शतक भी लगाया था। बाबर ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया में शतक से उनके अंदर आत्मविश्वास आया है। बाबर ने दो मैचों में 52.50 के औसत से 210 रन बनाए। उस सीरीज के बाद बाबर ने अपने घर में श्रीलंका के खिलाफ खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 262 रन बनाए, जिसमें दो शतक शामिल रहे।

## स्पेन की टीम एटीपी कप को ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के तौर पर नहीं देख रही: नडाल

एजेंसी, मेलबर्न



वर्ल्ड नंबर-1 राफेल नडाल ने कहा है कि स्पेन की टीम एटीपी कप को ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के तौर पर नहीं देख रही है। एटीपी कप इस साल से ही शुरू हो रहा है जो ऑस्ट्रेलिया में ही खेला जाएगा। समाचार एजेंसी एफे ने नडाल के हवाले से लिखा है, ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारियां ग्रैंड स्लैम से एक सप्ताह पहले शुरू होंगी जब हम एडिलेड में टूर्नामेंट खेलेंगे। साल का पहला ग्रैंड स्लैम 20 जनवरी से शुरू हो रहा है। नडाल ने कहा पर्थ और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में एटीपी कप होना वाकई अच्छी बात है। हमारे पास विश्व के बेहतरीन खिलाड़ी हैं, तो लोग उन्हें देखने के लिए आ सकते हैं। स्पेन को ग्रुप-बी में जापान, जॉर्जिया, उरुग्वे के साथ रखा गया है। टीम अपना पहला मैच 4 जनवरी को जॉर्जिया के खिलाफ खेलेगी। कुल 24 देश इसमें हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट 3 से 12 जनवरी के बीच खेला जाएगा।

# कोहली, वार्नर व रोहित मेरे 400 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ने में सक्षम: लारा

एजेंसी, नई दिल्ली



महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम आईसीसी के सभी टूर्नामेंट जीतने में सक्षम है। वहीं लारा ने कहा कोहली, डेविड वार्नर और रोहित शर्मा उनके सबसे बड़े व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर 400 रनों के रिकार्ड को तोड़ सकते हैं। कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप में खिताब की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। टीम लगातार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल और सेमीफाइनल में खेल रही है। भारत ने हालांकि अपना आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैम्पियंस ट्रॉफी के रूप में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में जीता था। लारा के हवाले से लिखा मुझे लगता है कि वह सभी टूर्नामेंट जीतने का माद्दा रखते हैं।

मुझे लगता है कि भारतीय टीम की इसलिए भी तारीफ की जानी चाहिए क्योंकि अब हर कोई भारतीय टीम को निशाना बनाता है।

हर कोई जानता है कि टूर्नामेंट में एक समय उसे भारतीय टीम के खिलाफ खेलना होगा, चाहे वो क्वार्टर फाइनल हों, सेमीफाइनल या फाइनल। लारा के नाम अभी भी टेस्ट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था।



शाह की सभा के लिए निकाली रैलियां और उद्यमियों की बैठक में संबोधन देते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया। जलतेदीप

# जोधपुर में अमित शाह की जनजागरण अभिनंदन रैली आज

## भाजपाईयों ने लगाई पूरी ताकत, प्रदेशाध्यक्ष पूनिया, राठौड सहित अनेक नेता जोधपुर में

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की शुक्रवार को होने वाली जनजागरण अभिनंदन सभा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। शाह के स्वागत के लिये सभी चौराहों को झण्डियों एवं बैनरों से सजाया गया है। वहीं कमला नेहरू नगर आदर्श विद्या मन्दिर केशव परिसर के प्रांगण में सुबह 11.30 बजे होने वाली सभा को केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, पर्यवेक्षक जोगेश्वर गर्ग, बीपी सारस्वत, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, प्रसन्नचंद मेहता, घनश्याम ओझा, सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों के साथ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। इस बीच सभा के लिये भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, प्रदेश संगठन मंत्री चन्द्रशेखर, राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया, पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, वीरमदेव सिंह, सहित कई भाजपा के वरिष्ठ नेता जोधपुर पहुंचे।

**रैली निकालकर बांटे पीले चावल–** रैली की सफलता को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज शहर के भीतरी क्षेत्रों एवं बाहरी क्षेत्रों में रैली निकाली। साथ ही सभा के लिये अनेक स्थानों पर बैठके आयोजित कर पीले चावल बांटे। केन्द्रीय जल शक्तिमंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, देहात जिलाध्यक्ष जगराम विश्नोई, प्रसन्नचंद मेहता, पूर्व जिला प्रमुख पूनाराम चौधरी, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अशोक सैनी, आईटी सेल के प्रदेश संयोजक अविनाश जोशी, मेघराज लोहिया, नरेश सुराणा, शैलाराम सारण, नाथूसिंह राठौड़, महेन्द्र मेघवाल, मुकेश लोढा, शिवकुमार सोनी, विजय राजोरिया, अचलसिंह मेड़तिया, डा. करणीसिंह खींची सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। शाह की सभा में जोधपुर संभाग से भाजपा के कार्यकर्ता एवं आमजन भारी संख्या में रेल एवं बस मार्ग एवं निजी वाहनों ने सभा स्थल पर पहुंचेंगे। प्रताप नगर में दुपहिया वाहनों एवं चारपहिया वाहनों से निकाली गई रैली के दौरान भाजपा जिन्दाबाद एवं नागरिकता संशोधन अधिनियम के समर्थन में नारे लगाये गये। इसी तरह सभा को लेकर जेआईए सभागार में भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया व भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन चन्द्रशेखर की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

**डिगाड़ी में जनसभा आयोजित–** शाह की सभा को लेकर शेखावत ने डिगाड़ी में जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान जिला प्रमुख पूनाराम चैधरी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इसके अलावा शेखावत ने रैलियों में भाग लिया जहां पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। सभा के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक सैनी, भादरा प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र सिंह राजपुरोहित, प्रदेश कार्यालय मंत्री हनुमान सैनी, भाजयुमो प्रभारी मुकेश लोढा, प्रदेश स्वच्छता संयोजक ललित पारवानी एवं जिला अध्यक्ष महेंद्र तंवर, भाजयुमो जिला महामंत्री हेमेंद्र गौड के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, स्वामी विवेकानन्द, शहीद भगत सिंह के स्मारक को साफ किया गया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय परिसर के आस-पास आमजनों को भी निमंत्रण पत्र बांटे। रातानाडा मण्डल, शहर मण्डल, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, पावटा मण्डल, राईकाबाग मण्डल, अल्पसंख्यक मोर्चा मसूरिया मण्डलव शास्त्री नगर क्षेत्र में जनसम्पर्क किया।

इसी प्रकार त्रिपोलिया मण्डल के वार्ड संख्या 36, 37, 38, 47 व 48 में राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रेरित लोगों को सभा में आने के लिये न्यौता दिया गया। वहीं औद्योगिक क्षेत्र में शाह की सभा को लेकर सतीश पूनिया व राजेन्द्र सिंह राठौड के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजसिको के पूर्व अध्यक्ष मेघराज लोहिया, हैण्डीक्राफ्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत दिनेश, निर्मल भंडारी व सुनील सिंघल, स्टील एसोसिएशन के रावतचंद चौपडा व विष्णु मित्तल, लघु उद्योग भारती से सुरेश विश्नोई व महावीर चौपडा सहित पेंट, दालमील, ग्वारगम, लाइम, प्लास्टिक व इंजीनियरिंग उद्योग एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नगर निगम के कर्मचारियों ने हटाये भाजपा के झण्डे और बैनर

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सभा को लेकर विभिन्न चौराहों पर लगे भाजपा के झंडे और बैनर नगर निगम के कर्मचारियों ले हटा दिए। सूचना मिलने पर पहुंचे भाजपाईयों ने नारेबाजी कर रोष जताया तथा शांति मार्च निकाला। मौके पर पहुंचे जिला व पुलिस प्रशासन ने समझाइश कर मामला शांत कराया। हुआ यूं कि गुरूवार शाम को कलेक्टर के कथित आदेश का हवाला देकर निगम कर्मियों ने विश्वविद्यालय के समीप स्थित शहीद सर्किल चौराहे से पार्टी के झण्डे और स्वागत बैनर हटाने शुरू कर दिए। जानकारी मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, पूर्व महापौर घनश्याम ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रसन्नचंद मेहता, पूर्व उपमहापौर देवेन्द्र सालेचा, महेन्द्र मेघवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता विश्वविद्यालय पहुंचे और इस प्रकार की कार्यवाही पर रोष जताते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपाईयों ने विरोध स्वरूप विश्वविद्यालय से लेकर रिक्तिया भेरूजी चैराहा तक शांति मार्च निकाला। इसके बाद प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।

## गहलोत बचकाना बयानबाजी से बचें : राठौड़

### कोटा प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री को घेरा

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कोटा में शिशुओं की मृत्यु के बाद भी अब तक सरकार की ओर से कोई सुध लेने के लिए नहीं पहुंचा है। राठौड़ ने यह बात गुरुवार को यहां सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान कही। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जोधपुर में जन जागरण सभा की तैयारियों के सिलसिले में जोधपुर आए राठौड़ ने कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कोटा में जेके लोन अस्पताल में हुई बच्चों की मौत को लेकरमुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उनके ही गृह नगर में घेरा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विकास की ओर ध्यान दें ना कि बचकानी बयानबाजी करें। उन्होंने कहा कि नागरिक संशोधन बिल को लेकर कैबिनेट बैठक में निर्णय लेकर इसे पारित किया गया है। लेकिन कांग्रेस सीएए के मुद्दे पर अल्पसंख्यकों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 1 माह में 100 से ज्यादा बच्चों की मौत का कारण क्या है? राजस्थान में 9 जिलों में टिड्डियों ने हमला करके लाखों हेक्टर भूमि में खड़ी फसल को चौपट कर दिया और किसान सम्मान निधि के दूसरे वर्ष के अंदर एक बार फिर गहलोत सरकार 12 हजार करोड़ रुपए कर्नाटक से जारी कर रही है उसमें राजस्थान के 60 प्रतिशत लोग पहले महरूम रहे और अब भी महरूम है। इन सब बातों पर ध्यान नहीं देकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बेतुके बयान दे रहे है। मुख्यमंत्री संविधान की शपथ लेकर मुख्यमंत्रीत्व का काम कर रहे हैं और वह उसी संविधान को तोड़ भी रहे हैं। संविधान में केंद्र सरकार आर्टिकल 11 के तहत कानून बनाने का अधिकारी जिसमें वेदर सिस्टम कॉन्स्टिट्यूशन का स्वरूप है। उसको चोट पहुंचाने का काम मुख्यमंत्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं भ्रांतियों को दूर करने के लिए देश के गृहमंत्री कल जोधपुर पहुंच रहे है। यहां आमजन को नागरिकता संशोधन बिल के बारे में फैली भ्रांतियों के कानून को लेकर दूर किया जाएगा।

## भेदियापंथी का इनाम!

*राष्ट्र में महाराष्ट्र और महाराष्ट्र में जो कुछ हो रहा है उसे राष्ट्र के साथ-साथ महाराष्ट्र वाले भी देख रहे है। एक तो घमासान और दूसरा भेदियागिरी का इनाम। हम ने तब कहा था। कई बार कहा था। चीख-चीख के कहा था। आज वह अक्षरस सच्चा और खरा साबित हो रहा है। शहर की एक हथाई पर आज इसी के चर्चे हो रहे थे।*

*जो है वह सब के सामने है। राष्ट्र में महाराष्ट्र आज-कल का तो है नहीं। शायद ऐसा भी नहीं कि पहले कोई दूसरा नाम हो फिर बदलकर दूसरा कर दिया गया हो। राष्ट्र में महाराष्ट्र कल भी था आरज भी है और भविष्य में भी रहेगा। अगर किसी ने महा से प्रेरणा ली होती तो कई स्थानों पर महा नजर आते। सिर्फ किसी के आगे महा लगाने भर से किसी का रूप-सिणगार नहीं बदल जाता। अगर कोई अपनी मरजी से ऐसा कर ले या मस्ती-मजाक में महा चस्पा कर ले, उसका तो कोई इलाज नहीं। हमने ऐसे-ऐसे येडे देख रखे है जिन्हें सूथण संभालना तक नहीं आता मगर नाम ज्ञानचंद। इमने धनीराम को भंगार लेते देखा। हमने धनराज को भीख मांगते देखा। बिग बी को सदी का महानायक यूं ही नही कहा जाता। उन्होने बॉलीवुड में पचास साल सेवाएं दी और आज भी सक्रिय है। नंदा-महानंदा यूं ही नहीं बनी। भारत में महाभारत यूं ही नहीं हुआ। नदी-महानदी खामखा नहीं बनी। हर महा के पीछे कोई ना कोई सॉलिड कारण रहा होगा वरना यहां-वहां भतेरे। कहां और जहां को भी ढूंढने की जरूरत नहीं। महा तेरी महिमा न्यारी। राष्ट्र में महाराष्ट्र है तो भी राज्य है और महाराष्ट्र राष्ट्र ममें है तो भी स्टेट है। वहां इन दिनों जो राजनीति हो रही है। देश देख रहा है। वहां पिछले दिनों जिस तरह की सियासत हुई। आखे देश ने देखा।*

*हथाईबाजों ने तब भी कहा था कि चाचा-भतीजा मिलीभगत की राजनीति कर रहे है। लिखा भी था कि वहां जो कुछ हुआ, वह चाचा की लिखी पटकथा है जिस पर भतीज बादशाह मंचन का रहे है। अब वह लिखावट सौ फीसदी खरी उतरती नजर आ रही है। भेदियापंथी का इनाम उस लिखाई को पुख्ता कर रहा है।*

*भेदियापंथी का इनाम के बारे में पढ़-सुन कर हैरत हो रही होगी। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। इसके अपने कारण है। अपने यहां भांत-भांत के इनाम, जिन की गिनती करना मुहाल है। एक-एक की गिनती करने बैठ गए तो पखवाड़ा गुजर जाएगा मगर खास-खास को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। इनाम क्यूं दिए जाते है, इस पर ज्यादा पत्रवाचन करने की जरूरत नहीं। पहला इनाम किसने दिया। किस को दिया। किस बात पर दिया इसका अधिकृत लेखाजोखा तो किसी के पास नहीं। इत्ता जरूर है कि इसकी शुरूआत हजारों-हजार साल पहले हुई थी और आज भी जारी है। आने वाले समय में भी चलती रहणी है।*





*इनाम अच्छे कार्यो के लिए प्रदान किए जात है। जितने भी क्षेत्र है उनमें जो बंदे उल्लेखनीय कार्य करते हैं उन्हें इनाम देकर नवाजा जाता है। उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। शिक्षा से लेकर खेल के क्षेत्र में। चिकित्सा से लेकर सफाई के क्षेत्र में। वीरता से लेकर शूरवीरता के क्षेत्र में। सामाजिक क्षेत्र से लेकर आर्थिक क्षेत्र में। साहित्य से लेकर रंगमंच के क्षेत्र में। हालीवुड से लेकर बॉलीवुड में। ज्ञान से लेकर विज्ञान के क्षेत्र में। ज्योतिष क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में। कानून के क्षेत्र से लेकर पुलिस और सैन्य क्षेत्र में। कुल जमा अपने यहां हर क्षेत्र में अच्छे और गौरतलब कार्य करने वालों को पुरस्कृत करने की परंपरा रही है। सियासी क्षेत्र में भी ऐसा होता है। फलांचंदजी को साल का सर्वश्रेष्ठ विधायक घोषित किया गया। ढीमकाचंदजी साल के सर्वश्रेष्ठ सांसद पुरस्कार के लिए चुने गए। यहां तो ठीक है। इसके आगे जहान और भी है। आज अपने सर्वश्रेष्ठ हुजूरचंदसा को पद देकर पुरस्कृत करते है। आलाकमान की चमचागिरी करने वालों को संगठन या सरकार में धांसू पद देकर नवाजा जाता है। अव्वल दर्जे के हाजरियों और कुलसेवकों को ओहदे प्रदान कर सम्मानित किया जाता रहा है। अब उसमें भेदियागिरी पुरस्कार भी शुमार हो गया लगता है। लगता क्या है शुमार हो ही गया। महाराष्ट्र में उसका लोकार्पण होते सबने देखा।*

*महाराष्ट्र में पिछले दिनों क्या हुआ और इन दिनों क्या हो रहा है उसे आखा देश देख रहा है। वहां पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनावों में किसी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला, हां भाजपा-शिवसेना गठबंधन को सरकार बनाने लायक सीटें जरूर मिल गई मगर शिवसेना द्वारा सीएम पद देने की जिद पर गठबंधन में दरार पड गई। इसका फायदा उठाकर एनसीपी और कांग्रेस ने शिवसेना को सीएम पद देकर भाजपा को सत्ता में आने से रोक दिया। इस से पहले हुए एक नाटकीय घटनाक्रम में एनसीपी नेता और शरद पवार के भतीजे अजित पवार भाजपा खेमे में चले गए। उनके बहकावे में आकर देवेन्द्र फडणवीस ने सीएम और अजित ने डीसीएम पद की शपथ भी ले ली। मगर जादुई आंकड़ा नहीं जुटा सके। नाटक दर नाटक के बाद फडणवीस को इस्तीफा देना पड़ गया उसके बाद एनसीपी और कांग्रेस की बैसाखी क सहारे शिवसेना के उद्धव ठाकरे सीएम बने।*

*अब वहां मंत्री पद और विभागों को लेकर जो सिर फुडाई हो रही है उसे राष्ट्र और महाराष्ट्र दोनों देख रहे है। वहां अजित पवार को डीसीएम का पद फिर दिए जाने से साफ है कि उनका भाजपा के साथ जाना पूर्व नियोजित था। अजित ने भेदियापंथी दिखाई उसका पुरस्कार मिल गया। इस भेदियागिरी को भी राष्ट्र और महाराष्ट्र दोनों देख रहे है। वाह री राजनीति... वाह रे राजनेता.. !*

## सात करोड़ 77 लाख रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण आज

### मुख्यमंत्री के सानिध्य में होगा कार्यक्रम

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गणेश मंदिर परिसर स्थित तालाब के सौन्दर्यकरण, म्यूजिकल फाउण्टेन, विकसित उद्यान तथा पार्किंग निर्माण आदि कार्यो का 3 जनवरी को शाम 6.30 बजे लोकार्पण करेंगे। जेडीए के आयुक्त मेघराज रतनू ने बताया कि रातानाड़ा गणेश मन्दिर परिसर स्थित तालाब के सौन्दर्यकरण, तालाब में म्यूजिकल फाउंटेन लगाने, उद्यान विकसित करने, पार्किंग निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों में लगभग 568 लाख व्यय किए गए है। प्राधिकरण द्वारा ही लगभग 58 लाख रूपए की लागत से गौशाला मैदान पर हाइड्रोथैरेपी पुल का निर्माण कार्य, रूपए 34 लाख की लागत से जेडीए चौराहें का विकास एवं सौन्दर्यकरण का कार्य, रूपए 42 लाख की लागत से सूचना केन्द्र में कॉन्फ्रेस रूम व प्रथम तल पर आर्ट गैलेरी में सिविल व विद्युतीकरण का कार्य, रूपए 37 लाख की राशि से मथुरादास माथुर चौराहें के विकास एवं सौन्दर्यकरण कार्यो का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा राज्य सरकार के निर्देश पर 25.53 करोड़ रूपए के विकास कार्य करवाएं जा रहे है। इसके तहत अमृत योजना ग्रीन स्पेस के अन्तर्गत उम्मेद उद्यान का विकास कार्य, मानसागर पार्क में म्यूजिकल फाउंटेन, विभिन्न स्थानों पर सड़कों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, सौन्दर्यकरण, विभिन्न स्थानों पर रखरखाव व मरम्मत कार्य, सीवरेज, सार्वजनिक पथ प्रकाश व्यवस्था सहित लगभग रूपए 25 करोड 53 लाख के विभिन्न विकास कार्यो का विवरण प्राधिकरण द्वारा सभा में प्रदर्शित किया जाएगा।

## उपभोक्ता का हित ही सर्वोपरि हैः सिंघवी

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक अविनाश सिंघवी ने गुरुवार को पाली वृत के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति डिस्कॉम का मुख्य ध्येय है।

उपभोक्ता का हित सर्वोपरि है। गुणवत्तापूर्ण बिजली निर्बाध रूप से मिले इसके लिए पूरे सार्थक प्रयास करने के निर्देश देते हुए प्रबंध निदेशक ने कहा कि अधिकारी समस्या लेकर आने वाले उपभोक्ता की बात अच्छी तरह सुने व उसके समाधान के लिए ठोस आश्वासन भी देवें। उन्होने कहा कि विद्युत कार्य करते समय कर्मचारी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने, विद्युत छीजत 10 प्रतिशत से कम करने, पुराने व खराब मीटर बदलने व जले ट्रांसफार्मर समय पर बदलने व फीडर मरम्मत कार्य पर जोर देने के निर्देश दिए। बैठक में संभागीय मुख्य अभियंता गोपाराम सीरवी व अधीक्षण अभियंता पाली वृत घनश्याम चौहान उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री सवा तीन करोड़ की राशि के उपकरण वितरित करेंगे

### 10 हजार से अधिक दिव्यागों में वितरण कार्यक्रम कल

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 4 जनवरी को दोपहर साढ़े बारह बजे उम्मेद राजकीय स्टेडियम में लगभग 10 हजार दिव्यांगजनों को अंग उपकरण वितरित करेंगे। एडीएम प्रथम मदनलाल नेहरा ने बताया कि जिला प्रशासन व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से होने वाले इस कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा स्थानीय विधयक कोष व सीएसआर मद से लगभग 3.50 करोड़ रूपये की राशि द्वारा दिव्यांगजनों के लिए उपकरण व्यवस्था की है। जिसमें विधायक मनीषा पंवार व मीना कंवर की अभिशंषा से 25-25 लाख रूपये, विधायक दिव्या मदेरणा, महेन्द्र विश्नोई, हीराराम मेघवाल व किशनाराम विश्नोई की अभिशंषा से 20-20 लाख रूपये की राशि के साथ अन्य संस्थाओं के सहयोग से लगभग 3 करोड 50 लाख रूपये की राशि द्वारा क्रय उपकरण वितरित किए जाएंगे।

**10 हजार से अधिक दिव्यांग होंगे लाभान्वित–** नेहरा ने बताया कि लोको मोटर दिव्यांगों के लिए 300 मोटराईज्ड ट्राइसाइकिल, 250 व्हील चेयर्स, 100 रोलकेयर, 300 ट्राईसाइकिल 250 नी ब्रेसकीट वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि श्रवण बाधितों के लिए एक हजार श्रवण यंत्र, लेप्रोसी से ग्रसित दिव्यांगों के लिए 500 एडीएल किट्स, एम आर दिव्यांगों के लिए 100 व्हील चेयर व 50 मल्टी सेन्सरींग इन्क्लूसिव एज्यूकेशन किट दृष्टि बाधितों के लिए स्मार्ट फोन के साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1500 चश्मे, 2650 छडिएं व 1200 ट्राइपोडस वितरित कर लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही जिन निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव कार्यक्रम है उन निर्वाचन क्षेत्रों के लाभार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया के बाद उपकरण वितरित किए जाएंगे।

## पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव आज से

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। तीसवां पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव-2020 तीन से 12 जनवरी को जोधपुर के रावण का चबूतरा मैदान पर आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन, जिला उद्योग केन्द्र, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान जयपुर तथा. नोडल एजेन्सी मरूधरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस उत्सव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तीन जनवरी को शाम पांच बजे इसका उद्घाटन करेंगे।

उत्सव संयोजक सुनील परिहार ने बताया कि अंतरराज्यीय स्तर के इस उत्सव की थीम राष्ट्रपति महात्मा गांधी की 150वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 75 वीं जयंती के उपलक्ष्य में खादी ग्रामोद्योग एवं तकनीकी क्रांति रखी गई है। इसे परिलक्षित करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं दूरसंचार क्रान्ति के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जीवन दर्शन पर आधारित महात्मा पेनोरामा एवं राजीव पेनोरामा का आर्कषक प्रदर्शन किया जाएगा। उत्सव के केन्द्रीय पांडाल में संबंधित थीम पर विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। उत्सव के प्रवेश द्वार के पास लगभग 14 फीट के संगीतमय चरखे का मॉडल प्रदर्शन किया जाएगा। इस बार 18 आधुनिक डोम एवं 150 टेन्टेज एवं 30 स्टॉल्स गांधी शिल्प जीवंत प्रदर्शन हेतु बनाई गई है जिसमें राजस्थान के लगभग सभी जिलों के अलावा विभिन्न राज्यों दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, पंजाब, पश्चिमी बंगाल एवं उत्तराखण्ड आदि के लघु कुटीर औद्योगिक व हस्तशिल्प इकाइयां भाग लेगी। आयोजन में ईपीसीएच के माध्यम से गांधी शिल्प बाजार का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न राज्यों के 70 हस्तशिल्पी एवं दस्तकार पारम्परिक कलाकृतियों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे। उत्सव- 2020 में केन्द्रीय पण्डाल को पर्यावरण के प्रति जागरुकता हेतु विशेष रुप से अनुपयोगी सामान (कबाड़) से सुसज्जित किया जा रहा है जिसमें अनेक उत्कृष्ट हस्तशिल्प कृतियां, औद्योगिक उत्पाद एवं दैनिक उपयोगी सामग्री का आकर्षक रूप से प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें आमजन की जानकारी के लिए औद्योगिक विद्युत, इलेक्ट्रिक, मेडिकल, सौर ऊर्जा, स्टोन, सीमेण्ट टाइल्स उत्पादों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय पण्डाल के बाहर दस्तकार/हस्तशिल्पी एवं बुनकरों द्वारा अपने हुनर के जीवन्त प्रदर्शन भी किया जाएगा जिसमें ग्लास आर्ट बुनकर, टाई एण्ड डाई, टेराकोटा, नारियल, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, शीप बोन, अर्गन पॉट्री के आइटम एवं पेन्टिग निर्माण आदि कलाओं का प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित है।


उत्सव-2020 के दौरान 20 डोम में 600 से अधिक स्टॉलों का निर्माण करवाया गया हव जिसमें 15 से अधिक राज्यों के उद्यमी/दस्तकार अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे। इसके अलावा केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों द्वारा इस आयोजन में भाग लेकर अपने स्टेक होल्डर को विपणन सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उत्सव का मुख्य आकर्षण (केन्द्रीय पाण्डाल) केन्द्रीय पाण्डाल

### मुख्यमंत्री गहलोत करेंगे उद्घाटन

केन्द्रीय पाण्डाल वह संरचना है जो अन्य आयोजित मेला से पथक करते हुए इसे विशेष पहचान प्रदान करता है। इस पाण्डाल में पश्चिमी राजस्थान के सक्ष्म लघ एवं मध्यम उद्यमों के साथ-साथ पारम्परिक दस्तकारी उत्पादों का अनुठा संग्रहालय सृजित किया जाता है।

उत्सव स्थल का मुख्य द्वार कल्पतरू सिनेमा के सामने गत वर्ष की भांति ही रखा जाएगा। रेजिडेन्सी रोड व पालरोड पर सहायक द्वार होंगे। रेजिडेन्सी रोड, कल्पतरू रोड एवं बरकतुल्ला खां स्टेडियम की तरफ तीन आपातकालीन द्वारों की व्यवस्था रहेगी। उत्सव स्थल पर दुपहिया वाहन स्टैंड के लिए रेजिडेन्सी रोड, पाल रोड व बरकतुल्ला खां स्टेडियम के अंदर एवं कार पार्किंग के लिए कल्पतरू रोड एवं बरकतुल्ला खां स्टेडियम के अंदर व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि उत्सव स्थल पर 24 घंटे आग से सुरक्षा के लिए दो फायर ब्रिगेड नगर निगम की ओर से उपलब्ध करवाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि मेले को आकर्षक बनाने के लिए पर्यटन विभाग, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, पश्चिमी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर एवं अन्य स्त्रोतों के माध्यम से प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा साथ ही अन्य राज्यों के पर्यटन विभागों के सौजन्य से कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां करवाने की कार्यवाही की जाएगी। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नोडल एजेन्सी एवं उनके द्वारा गठित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन समिति की होगी।









देहाती 'ठसक' से ओतप्रोत पश्चिमी राजस्थान का हस्तशिल्प-'पट्टू'। हाथों के हुनर का बेजोड़ उदाहरण, सर्दियों से बचाव का नायाब साधन। बाज़ारवाद ने हुनर और हस्तशिल्प दोनों को ही लील लिया।

## आचार्य मानचन्द्र मसा देवलोकगमन, महाप्रयाण यात्रा आज

जोधपुर, 2 जनवरी (कासं)। आचार्य हस्तीमलजी मसा के शिष्य तथा आचार्य प्रवर हीराचंदजी मसा के शासन सहयोगी उपाध्याय प्रवर मानचन्द्रजी मसा का आज शाम स्वर्गवास हो गया। उन्होने चौविहार प्रत्याख्यान के साथ समाधि ली।

उनकी अंतिम महाप्रयाण यात्रा शुक्रवार को सुबह 11 बजे शक्तिनगर गली नम्बर 6 स्थित सामायिक स्वाध्याय भवन से रवाना होकर पावटा, मेडती गेट, घंटाघर, सिरे बाजार होते हुए सिंवाची गेट स्वर्गाश्रम जाएगी। उनके स्वर्गवास पर अखिल भारतीय जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, अखिल भारतीय जैन रत्न श्राविका मंडल, अखिल भारतीय जैन रत्न युवक परिषद, जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, जैन रत्न श्राविका मंडल, जैन रत्न युवक परिषद के पदाधिकारियों सहित जैन समाज के गणमान्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मैसर्स जलतेदीप की ओर से मुद्रक प्रकाशक पदम मेहता द्वारा मेहता ऑफसेट प्रिंटर्स, मानजी का हत्था, पावटा, जोधपुर से मुद्रित तथा जलतेदीप कार्यालय, मानजी का हत्था, पावटा, जोधपुर द्वारा प्रकाशित। प्रधान संपादक : पदम मेहता फोन : 2546896 फैक्स : 2544896